

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़



लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 142 | शनिवार, 4 जुलाई 2026 | आषाढ़ माह कृष्ण पक्ष पंचम विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया


## संक्षिप्त समाचार

### आखिरकार राबड़ी देवी ने खाली किया बंगला

**पटना।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने आखिरकार 10, सर्कुलर रोड का सरकारी आवास गुरुवार 2 जुलाई को खाली कर दिया। हालांकि उन्होंने बंगले की चाभी नहीं सौंपी है। राबड़ी और लालू यादव कौटिल्य नगर के अपने आवास पर पहुंच गए हैं। साल 2006 में मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद 10, सर्कुलर रोड का आवास राबड़ी देवी को अलॉट हुआ था। इसके बाद बाद से लालू-राबड़ी परिवार यहां का हो गया और यह आवास राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का केंद्र बन गया था।

### पंजाब कांग्रेस में बदलाव पर तिवारी का छलका दर्द

**चंडीगढ़।** पंजाब में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने कई बदलाव किए हैं। इससे अंदरूनी कलह एक बार फिर सामने आ गई है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और चंडीगढ़ से सांसद मनीष तिवारी को कई समितियों से बाहर रखा गया है। जिसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी नाराजगी जाहिर की है। तिवारी ने साफ तौर पर कहा है कि उन्होंने अपनी जिंदगी के 45 साल इस पार्टी को दिए हैं, लेकिन आज कुछ लोगों की असुरक्षा की भावना के कारण ऐसा फैसला लिया गया है। चचाएं हैं कि तिवारी पार्टी छोड़ सकते हैं।

### आशा भोसले के नाम से दिया जाएगा जीवन गौरव पुरस्कार

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने लता मंगेशकर जीवन गौरव पुरस्कार की तर्ज पर ही अब संगीत के क्षेत्र में आशा भोसले जीवन गौरव पुरस्कार देने का बड़ा फैसला लिया है। यह एलान गुरुवार को सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार ने विधानसभा में किया। यह पुरस्कार उन कलाकारों को दिया जाएगा, जिन्होंने लंबे समय तक गायन और संगीत क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। इस पुरस्कार में चयनित पुरस्कार विजेता को 10 लाख रुपये नकद, एक शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार के लिए पात्रता की क्राइटेरिया तय करने और अवॉर्ड पाने वालों को चुनने के लिए गायन और संगीत क्षेत्र के विशेषज्ञों की एक समिति बनाई जाएगी। यह पुरस्कार हर साल 8 सितंबर के आस-पास आशा भोसले के जन्मदिन के मौके पर दिया जाएगा।

### सांसद जया बच्चन ने ममता बनर्जी से मुलाकात की

**कोलकाता।** विधानसभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस की हार के बाद विपक्ष के नए सिरे से एकजुट होने की चर्चा के बीच, समाजवादी पार्टी की राज्यसभा सदस्य जया बच्चन ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से उनके कालीघाट स्थित आवास पर मुलाकात की।

### नेवी ने लुटेरों का हमला किया नाकाम

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस त्रिकंड ने बुधवार रात अदन की खाड़ी में एक व्यापारी जहाज पर समुद्री लुटेरों के हमले की कोशिश नाकाम कर दी। जहाज पर एक भारतीय चालक दल का सदस्य भी मौजूद था और यह भारत के लिए महत्वपूर्ण कार्गो लेकर आ रहा था। नौसेना के पहुंचते ही समुद्री लुटेरे मौके से फरार हो गए। इसके बाद मार्कोस कमांडो ने जहाज पर चढ़कर उसे पूरी तरह सुरक्षित घोषित किया।

# 52 हजार करोड़ की मेगा रक्षा डील को मंजूरी, तीनों सेनाओं की ताकत होगी कई गुना

**थल सेना, नौसेना और वायु सेना के लिए आधुनिक हथियार, ड्रोन रोधी प्रणाली और निगरानी तकनीक शामिल**

- **रक्षा खरीद परिषद ने करीब 52 हजार करोड़ रुपये की रक्षा डील को मंजूरी दी**
- **थल सेना, नौसेना और वायु सेना को अत्याधुनिक हथियार और तकनीक मिलेगी**
- **ड्रोन रोधी प्रणाली, मिसाइल और निगरानी उपकरणों पर खास जोर**



**नई दिल्ली**

नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा खरीद परिषद (डिफेंस प्रोक्योरमेंट काउंसिल) की बैठक में देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बड़ा फैसला लिया गया। इस बैठक में करीब 52 हजार करोड़ रुपये की रक्षा खरीद योजनाओं को मंजूरी दी गई। इस डील का उद्देश्य भारतीय थल सेना, नौसेना और वायु सेना को आधुनिक तकनीक से लैस करना और देश की रक्षा क्षमता को कई गुना बढ़ाना है।

इस डील के तहत थल सेना को कई महत्वपूर्ण आधुनिक प्रणाली दी जाएंगी, जिनमें ड्रोन से सुरक्षा, टैंक-रोधी क्षमता और हवाई हमलों से बचाव पर खास फोकस है। इसमें प्रमुख रूप से 'आकाश तरंग' ड्रोन रोधी इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (एमपीएटीजीएम), मीडियम रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल (एमआरएसएएम), वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम (वी-एसएचओआरएडीएस), टैंकों के लिए एक्टिव प्रोटेक्शन सिस्टम और जेट आधारित कामिकाजे ड्रोन प्रणाली शामिल हैं। इन तकनीकों से सेना की मारक क्षमता और रक्षा क्षमता दोनों में बड़ा सुधार होगा। आधुनिक युद्ध में ड्रोन और हवाई हमलों से निपटने की क्षमता और मजबूत होगी।

वायु सेना के लिए हाई एल्टीट्यूड फिक्स्ड विंग प्स्यूडो सैटेलाइट (एफडब्ल्यू-एचएपीएस) जैसी तकनीक को मंजूरी दी गई है। यह प्लेटफॉर्म लंबे समय तक ऊंचाई पर उड़ान भरकर इंटेलिजेंस, सर्विलांस और टोही (आईएसआर) का काम करेगा। इससे सीमा क्षेत्रों पर लगातार निगरानी संभव होगी और किसी भी संदिग्ध गतिविधि का तुरंत पता लगाया जा सकेगा। इसके अलावा यह संचार और रिमोट सेंसिंग क्षमता को भी मजबूत करेगा।

करीब 52 हजार करोड़ रुपये की इस रक्षा डील का मुख्य उद्देश्य तीनों सेनाओं को आधुनिक युद्ध तकनीक से लैस करना है। सरकार का मानना है कि आज के समय में युद्ध केवल हथियारों का नहीं बल्कि तकनीक का भी है, इसलिए इस तरह की आधुनिक प्रणाली की जरूरत बढ़ गई है।

इस डील के बाद भारतीय सेना न केवल पारंपरिक युद्ध में बल्कि ड्रोन, साइबर और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर जैसे आधुनिक क्षेत्रों में भी मजबूत स्थिति में आ जाएगी।

करीब 52 हजार करोड़ रुपये की यह मेगा रक्षा डील भारत की रक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव लाने वाली है। इससे न केवल सेना, नौसेना और वायु सेना की ताकत बढ़ेगी, बल्कि देश की सुरक्षा प्रणाली भी पहले से कहीं अधिक आधुनिक और मजबूत हो जाएगी। सरकार का दावा है कि यह कदम भारत को वैश्विक स्तर पर एक मजबूत सैन्य शक्ति के रूप में और आगे ले जाएगा।

### नौसेना की समुद्री शक्ति होगी और मजबूत

नौसेना के लिए भी इस डील में कई अहम उपकरण शामिल किए गए हैं। इसमें मल्टी इन्फ्लुएंस ग्राउंड माइन (एमआईजीएम), नेवल शिपबोर्न अनमैन्ड एरियल सिस्टम (एनएसयूएएस) और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम की जांच के लिए लैंड बेस्ड टेस्टिंग फैसिलिटी (एलबीटीएफ) शामिल है। एमआइजीएम दुश्मन जहाजों की गतिविधियों को सीमित करने में मदद करेगा। एनएसयूएएस समुद्री निगरानी और स्थिति की बेहतर जानकारी उपलब्ध कराएगा। एलबीटीएफ नौसेना के इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम की टेस्टिंग और विकास को मजबूत करेगा, जिससे भविष्य में आधुनिक युद्धपोतों की क्षमता और बढ़ेगी।

### ड्रोन और टैंकों से निपटने की नई ताकत

आकाश तरंग प्रणाली सेना को दुश्मन के ड्रोन हमलों से सुरक्षा प्रदान करेगी। आज के युद्धों में ड्रोन एक बड़ा खतरा बन चुके हैं, ऐसे में यह प्रणाली बेहद महत्वपूर्ण है। एमपीएटीजीएम प्रणाली पैदल सेना को दुश्मन के टैंक और बख्तरबंद वाहनों को नष्ट करने की क्षमता देगी। एमआरएसएएम प्रणाली मध्यम दूरी तक हवाई खतरों को रोकने में सक्षम होगी। इसके अलावा वी-एसएचओआरएडीएस मल्टी-स्पेक्ट्रल सेंसर तकनीक के साथ काम करेगा, जिससे कम दूरी के हवाई हमलों को भी प्रभावी तरीके से रोका जा सकेगा।

# 'जो भी दोषी पाया जाए, उसे कड़ी सजा मिले': आरएसएस

**अयोध्या राम मंदिर के दान-पात्र चोरी मामले पर आरएसएस की पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया**

- **महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की**
- **मंदिर प्रबंधन में पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर**



**अयोध्या**

अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर के दान-पात्रों से कथित चोरी के मामले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आई है। संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इस मामले में जांच के दौरान जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाए, उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस घटना से करोड़ों राम भक्तों की आस्था और भावनाओं को गहरा आघात पहुंचा है।

आरएसएस महासचिव ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुरोध पर उत्तर प्रदेश सरकार ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। जांच एजेंसी अपनी रिपोर्ट के आधार पर कानूनी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाए, उसे बिना किसी भेदभाव के कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि यह घटना एक अपवाद के रूप में देखी जानी चाहिए और मंदिर प्रबंधन को अपनी व्यवस्था में मौजूद कमियों को दूर करने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि मंदिर में आर्थिक प्रबंधन, दान व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पूरी तरह पारदर्शी, जवाबदेह और व्यवस्थित होनी चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं का विश्वास और मजबूत हो।

### घटना को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि मंदिर के दान-पात्रों से चोरी की घटना केवल आर्थिक नुकसान का मामला नहीं है, बल्कि यह करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि इस घटना ने पूरे समाज और राम भक्तों को दुखी किया है। उन्होंने कहा कि मंदिर जैसी पवित्र जगह पर इस प्रकार की घटना बेहद निंदनीय है और इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

## पीठ पर लादकर छात्रा की वार्डन ने बचाई जान

**अमरावती**



आंध्र प्रदेश के पार्वतीपुरम मन्यम जिले से मानवता और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश करने वाली एक घटना सामने आई है। यहां आदिवासी कल्याण बालिका आश्रम विद्यालय की वार्डन हेमानी ने गंभीर रूप से बीमार छात्रा को अपनी पीठ पर लादकर करीब तीन किलोमीटर तक पथरीले और जंगली रास्ते से पैदल चलकर अस्पताल पहुंचाया। समय पर उपचार मिलने से छात्रा की जान बच गई। इस साहसिक बचाव का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद वार्डन की जमकर सराहना हो रही है। भद्रागिरी आदिवासी कल्याण बालिका आश्रम विद्यालय में सातवीं कक्षा में पढ़ने वाली 11 वर्षीय भुवनेश्वरी छुट्टियों के दौरान अपने गांव वडापुट्टी गई हुई थी। पिता के निधन के बाद वह अपने चाचा के साथ रहती है। इसी दौरान उसे तेज पेट दर्द, लगातार उल्टियां और तेज बुखार की शिकायत हुई। परिजन उसे पहले कुरुपम के सरकारी अस्पताल ले गए, लेकिन घर लौटने के बाद उसकी तबीयत फिर बिगड़ गई। गांव तक सड़क और परिवहन की सुविधा नहीं होने के कारण परिजनों ने विद्यालय प्रशासन को छात्रा की गंभीर स्थिति की जानकारी दी।

## ई-रिक्शा को बीच सड़क रोकने वाले चीनी ऐप्स होंगे बंद




### क्या है पूरा मामला?

यह मामला गुरुवार को तब चर्चा में आया जब ऐसी खबरें सामने आईं कि चीनी स्मार्टफोन ऐप BAT-BMS से जुड़े रिमोट शटडाउन फीचर के जरिए कुछ ई-रिक्शा को दूर से ही रोका जा रहा था। इन वीडियो ने इंटरनेट से जुड़े ऐसे व्हीकल मैनेजमेंट सिस्टम से साइबर सिक्योरिटी को होने वाले खतरों को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

**नई दिल्ली।** दिल्ली में ई-रिक्शा को दूर से रोकने वाले दो चीनी ऐप्स अब बंद होंगे। केंद्र सरकार ने इन ऐप्स को ऐप स्टोर से हटाने का आदेश दे दिया है। सरकार ने शुक्रवार को कहा कि उसे ऐसे तीन ऐप के बारे में पता चला था और उन्हें ऐप स्टोर से हटा दिया गया है। आईटी सेक्रेटरी एस. कृष्णन ने जोर देकर कहा कि ऐप स्टोर को पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले को उनके सामने उठाएगी ताकि यह पक्का किया जा सके कि नुकसान पहुंचाने वाले ऐप उपलब्ध न हों। इस मामले में कार्रवाई की पुष्टि करते हुए कृष्णन ने कहा, "यह सच है... कुछ ऐप हैं जिनके बारे में हमें कल पता चला और उन दोनों को ऐप स्टोर से हटा दिया गया है।" उन्होंने यह पुष्टि सीआईआई साइबर सिक्योरिटी समिट के दौरान की।

## बेंगलुरु डेकेयर में क्रूरता मामले में दो महिला केयरटेकर गिरफ्तार



**बेंगलुरु**

बेंगलुरु के डेकेयर सेंटर मासूम बच्चों के साथ क्रूरता मामले में अब एक बड़ी खबर सामने आ रही है। मासूम बच्चे को बेरहमी से प्रताड़ित करने और उसके साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। बेंगलुरु पुलिस कमिश्नर के मुताबिक, पकड़ी गई महिला इस मामले में दर्ज एफआईआर में दूसरी आरोपी है। डेकेयर सेंटर के भीतर का एक वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने फुटेज की बारीकी से जांच की, जिसके आधार पर इस महिला की पहचान की गई और उसे हिरासत में ले लिया गया। पुलिस अब आरोपी महिला को कोर्ट में पेश कर आगे की पूछताछ के लिए रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। बता दें कि यह पूरी घटना तब उजागर हुई जब सोशल मीडिया और पुलिस के पास डेकेयर सेंटर के अंदर का एक वीडियो सबूत के तौर पर पहुंचा। इस वीडियो में मासूम बच्चे के साथ की जा रही क्रूरता साफ देखी जा सकती थी। इस घटना पर कर्नाटक के गृहमंत्री प्रियांक खरगे ने गहरा दुख और कड़ा गुस्सा जताया है। उन्होंने इस हरकत को पूरी तरह से अस्वीकार्य बताते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# देश का पहला निजी ऑर्बिटल रॉकेट 'विक्रम-1' लॉन्च को तैयार

**12 जुलाई से 4 अगस्त के बीच पहली उड़ान संभव, छोटे उपग्रहों की लॉन्चिंग में भारत को मिलेगी नई रफ्तार**

### छोटे उपग्रहों की बढ़ती मांग का मिलेगा समाधान

दुनिया भर में छोटे उपग्रहों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इनका उपयोग मौसम पूर्वानुमान, इंटरनेट, संचार, कृषि, आपदा प्रबंधन, रक्षा और नेविगेशन जैसी सेवाओं में किया जा रहा है। हालांकि सबसे बड़ी चुनौती समय पर इन्हें अंतरिक्ष में पहुंचाने की है।



**हैदराबाद**

भारत का पहला निजी ऑर्बिटल रॉकेट 'विक्रम-1' अब अंतरिक्ष की उड़ान भरने के लिए तैयार है। निजी अंतरिक्ष कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस ने इसकी पहली परीक्षण उड़ान के लिए 12 जुलाई से 4 अगस्त तक की लॉन्च विंडो घोषित की है। इस मिशन की सफलता भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इसके जरिए छोटे उपग्रहों को कम समय और कम लागत में उनकी निर्धारित कक्षा तक पहुंचाया जा सकेगा, जिससे देश की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को नई गति मिलने की उम्मीद है। स्काईरूट की तुलना अक्सर अमेरिकी कंपनी स्पेसएक्स से की जाती है, लेकिन पवन कुमार चंदाना का कहना है कि दोनों का कार्य मॉडल अलग है। उन्होंने इसे सरल उदाहरण से समझाते हुए कहा कि स्पेसएक्स का मॉडल ट्रेन की तरह है, जो तय समय पर तय मार्ग पर चलती है, जबकि विक्रम-1 कैब की तरह काम करेगा। यानी ग्राहक की जरूरत के अनुसार उपग्रह को इच्छित समय और निर्धारित कक्षा में पहुंचाया जा सकेगा। आने वाले वर्षों में इस प्रकार की मांग आधारित प्रक्षेपण सेवा की मांग तेजी से बढ़ने की संभावना है।

### भारत के निजी अंतरिक्ष अभियान की नई शुरूआत

स्काईरूट एयरोस्पेस द्वारा विकसित 'विक्रम-1' भारत का पहला निजी ऑर्बिटल रॉकेट है। अब तक देश में उपग्रह प्रक्षेपण का अधिकांश कार्य भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) करता रहा है, लेकिन विक्रम-1 के सफल होने के बाद निजी कंपनियां भी नियमित रूप से उपग्रहों का प्रक्षेपण कर सकेंगी। स्काईरूट के संस्थापक पवन कुमार चंदाना, जो पहले इसरो में वैज्ञानिक रह चुके हैं, का कहना है कि यह केवल एक रॉकेट नहीं बल्कि भारत के निजी अंतरिक्ष उद्योग के नए दौर की शुरूआत है। पवन कुमार चंदाना के अनुसार वर्तमान समय में कई उपग्रह तैयार होने के बावजूद उन्हें प्रक्षेपण के लिए महीनों या कई बार वर्षों तक इंतजार करना पड़ता है। विक्रम-1 इसी समस्या का समाधान करेगा और आवश्यकता के अनुसार समय पर प्रक्षेपण की सुविधा उपलब्ध कराएगा।

# बंटवारे के समय भारत आए लोग शरणार्थी नहीं, योद्धा थे: भागवत

**नागपुर**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा है कि 1947 के बंटवारे के बाद भारत आए लोग शरणार्थी नहीं थे, बल्कि संघर्ष करने वाले योद्धा थे, जिन्होंने अपनी मातृभूमि और धर्म के प्रति प्रेम के कारण भारी कठिनाइयों और दर्द का सामना किया। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने नए बने पाकिस्तान में कई पीढ़ियों से बनाई और बढ़ाई गई अपनी संपत्ति, जमीन और कारोबार को पीछे छोड़ दिया और भारत आना चुना।

डॉ. भागवत ने यह बात नागपुर में सिंधी समुदाय द्वारा चलाए जा रहे संगठन 'सिंधु एजुकेशन सोसाइटी' के 75वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि विभाजन के बाद लोगों ने सोच-समझकर सीमा पार से भारत आने का फैसला किया, क्योंकि वे भारत भूमि में रहना चाहते थे, जहां वे बिना भय के अपने धर्म का पालन कर सकें।

उन्होंने कहा कि यद्यपि वे विस्थापित हुए थे, लेकिन वे शरणार्थी नहीं थे, उस समय उनके लिए 'शरणार्थी' शब्द का इस्तेमाल करना गलत था। वे मातृभूमि और अपने धर्म के प्रति प्रेम के कारण संघर्ष करने वाले योद्धा थे। वे उस लड़ाई में केवल अपनी गलतियों के कारण नहीं हारे थे।



# बद्रीनाथ-केदारनाथ के रास्ते में पत्थर गिरे, मुंबई में भारी बारिश

**नई दिल्ली**

उत्तराखंड में मानसून के बाद भारी बारिश जारी है। गुरुवार को रुद्रप्रयाग, चमोली समेत कई जिलों में भूस्खलन से सड़कें बंद हो गई हैं। बद्रीनाथ और केदारनाथ हाईवे पर लगातार पत्थर गिर रहे हैं। सुरक्षा के चलते केदारनाथ यात्रा फिलहाल रोक दी गई है। महाराष्ट्र में भी तेज बारिश जारी है। मुंबई, ठाणे, पालघर और रायगढ़ में रेड अलर्ट है। मुंबई में पिछले 24 घंटे में 172एमएम बारिश हुई है। इधर, मध्य प्रदेश के इंदौर में बारिश में कार नाले में गिर गई। सीहोर में बारिश के तेज बहाव में बाइक भी बह गई। बृहन्मुंबई म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन ने लोगों को समुद्र से दूर रहने की सलाह दी गई है। तेज बारिश के बीच गुरुवार को साकीनाका इलाके में एक शख्स की खुले मैनहोल में गिरने से मौत हो गई। मानसून ने गुरुवार को 7 दिन की देरी से राजस्थान और 5 दिन की देरी से दिल्ली में एंट्री ली। दिल्ली में गुरुवार की सुबह से ही तेज बारिश हो रही है। राजस्थान के जयपुर-दौसा समेत 25 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। 3 जुलाई को छत्तीसगढ़, तेलंगाना, ओडिशा, केरलम, गोवा, तमिलनाडु, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, सिक्किम में भारी बारिश की संभावना है।

### 15 राज्यों में बारिश-आंधी की चेतावनी

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक देश के 15 राज्यों यूपी, बिहार, दिल्ली, झारखंड, हिमाचल, पंजाब, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और केरल में भारी बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 80 से लेकर 85 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से आंधी चलने की संभावना है। वहीं, कई राज्यों में तापमान में 5 डिग्री तक की कमी देखने को मिल सकती है।

# पूर्व डीएमके मंत्री अनीता राधाकृष्णन गिरफ्तार

**सीएम विजय पर की थी अमर्यादित टिप्पणी**



**चेन्नई**

मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक और अमर्यादित भाषण देने के मामले में पूर्व डीएमके मंत्री और मौजूदा विधायक अनिता आर. राधाकृष्णन को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है।

यह गिरफ्तारी मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने के तुरंत बाद हुई। पुलिस ने राधाकृष्णन को उस समय हिरासत में लिया जब वे अपने निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करने गए थे। गिरफ्तारी के दौरान वहां बड़ी संख्या में उनके समर्थक इकट्ठा हो गए और पुलिसिया कार्रवाई के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

गौरतलब है कि अनिता राधाकृष्णन ने गिरफ्तारी से बचने के लिए मद्रास हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। लेकिन जस्टिस जी. के. इलंदिरैयान ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने मौखिक रूप से सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि विधायक होने के नाते राधाकृष्णन को सार्वजनिक मंच से इस तरह के अमर्यादित बयान बिल्कुल नहीं देने चाहिए थे।

### क्या है पूरा मामला?

बता दें कि तिरुचेंदूर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले डीएमके विधायक अनीता राधाकृष्णन ने बीते 20 जून को एक जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री के खिलाफ कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं। इसके बाद सत्तारूढ़ दल टीवीके ने पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। राधाकृष्णन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) और धारा 353 (2) (सार्वजनिक रूप से शरारत पैदा करने वाले बयान देना) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

**बेंगलुरू के दक्षिण तालुक में भीषण हादसा | वाहन पूरी तरह चकनाचूर हो गए**

# खदान में चट्टान गिरने से आठ मजदूरों की मौत

**बेंगलुरू**



बेंगलुरु के दक्षिण तालुक में गुरुवार को पत्थर की एक खदान में विशाल चट्टान गिरने से आठ मजदूरों की मौत हो गई। इनमें अधिकांश बिहार के निवासी थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह हादसा तड़के बेंगलुरु शहर और बेंगलुरु दक्षिण जिले की सीमा पर स्थित मदापट्टन में हुआ। इस हादसे में घायल हुए लोगों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। घटनास्थल पर मौजूद एक श्रमिक ने बताया कि वहां बिहार और उत्तरी कर्नाटक के लगभग 18 कर्मचारी काम कर रहे थे। तभी करीब 40 फुट की ऊंचाई से एक विशाल चट्टान श्रमिकों पर आ गिरी।

### चीख-पुकार से पूरे इलाके में मातम

दुर्घटना की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है वहां मौजूद वाहन पूरी तरह चकनाचूर हो गए और एक ट्रैक्टर के पुर्जे-पुर्जे बिखर गए। मृतकों और घायलों के परिजनों तथा परिचितों की चीख-पुकार से इलाके में मातम छा गया। चट्टान गिरने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

# देर रात के अंधेरे में थाने पहुंच गए एसपी सिटी, सीबीगंज की कार्यशैली परखी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर की कानून-व्यवस्था और थाना स्तर पर हो रहे कार्यों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए एसपी सिटी मानुष पारीक ने गुरुवार देर रात सीबीगंज थाना का औचक निरीक्षण किया। बिना किसी पूर्व सूचना के थाने पहुंचे एसपी सिटी ने सबसे पहले जनसुनवाई व्यवस्था का जायजा लिया और फरियादियों से जुड़े मामलों की प्रगति के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि संवेदनशील और महिला अपराध से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी ने महिला अपराधों से संबंधित दर्ज मुकदमों, लंबित विवेचनाओं और उनके निस्तारण की स्थिति को बारीकी से परखा। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई के साथ-साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाया जाए, ताकि पीड़ित को समय पर न्याय मिल सके। एसपी सिटी ने थाने में रखे विभिन्न रजिस्टरों और अभिलेखों की एक-एक कर जांच की। कई रिकॉर्ड मौके पर खुलवाकर देखे गए और उनके रखरखाव को लेकर सवाल-जवाब किए गए। उन्होंने साफ निर्देश दिए कि सभी अभिलेख पूरी तरह अद्यतन रहें और किसी भी प्रविष्टि में देरी या लापरवाही न हो। थाने की कार्यप्रणाली को चुस्त-दुरुस्त रखने पर विशेष जोर दिया गया। निरीक्षण के क्रम में एसपी सिटी ने हवालात का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाएं देखीं। इसके बाद कंप्यूटर कक्ष पहुंचकर ऑनलाइन रिकॉर्ड, तकनीकी कार्यों और डिजिटल एंट्री की स्थिति की जानकारी ली। महिला हेल्प डेस्क पर पहुंचकर उन्होंने वहां आने वाली शिकायतों के निस्तारण और महिलाओं के साथ पुलिस कर्मियों के व्यवहार को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए। एसपी सिटी ने सीबीगंज इंस्पेक्टर प्रदीम कुमार चतुर्वेदी सहित थाने पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने लंबित विवेचनाओं को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से निस्तारित करने, जनसुनवाई को गंभीरता से लेने और रिकॉर्ड को हमेशा अपडेट रखने के निर्देश दिए। साथ ही थाना स्तर पर जवाबदेही तय करने और नियमित मॉनिटरिंग पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान थाने पर तैनात पुलिसकर्मियों की उपस्थिति की भी मौके पर जांच की गई। एसपी सिटी ने ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों से बातचीत कर उनकी जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी ली और अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाने की कार्यप्रणाली ऐसी होनी चाहिए कि हर फरियादी को समय पर सुनवाई मिले और प्रत्येक शिकायत पर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।



एसपी सिटी मानुष पारीक सीबीगंज थाना का निरीक्षण करते। -जागरण मोर्चा

- **जनसुनवाई, महिला अपराध और लंबित विवेचनाओं पर सख्त रुख, रिकॉर्ड अपडेट रखने के निर्देश**

## सार संक्षेप

### बरेली में 4 जुलाई के स्थान पर अब 6 जुलाई को आयोजित होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस

**बरेली।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा ( UPTET ) 2026 के चलते बरेली में 4 जुलाई को होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस अब 6 जुलाई 2026, सोमवार को किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी प्रशासन /नोडल अधिकारी, सम्पूर्ण समाधान दिवस द्वारा जानकारी दी गयी है कि UPTET 2026 की परीक्षा 2, 3 और 4 जुलाई को प्रस्तावित है। इसी को देखते हुए शासन के निर्देश पर 4 जुलाई शनिवार को होने वाला समाधान दिवस स्थगित किया गया है। इसके स्थान पर 6 जुलाई दिन सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा।

### बारिश ने बदला शहर का मिजाज, गर्मी से बरेली को मिली बड़ी राहत



झमाझम बारिश से मिली राहत। -जागरण मोर्चा

**बरेली।** शुक्रवार को मौसम ने अचानक ऐसा रुख बदला कि लोगों को भीषण गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिल गई। दोपहर होते-होते आसमान में घने काले बादल छा गए और कुछ ही देर में झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश के साथ चली ठंडी हवाओं ने शहर का तापमान नीचे गिरा दिया और माहौल पूरी तरह खुशनुमा हो गया। कई दिनों से तेज धूप और उमस भरी गर्मी से लोग परेशान थे। शुक्रवार को जैसे ही बारिश शुरू हुई, लोगों ने राहत की सांस ली। शहर के अलग-अलग इलाकों में अच्छी बारिश दर्ज की गई, जिससे वातावरण में ताजगी महसूस की गई। सड़कों, बाजारों और गलियों में ठंडक का अहसास साफ नजर आया। बारिश के दौरान कई लोग घरों और दुकानों के बाहर खड़े होकर मौसम का आनंद लेते दिखाई दिए। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। तेज धूप के बाद अचानक बदले मौसम ने लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। बारिश के बाद बरेली का पूरा माहौल बदल गया। उमस से भरा वातावरण ठंडी हवाओं में तब्दील हो गया। मौसम के इस बदलाव से न केवल लोगों को राहत मिली, बल्कि शहर में एक बार फिर सुकून भरा अहसास लौट आया। लोगों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में भी मौसम ऐसा ही मेहरबान बना रहेगा।

### बरेली मंडल उभरता औद्योगिक और लॉजिस्टिक हब

**बरेली।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ( आईआईए ) और यूपीसीडा की संयुक्त पहल पर आयोजित उद्योग संवाद में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच औद्योगिक सहयोग को नई दिशा देने की रणनीति पर चर्चा हुई। उद्योग जगत ने इस पहल से 25 सौ करोड़ से अधिक के संभावित निवेश, नए औद्योगिक क्षेत्रों के विकास, रोजगार सृजन और निर्यात वृद्धि की उम्मीद जताई। कार्यक्रम में बरेली मंडल को भविष्य का प्रमुख औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक हब बताया गया। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ( आईआईए ) और यूपी स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी ( यूपीसीडा ) ने उत्तराखंड के रुद्रपुर के एक होटल में बुधवार रात यूपी एवं उत्तराखंड में उद्योगों के मध्य रणनीतिक क्रॉस-इन्वेस्टमेंट के माध्यम से राष्ट्रीय निर्यात वृद्धि विषय पर संवाद का आयोजन किया। आईआईए के अध्यक्ष दिनेश गोयल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के 125 से अधिक उद्योगपतियों, निर्यातकों और औद्योगिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संवाद का मुख्य उद्देश्य दोनों राज्यों के बीच निवेश, तकनीकी साझेदारी, वेंडर डेवलपमेंट, सप्लाई चेन सुदृढ़ीकरण और निर्यात को बढ़ावा देना था।

# बरेली के रंगमंच को राष्ट्रीय पहचान स्पर्श पटेल का एनएसडी में चयन

## यूथ वेलफेयर ने किया सम्मान, कहा- युवाओं के लिए बने प्रेरणा स्रोत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली के युवा रंगकर्मी स्पर्श पटेल के प्रतिष्ठित नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी), दिल्ली में चयन पर शहर के रंगमंच जगत में खुशी की लहर है। इस उपलब्धि पर यूथ वेलफेयर के अध्यक्ष गोविंद सैनी ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे जनपद और स्थानीय रंगमंच के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि स्पर्श पटेल ने अपनी प्रतिभा, कठिन परिश्रम और रंगमंच के प्रति निरंतर समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनका चयन बरेली के रंगकर्मियों और अभिनय के क्षेत्र में आगे बढ़ने का सपना देखने वाले युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। यह सिद्ध करता है कि लगन और सतत प्रयास से राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बनाई जा सकती है।इस अवसर पर यूथ वेलफेयर संस्था के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों द्वारा स्पर्श पटेल को पगड़ी, शॉल, पटका, प्रतीक चिन्ह, फूलों की माला, महात्मा ज्योतिबा फुले व माता सावित्रीबाई फुले का चित्र तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया गया कि वे अपनी अभिनय प्रतिभा से बरेली और देश का नाम रोशन करेंगे।

स्पर्श पटेल के पिता विजय बाबू कनौजिया और माता विनीता पटेल को भी संस्था की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले का चित्र स्मृति स्वरूप भेंट किया गया। संस्था के उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी पवन कालरा ने कहा कि यूथ वेलफेयर कला, साहित्य और भारतीय संस्कृति को समर्पित संस्था है तथा ऐसे रंगकर्मियों और कलाकारों को सम्मानित करती रहेगी, जो बरेली का नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करें। कार्यक्रम में जगदीश शाक्य, ओमपाल प्रजापति और शिवम प्रजापति प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



युवा रंगकर्मी स्पर्श पटेल को सम्मानित करते हुए। -जागरण मोर्चा



# 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत आम के पौधों का वितरण, विद्यालय में हुआ आम भंडारा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** बहेड़ी रेंज के अंतर्गत विकास खंड दमखोदा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय कथरा में वन महोत्सव के अंतर्गत "एक पेड़ माँ के नाम" एवं "आम बहार-आपके द्वार" अभियान के तहत वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में वन विभाग से एस एस चौहान तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रियंका यादव, शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं ने संयुक्त रूप से आम का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके उपरांत विद्यालय परिसर में आम भंडारे का आयोजन किया गया तथा उपस्थित लोगों को "आम बहार-आपके द्वार" अभियान के अंतर्गत आम के पौधे वितरित किए गए।

इस अवसर पर प्रधानाचार्या ने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं अन्य उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण बनाने का संकल्प लिया।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा

बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊर्जावान पत्रकार!

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊर्जावान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।

संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857

मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक

कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।





# डीएम ने की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आज पी0एम0 सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जिन बैंकों में लोन स्वीकृत करने की समस्या है इस समस्या का निदान करते हुए अधिक से अधिक संख्या में लोन स्वीकृत किया जाए। जिन बैंक की लोन स्वीकृत की पेंडेंसी अधिक है उसे शीघ्र निस्तारित करें और कोई भी फाइल अधिक समय तक पेंडिंग में ना रखी जाए। बैठक में निर्देश दिए गए कि पीएम सूर्य घर योजना के अन्तर्गत तहसील तथा विकासखण्ड स्तर पर कैंप लगाये जाएं, जिससे अधिक से अधिक लोग अपना रजिस्ट्रेशन करा सके। बैठक में उन्होंने समस्त बैंकर्स को निर्देश देते हुए कहा कि आप लोग जिस वेंडर्स का लोन रिजेक्ट करें उसे उसका कारण अवश्य बताएं व वेंडर्स के साथ अच्छा व्यवहार करें तथा प्रयास करें कि पीएम सूर्य घर तथा सी.एम. युवा योजना में ऋण के आवेदन लंबित ना रहे। बैठक में जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी, जिला पूर्ति अधिकारी मनीष सिंह, पी.ओ नेडा सहित समस्त बैंकर्स उपस्थित रहे।



विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह। -जागरण मोर्चा

# एमजेपीआरयू के कृषि संकाय को मिलेगा नया भवन, तीसरे सप्ताह संभावित लोकार्पण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शैक्षणिक सत्र 2026-27 से आधुनिक भवन में शुरू होगी बीएससी-एमएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई**

**बरेली।** महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय (एमजेपीआरयू) के कृषि संकाय के लिए इसी माह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ने जा रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कृषि संकाय के नवनिर्मित अत्याधुनिक भवन का औपचारिक लोकार्पण अगस्त के तीसरे सप्ताह में किए जाने की संभावना जताई है। यह लोकार्पण शैक्षणिक सत्र 2026-27 की औपचारिक शुरुआत से पूर्व प्रस्तावित है, जिसके बाद बी.एससी. एग्रीकल्चर और एम.एससी. एग्रीकल्चर के नए बैचों की नियमित पढ़ाई नए भवन में शुरू होगी। उल्लेखनीय है कि कृषि संकाय की कक्षाएं विश्वविद्यालय परिसर में एक वर्ष पूर्व ही आरंभ हो चुकी थीं, लेकिन अब छात्रों को एक समर्पित और सुविधासंपन्न भवन में अध्ययन का अवसर मिलेगा। लोकार्पण को लेकर कृषि संकाय भवन परिसर में साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। हाल ही में आई आंधी से गिरे पेड़ों और टूटी शाखाओं को हटाकर परिसर को व्यवस्थित किया जा रहा है। साथ ही ऊपरी तल पर स्थित कक्षाओं का भी सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। कृषि संकाय के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार ने बताया कि नए भवन में आधुनिक कक्षाएं और प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं, जहां 'लर्निंग बाय डूइंग' मॉडल पर आधारित शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सत्र 2026-27 से कीट विज्ञान और पादप रोग विज्ञान में एम.एससी. की पढ़ाई भी शुरू की जा रही है। कुलपति के. पी. सिंह ने कहा कि यह भवन पश्चिमी उत्तर प्रदेश के छात्रों के लिए कृषि शिक्षा को और सुलभ बनाएगा। फिलहाल विश्वविद्यालय में बी.एससी. और एम.एससी. एग्रीकल्चर में प्रवेश प्रक्रिया जारी है।

# कार्यालय तहसीलदार बहेड़ी बरेली

पत्रांक : 2430 /रा०नि०कार्या०-ग्राम समाज-2026 दिनांक : 03.07.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील बहेड़ी के अन्तर्गत आने वाले निम्नलिखित ग्रामो के तालाव 10 वर्ष के लिये मत्स्य पालन पट्टा आवंटन हेतु शिविर का आयोजन दिनांक 13.07.2026 को तहसील सभागार में किया जायेगा। तालाव के 10 वर्ष मत्स्य पालन पट्टा हेतु इच्छुक व्यक्ति शिविर में पातः 10.00 बजे से अपराहन 2.00 बजे तक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करेंगे। इच्छुक पात्र व्यक्ति खसरा, खतौनी, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र (विज्ञप्ति की तिथि से 6 माह पुराना न हो) प्रार्थना पत्र के साथ नियत तिथि समय स्थान पर उपस्थित होकर आवंटन की कार्यवाही में भाग लेने हेतु उपस्थित हो। सर्वाधिक बोली दाता को नीलामी के उपरान्त तत्काल 1 वर्ष का लगान 100% भाग जमा करना होगा शेष वर्षों का लगान प्रत्येक वर्ष का लगान ससमय जमा करना होगा। पट्टा स्वीकृति/अस्वीकृत्ति का पूर्ण अधिकार उपजिलाधिकारी तहसील बहेड़ी जनपद बरेली का होगा। विज्ञप्ति में त्रुटी होने पर आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

| क्र0सं0 | ग्राम का नाम | गाटा संख्या | रकवा (हे0) में | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बहादुरगंज | 1626<br>1628 | 0.316<br>0.481 | - |
| 2 | पखुरनी | 73 | 0.266 | - |
| 3 | भदरक | 333<br>331<br>85 | 0.291<br>0.683<br>0.392 | - |
| 4 | गोरीखेड़ा | 127 | 0.683 | - |
| 5 | खिरनी | 545 | 0.221 | - |
| 6 | आखा | 225 | 0.562 | - |
| 7 | पचुआ | 156ख | 0.392 | - |
| 8 | खुटिया | 209 | 4.098 | - |
| 9 | डांडी अभयचन्द | 80 | 0.991 | - |
| 10 | नरकुन्डा | 24/1 | 0.974 | - |
| 11 | भूला नवीपुर | 25 | 0.569 | - |
| 12 | बंजरिया | 809 | 0.882 | - |
| 13 | जवाहरपुर | 141<br>38 | 0.304<br>0.354 | - |
| 14 | ठिरिया नथमल | 297 | 0.266 | - |
| 15 | भौना | 135/2<br>163 | 0.885<br>0.240 | - |

तहसीलदार
बहेड़ी बरेली

**तैयारी** 21 से 23 अगस्त तक नई दिल्ली में आयोजन, बरेली के 37 केस सूचीबद्ध

# सुप्रीम कोर्ट का 'समाधान समारोह-2026', अगस्त में विशेष लोक अदालत से सुलझेंगे पुराने मामले

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** यदि आपका कोई मामला सुप्रीम कोर्ट में वर्षों से लंबित है, तो उसे आपसी सहमति से निपटाने का एक अहम मौका सामने आ रहा है। सर्वोच्च न्यायालय की ओर से 'समाधान समारोह-2026' के तहत 21, 22 और 23 अगस्त को नई दिल्ली स्थित सुप्रीम कोर्ट परिसर में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य लंबित मामलों का सौहार्दपूर्ण और त्वरित निस्तारण कर आमजन को शीघ्र न्याय उपलब्ध कराना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली की सचिव जया प्रियदर्शिनी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट से प्राप्त सूची के आधार पर बरेली जनपद के कुल 37 लंबित मामलों को इस विशेष लोक अदालत के लिए चिन्हित किया गया है। इन मामलों से जुड़े पक्षकारों को नोटिस भेजे जा रहे हैं, ताकि वे तय तिथियों पर उपस्थित होकर आपसी सहमति के आधार पर विवाद का समाधान करा सकें। उन्होंने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य न्यायालयों पर लंबित मामलों का बोझ कम करना और पक्षकारों को लंबी व खर्चीली कानूनी प्रक्रिया से राहत दिलाना है। लोक अदालत के माध्यम से मामलों का निस्तारण होने पर समय और धन दोनों की बचत होगी, साथ ही आपसी समझौते से विवाद का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा। सचिव ने जानकारी दी कि यदि किसी व्यक्ति का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है और वह इस योजना के दायरे में आता है, तो वह समझौते के आधार पर निस्तारण के लिए ऑनलाइन आवेदन भी कर सकता है। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर "Samadhan Samaroh 2026" अथवा लोक अदालत से संबंधित लिंक के माध्यम से आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने पात्र पक्षकारों से अपील की कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और आपसी सहमति से अपने मामलों का शीघ्र निस्तारण कराएं।



# ग्रीन पार्क में अधिवक्ता दंपत्ति पर जानलेवा हमला

**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र की ग्रीन पार्क कालोनी में वरिष्ठ अधिवक्ता उमंग रावत और उनकी पत्नी दीप्ति सक्सेना एडवोकेट को पड़ोसी पर पड़ोसी ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में अधिवक्ता दंपत्ति लहूलुहान हो गए। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना से बार एसोसिएशन गुस्से में है और पदाधिकारियों ने दोषी के खिलाफ कठोर एक्शन की मांग उठाई है। ग्रीन पार्क के रहने वाले उमंग रावत सीनियर एडवोकेट हैं। उनकी पत्नी दीप्ति सक्सेना भी अधिवक्ता हैं और बार एसोएसिएशन की वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य हैं। हमले में लहूलुहान हुए उमंग रावत एडवोकेट ने पुलिस को बताया कि उनका पड़ोसी आए दिन गलत भाषा का इस्तेमाल करता है। बुधवार को वह पत्नी के साथ शिकायत करने गए थे। इसी दौरान पड़ोसी ने धारदार हथियार से दोनों पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में वह दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। अधिवक्ता दंपत्ति के साथ हुई हमले की घटना ने बरेली बार एसोएसिशन को गुस्से में ला दिया है।

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर–
7906815587, 9758444242

## एक नजर

### अखिलेश यादव के जन्मदिन पर बांटा शरबत

**शाहबाद।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन विधानसभा 38 के ग्राम सराय महेश में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजवादी नेता रामबहादुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी अम्बेडकर वाहिनी रोहित सागर, जुनैद पाशा, आमिल खान, आकाश यादव, शाहरुख, सुरजीत, और अमन मौजूद रहे।

# करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

## अजीमनगर थाना क्षेत्र का मामला, हादसे के बाद मृतक के परिवार में मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नौरंगपुर निवासी एक मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। घटना बगी में स्थित आरा मशीन पर हुई। जहां वह रोजाना की तरह मजदूरी करने गया था। इस हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मिली जानकारी के अनुसार, नौरंगपुर निवासी वेदप्रकाश (40 वर्ष) बगी में स्थित एक आरा मशीन पर मजदूरी का काम करता था। रोज की तरह वह सुबह अपने काम पर पहुंचा। जैसे ही वह लकड़ी काटने के आरा मशीन के पास काम करने के लिए खड़ा हुआ, तभी मशीन में अचानक तेज करंट उतर आया। इससे पहले कि



फाइल फोटो मृतक मुजाहिद मियां।

वेदप्रकाश कुछ समझ पाता या खुद को संभाल पाता, आरे में आ रहे हाई-वोल्टेज करंट ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।करंट का झटका इतना जोरदार था कि वेदप्रकाश मौके पर ही अचेत होकर गिर गया। आस-पास मौजूद अन्य मजदूर तुरंत उसे बचाने के लिए दौड़े और आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### सड़क हादसे में महिला की मौत, चार बच्चों के सिर से उठा मां का साया

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव सेमरा लाडपुर निवासी एक महिला की में सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। महिला अपने पीछे चार छोटे–छोटे बच्चों को छोड़ गई है। मां की मौत से बच्चों का रो–रोकर बुरा हाल है। सेमरा लाडपुर निवासी अखलाक की पत्नी रेशमा (35) किसी रिश्तेदार का हालचाल जानने के लिए के एक अस्पताल गई थीं। बताया जाता है कि वापस लौटने के दौरान रामपुर के एलआईसी चौराहे के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट आई।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। परिजनों ने किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं कराई और महिला के शव को अपने गांव सेमरा लाडपुर ले आए।रेशमा की असामयिक मौत से गांव में शोक की लहर है। घर पर मातम पसरा हुआ है। महिला अपने पीछे चार छोटे–छोटे बच्चों को छोड़ गई हैं, जिनके सिर से मां का साया उठ गया। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

### शरीर में इन्फेक्शन फैलने से शाहबाद के युवक की मौत



**शाहबाद।** शहर के मोहल्ला कानूनगोयान निवासी मुजाहिद मियां की सेप्टिक की बीमारी के चलते मौत हो गई। मुजाहिद मियां पेशे से कारपेंटर थे और हल्द्वानी में काम करते थे। काम के दौरान उनकी टांग में चोट लग गई थी, जिसे उन्होंने शुरुआत में नजरअंदाज कर दिया। बाद में जख्म बढ़ता गया और टांग में सेप्टिक फैलने से इंफेक्शन गंभीर हो गया, जिसके चलते वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। शुक्रवार को उन्होंने अंतिम सांस ली।बताते चलें कि पिछले वर्ष मुजाहिद मियां के बड़े भाई मुशाहिद मियां की भी दिल का दौरा पड़ने से मौत हो चुकी है। इतने कम समय में परिवार के दूसरे सदस्य की मौत से परिजनों पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा है। दोनों भाइयों की मौत के बाद अब परिवार के सामने जीविकोपार्जन का संकट भी खड़ा हो गया है। शुक्रवार दोपहर बाद मुजाहिद मियां को सुपुर्द–ए–खाक कर दिया गया।

# शहरी क्षेत्र के 31 हजार उपभोक्ता दबाए बैठे हैं तीन करोड़ रुपए

- कार्रवाई के नाम पर उपभोक्ताओं को दी जा रही खुली छूट

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** बिजली निगम के जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण निगम का करोड़ों रुपया उपभोक्ता दबाए बैठे हैं। इन पर कार्रवाई के बजाए खुली छूट दी जा रही हैं। इसी वजह से निगम को राजस्व नहीं मिल पा रहा है।

यह स्थिति तब है कि उच्च अधिकारियों द्वारा समीक्षा में राजस्व जमा कराने पर जोर दिया जा रहा हैं। नवाबगेट डिवीजन के आंकड़ों के मुताबिक शहरी क्षेत्र में लगभग 87 हजार उपभोक्ता है इन पर 24 करोड़ रुपये का बकाया है। लेकिन 56 हजार उपभोक्ता ऐसे है जिन्होंने 21 करोड़ रुपये जमा किया गया है। शेष 31 हजार उपभोक्ताओं पर

> बकाया जमा न करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है जिन उपभोक्ताओं पर लंबे समय से बकाया है उनके खिलाफ आरसी की कार्रवाई हो रही है। – प्रदीप कुमार एसडीओ वाणिज्य।

3 करोड़ रुपये का बकाया है। इनमें करीब 1500 उपभोक्ता पर लंबे समय से बकाया होने पर कनेक्शन काटे गए है साथ ही 3500 उपभोक्ताओं की आरसी की कार्रवाई हो चुकी है। ऐसे में बकाया जमा कराने जाने पर जिम्मेदार बकाएदारों को खुली छुट दे रहे हैं। जानकारी में आया है कि कुछ तो ऐसे कर्मचारी है क्षेत्र में जाकर जो बकाया जमा कराए जाने के नाम पर चाय-पानी का खर्चा लेकर मामले को रफा-दफा में करने में लगे हुए हैं इसी वजह से निगम को लक्ष्य के हिसाब से राजस्व नहीं मिल पा रहा हैं। इन्हीं की वजह से उच्च अधिकारियों की किरकिरी हो रही हैं।

# वाहन की टक्कर से ट्रैक्टर पलटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रैक्टर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर का चालक मामूली रूप से घायल हो गया।हादसा अजीमनगर थाना क्षेत्र के करनपुर पेट्रोल पंप के पास हुआ। करनपुर गांव निवासी किसान ओम सिंह गुरुवार दिन खेत से ट्रैक्टर लेकर वापस घर आ रहा था। जैसे ही किसान स्वार रोड स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंचा तो पीछे से आ रहे डंपर में टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रैक्टर सड़क किनारे पलट गया। ट्रैक्टर चला रहा चालक कूदने में घायल हो गया। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से भागने में कामयाब रहा। हादसे की सूचना मिलते ही तमाम लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। घायल किस को पास के ही किसी चिकित्सक को दिखाकर दवा दिलाई गई। गनीमत यह रही चालक ट्रैक्टर के नीचे नहीं आया वरना बड़ा हादसा हो सकता था।



हादसे के बाद पलटा पड़ा टैक्टर।

## जिला उद्योग केंद्र में 6 से 10 जुलाई तक होंगे ओडीओपी प्रशिक्षण के लिए साक्षात्कार

**रामपुर।** उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव ने बताया कि लखनऊ के द्वारा जनपद के हस्तशिल्पि कारीगरों के लिए एक जनपद-एक उत्पाद कार्यक्रम योजना के तहत जनपद के लिए विशेष चिन्हित उत्पाद पेचवर्क, जरी वर्क एवं एप्लिक वर्क एवं मैन्था ट्रेड से सम्बन्धी सामान्य तकनीकी प्रशिक्षण जिसमें वर्णित उददेश्यों की पूर्ति हेतु दक्षता एवं कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान कराया जाना है।उन्होंने बताया कि ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों के चयन के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 6 से 10 जुलाई तक प्रातः 11 बजे जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र रामपुर में आयोजित किया जायेगा।

# आरडीए के बाद अग्निशमन टीम ने डाला जौहर विवि में डेरा

- एसडीएम सदर, सीएफओ पहुंचे जौहर विवि, उपकरणों को किया चेक

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां की जौहर विवि इन सुर्खियां बनी हुई है। जौहर विवि परिसर में आरडीए की टीम के बाद अग्निनश्मन विभाग की टीम ने यहां पर आग से बचाने को लगाए गए उपकरणों को चेक किया। परिसर में टीम करीब दो घंटे तक जारी रही। विभागीय अफसरों के अनुसार यह कार्रवाई करीब सप्ताह भर तक जारी रहेगी।

मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट का पंजीकरण निरस्त करते समय अग्नि सुरक्षा संबंधी कर्मियों का उल्लेख हो चुका है है इसको



जौहर विवि के प्रशासनिक अधिकारी से बातचीत करते एसडीएम सदर, सीएफओ।



जौहर विवि में लगे उपकरणों को चेक करते अग्निशमन अधिकारी। –जागरण मोर्चा

लेकर दमकल विभाग की टीम जौहर विवि शुक्रवार को पहुंची। दमकल विभाग के अफसरों के अनुसार शासन ने सभी शिक्षण संस्थानों और कोचिंग सेंटरों की जांच के आदेश दिए हैं। इसी के तहत शुक्रवार को एसडीएम सदर कुमार गौरव, मुख्य अग्निशमन अधिकारी वीके सिंह जौहर विवि पहुंचे। जहां उन्होंने जौहर विवि में आग बुझाने के उपकरणों को चेक किया। टीम के आने से जौहर विवि प्रशासन में खलबली मची गई।

### 15 दिन में देना है नोटिस का जवाब

जौहर विश्वविद्यालय में 44 खंड है जिनमें से 24 निर्माणाधीन है। पांच इमारतें पहले से ही सील है। सीएफओ की 16 जुलाई 2022 की रिपोर्ट खुलासा हुआ है कि विवि परिसर में 44 ब्लॉकों में से 24 निर्माणाधीन है जबकि पांच इमारतें को सील कर दिया गया है रिपोर्ट के अनुसार इन सभी भवनों के लिए अग्निशमन विभाग से कोई एनओसी नहीं ली गई हैं। इसको लेकर पिछले दिनों ही आरडीए द्वारा नोटिस जारी किया गया है जिसमें जवाब देने का 15 दिन का समय भी दिया गया है।

# दूसरे दिन 308 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर, 5631 ने दी यूपीटीईटी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा यूपीटीईटी के दूसरे दिन जनपद के सभी निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर प्रशासन एवं पुलिस की ओर से सुरक्षा एवं निगरानी के व्यापक प्रबंध किये गये। पहली पाली में पंजीकृत 2,950 अभ्यर्थियों में से 2,773 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 177 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में पंजीकृत 2,989 अभ्यर्थियों में से 2,858 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 131 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दूसरे दिन दोनों पालियों में कुल 5,939 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 5,631 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 308 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में कुल उपस्थिति 94.81 प्रतिशत रही। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि परीक्षा सभी 11



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करने जाते डीएम।

परीक्षा केंद्रों पर शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुई। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करते रहे।

# 11 को मनाया जाएगा विश्व जनसंख्या दिवस, तैयारियों में जुटे

- 11 से 31 जुलाई तक लोगों को दी जाएगी जानकारी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** विश्व में प्रत्येक वर्ष विश्व जनसंख्या मनाया जाएगा। इसको लेकर विभागीय अधिकारियों ने तैयारियां शुरु कर दी है। इसमें जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण, जनसंख्या वृद्धि के प्रभावों को केंद्रित करना है और लोगों को बढ़ती हुई जनसंख्या के कारणों को बताना है जिसमें अधिक जन्म दर, परिवार नियोजन, लिंग समानता के बारे में जानकारी दी जाएगी। नोडल अधिकारी डॉ. के के चहल ने बताया कि 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाएगा। इसमें विश्व जनसंख्या दिवस बढ़ती आबादी से उत्पन्न होने




वाली समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक करने का दिन है। इसके अलावा बढ़ती जनसंख्या से निपटने के लिए दुनिया भर में परिवार नियोजन जैसे समाधान के बारे में लोगों को जागरूक करना भी इस दिन का मुख्य मकसद है। इसको लेकर संबंधित एमओआईसी के प्रभारियों को निर्देशित किया है कि 11 जुलाई को जनपद में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाएगा।

# पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** रक्तदान एवं समाज कल्याण के प्रति समर्पित संस्था मदद एक आस फ़ाउंडेशन द्वारा वर्ष 2026 की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एवं परिचय सम्मेलन गुरुवार को फनफिनिटी हॉल में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का आगाज राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतीक शर्मा और जिलाध्यक्ष संचित कपूर ने संयुक्त रूप से की। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं संस्था के उद्देश्यों के वाचन से हुआ।इस अवसर पर नवगठित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्वों से अवगत कराते हुए नियुक्ति पत्र एवं पहचान पत्र प्रदान किए गए। सभी




प्रशस्ति पत्र दिखातीं महिलाएं। –जागरण मोर्चा

पदाधिकारियों ने अपने-अपने कार्यभार को ग्रहणकरते हुए संस्था के मूल सिद्धांतों सेवा, समर्पण एवं संवेदना के प्रति पूर्ण निष्ठा से कार्य करने की शपथ ली।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय कपूर, शीला माहोर, अवधेश शर्मा, श्वेता शर्मा, दीपक शर्मा, रेखा राजपूत, अनुज सक्सेना एवं अनीता शुक्ला सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक व समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने नई टीम को बधाई देते हुए सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दी।राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतीक शर्मा ने कहा कि नई ऊर्जा और नए विचारों के साथ हम रक्तदान एवं सामाजिक कल्याण की दिशा में निरंतर कार्य करेंगे।

# एलपीजी गैस से भरा टैंकर पलटा, चालक घायल

- पंचर होने के बाद अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटा टैंकर, बड़ा हादसा टला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** चौराहे से पहले बृहस्पतिवार शाम एलपीजी गैस से भरा एक टैंकर पंचर होने के बाद अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति संभाली। चालक को स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। घटना में कोई अन्य जनहानि नहीं हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक ने अपना नाम विजय सिंह पुत्र जसवंत सिंह, निवासी ग्राम बेसरोली, थाना हमीरपुर, जिला हमीरपुर बताया।हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। चूंकि टैंकर एलपीजी गैस से भरा हुआ था, इसलिए किसी संभावित दुर्घटना की आशंका को देखते हुए पुलिस ने क्षेत्र में सतर्कता बरती और लोगों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह



हादसे के जमीन पर लेटा घायल चालक।

दी।लोगों का कहना है कि चालक प्रथम दृष्टया नशे की हालत में प्रतीत हो रहा था। हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया कि इसकी पुष्टि चिकित्सकीय जांच रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी। पुलिस ने आसपास के लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। चौकी इंचार्ज सोहन पाल सिंह का कहना है कि प्रथम दृष्टया टायर पंचर होने के कारण टैंकर अनियंत्रित होकर पलटा है। मामले की जांच की जा रही है और दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है। राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

## जिला अस्पताल के आयुष्मान सर्जिकल वार्ड का एयरकंडीशन हुआ खराब

- भीषण गर्मी में वार्ड में भर्ती रोगियों का हाल-बेहाल, पंखों से आ रही गर्म हवा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल के आयुष्मान सर्जिकल वार्ड में भर्ती मरीजों का भीषण गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। मरीजों को वातानुकूलित उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किए गए वार्ड में लगे एयरकंडीशन खराब पडे. है जिससे मरीज और उनके तीमारदार परेशान है। अस्पताल प्रशासन ने आयुष्मान सर्जिकल वार्ड को आधुनिक सुविधाओं से लैस करते हुए मरीजों के लिए विशेष रूप से तैयार कराया गया था। वार्ड में भर्ती रोगी के तीमारदार महफूज ने बताया कि वार्ड में एयरकंडीशन तो लगे हुए है लेकिन काम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने स्वयं एसी चलाकर देखा तो उसमें ठंडी हवा नहीं आई। भीषण गर्मी में एयरकंडीशन के बंद रहने से मरीजों को परेशानियां कई गुना बढ़ गई है। इसके अलावा महिला तीमारदार ने बताया कि तीसरी मंजिल होने की वजह से वार्ड में काफी गर्मी महसूस होती है। वार्ड में कई सीलिंग फैन लगे हुए है लेकिन उनसे भी गर्म हवा आ रही है।

**बर्न वार्ड का एसी भी हो चुका है खराब**

जिला अस्पताल की दूसरी मंजिल पर बना बर्न वार्ड में लगा एयरकंडीशन में दो बार खराबी आ चुकी है। खराबी आने से भर्ती रोगियों के तीमारदार हाथों से पंखे झलने को मजबूर थे। बर्न वार्ड में दो एयरकंडीशन लगे हुए है। लेकिन इनमें एक ऐसा है जिसमें सप्ताह भर के भीतर दो बार खराबी आ चुकी है। इस खराबी को दो मर्तबा सही कराया जा चुका है। भीषण गर्मी में रोगियों-तीमारदारों को समस्या को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने एक नया स्लिप्ट एयरकंडीशन लगवाया है। जिससे कि रोगियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ा।

तैयारियां | जुलाई के आखिरी सप्ताह में शुरु हो रहे सावन माह

# पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों के साथ भमरौआ मंदिर का किया निरीक्षण



भमरौआ मंदिर का निरीक्षण करते एसपी। –जागरण मोर्चा



पनवड़िया के पास इंस्पेक्टर से वार्तालाप करते एसपी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने आगामी कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत शुक्रवार को भमरौआ शिव मंदिर का किया निरीक्षण। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ताकि कावड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो सके।

सावन माह इस बार 30 जुलाई से शुरू हो रहा है। जिसमें पहला सोमवार तीन अगस्त, दूसरा सावन सोमवार 10 अगस्त तीसरा सोमवार 17 अगस्त औश्र चौथा सोमवार 24 अगस्त को होगा। जिसमें भारी संख्या में भक्त ब्रजघाट और हरिद्वार से भक्त कांवड़ लाकर चढ़ाते हैं। उसी को देखते हुए शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा, अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के साथ आगामी कांवड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत भमरौआ शिव मंदिर एवं आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरों, प्रकाश व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को कांवड़ यात्रा के दौरान सतर्कता बरतने, प्रभावी यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने,संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, निरंतर भ्रमणशील रहकर कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर भी उपस्थित रहे।

### मुख्य चौराहों पर रहेगा पुलिस बल तैनात

सावन माह में कांवड़ियों के जत्थे कांवड़ लेने के लिए जाते हैं लौटते समय भीड़ अधिक होने के कारण सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल काफी तैनात रहता है।ताकि कांवड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो सके। इस दौरान रूट भी डायर्वट कर दिया जाता है। बसें से भी शाहबाद–पटवाई होकर गुजरती है। मंदिरों के आस पास भी पुलिस बल तैनात रहता है।

# शिक्षा से ही बनेगा सशक्त समाज, हर बच्चे का स्कूल में नामांकन तय करें : जिलाधिकारी

## स्कूल चलो अभियान द्वितीय चरण का शुभारंभ, डीएम ने प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

- उत्कृष्ट शिक्षकों, ग्राम प्रधानों एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का को किया गया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय



आगनवाड़ी को सम्मानित करते डीएम। -जागरण मोर्चा



शिक्षिकाओं को सम्मानित करती बीएसए। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि बेहतर जीवन जीने, सरकारी योजनाओं का लाभ लेने, बैंकिंग, डिजिटल सेवाओं तथा दैनिक आवश्यकताओं को सहज रूप से पूरा करने के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

यह बात उन्होंने विकास भवन सभागार में आयोजित स्कूल चलो अभियान (द्वितीय चरण) के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं व्यक्तित्व निर्माण का आधार है। इसलिए प्रत्येक बच्चे का नियमित रूप से विद्यालय जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई, शौचालयों की समुचित व्यवस्था तथा स्वच्छ एवं आकर्षक वातावरण बनाए रखने पर विशेष बल दिया। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्राम प्रधानों के सहयोग से प्रत्येक विद्यालय में मानदेय के आधार पर एक सफाई कर्मी की व्यवस्था तय की जाए। विद्यालयों का वातावरण बच्चों के लिए आकर्षक एवं प्रेरणादायी होना चाहिए। मिशन कायाकल्प के अंतर्गत स्वीकृत सभी कार्यों को ग्राम प्रधान प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराएं, जिससे परिषदीय विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं में और सुधार हो सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन में शिक्षक एवं ग्राम प्रधानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे घर-घर जाकर अभिभावकों से संवाद स्थापित करें, उन्हें शिक्षा के महत्व से अवगत कराएं तथा बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करें।उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र अभी तक नहीं बने हैं, उनके प्रमाण पत्र प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र तैयार कराए जाएं ताकि नामांकन में किसी प्रकार की बाधा न आए।विद्यालयों में संचालित मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं नियमितता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए, जिससे बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध हो तथा उनकी विद्यालयों में उपस्थिति बढ़े।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है। समाज के समेकित विकास के लिए आवश्यक है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने शिक्षकों, ग्राम प्रधानों एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से इस अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे का विद्यालय में नामांकन कराना तथा उसकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क करने तथा विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने मिशन कायाकल्प के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों तथा नामांकन अभियान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### बच्चों को पाठ्य पुस्तकें भी वितरित की

कार्यक्रम के दौरान मॉडल मॉन्टेसरी विद्यालय में कक्षा-1 में प्रवेश लेने वाले दो नवप्रवेशी बच्चों को पाठ्य पुस्तकें भी वितरित की।इसके बाद जिलाधिकारी ने स्कूल चलो अभियान (द्वितीय चरण) के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने बताया कि स्कूल चलो अभियान का द्वितीय चरण 1 जुलाई से 15 जुलाई तक संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी परिषदीय विद्यालयों में नामांकन जागरूकता रैलियां, जनसंपर्क एवं विशेष अभियान चलाए जाएंगे। इसका उद्देश्य 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना तथा अभिभावकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जागरूक करना है।उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान विशेष रूप से ईंट-भट्ठों पर कार्य करने वाले श्रमिकों के बच्चों, दिव्यांग बच्चों तथा किसी कारणवश पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों को पुन: विद्यालयों से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### यह हुए सम्मानित

शिक्षक, अभिषेक पाठक, नसरीन बी, मेहनाज शकील, भूपेन्द्र देव, दिलीप कुमार एवं ब्रजपाल। ग्राम प्रधान, प्रेमवती, मोहम्मद इस्लाम, लक्ष्मण गिरी, शबाना बी. एवं विजयपाल।आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, फहीमजहां, अलका रानी, कविता शंकर, रूबी एवं इंद्रा।



# सपा के सिख सम्मेलन में शामिल हुए पूर्व बार अध्यक्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** दो जुलाई को लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय में सिख सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से सिख पहुंचे। रामपुर से अधिवक्ता और पूर्व बार अध्यक्ष सतनाम सिंह मट्टू भी पहुंचे। वहां पर उन्होने काफी सिख समुदाय के लोगों से वार्तालाप ली। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ मौजूद रहे। सभी सिखों ने सपा पार्टी में विश्वास दिखाया।

# सड़क पर कपड़े फाड़कर हंगामा कर रहे दो पक्षों के चार लोग गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** सड़क पर आपस में भिड़े दो पक्षों के चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो महिलाओं समेत चारों लोगों का शांतिभंग में चालान किया है।शुक्रवार को गांव मटकुन्ना निवासी महफूज और दूसरे पक्ष के राशिद व उनकी महिलाएं आपस में मारपीट कर रहें थे। आरोपी सड़क पर खड़े होकर कपड़े फाड़ रहे थे और एक-दूसरे को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दे रहे थे। शोर शराबा सुनकर वहां भारी भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस टीम ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत करने का काफी प्रयास किया, लेकिन वे और अधिक उग्र हो गए। मरने-मारने पर उतारू हो गए। पुलिस ने मौके से महफूज पुत्र नूर हसन, कलसुम पत्नी महफूज, राशिद पुत्र नूर हसन, सायरून पत्नी राशिद को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान किया है।

# गुस्से में भी तलाक जहन में लाना गलत: मौलवी फैजान खां

- जामा मस्जिद में जुमे की नमाज से पहले दिया कुतबा

जागरण मोर्चा, कार्यालय



जामा मस्जिद में जुमे के कुतबे को खिताब फरमाते मौलवी फैजान खां।

**रामपुर।** मौलवी फैजान खां इमाम जामा मस्जिद, नायब इमाम ए शहर ने जुमे की नमाज से पहले दिए कुतबे में कहा कि हुजूर ने 1400 साल पहले फरमाया था कि ऐसे में फितने पैदा होंगे। तरह-तरह की दुश्वारियां परेशानियां आएंगी।

एक पूरी नहीं हो पाएगी दूसरी परेशानी नाजिल हो जाएगी। आज यह सब हो रहा है इसलिए मुसलमान कुरआन पढ़े और सब्र करें। मौलवी फैजान खां ने कहा कि आज तरह तरह- मसले सामने आ रहे है। आवाम में हर तरफ बैचेनी है। मुसलमान गुस्से में अपनी बीवी को तलाक दे रहे हैं तो कहीं भाई-भाई का दुश्नमन है जमीन जायदाद बंटवारे को लेकर झगड़े बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुसलमान के लिए जहन में तलाक लाना भी गलत है।

मुसलमान अपनी इस्लाह करें और हर वक्त तौबा करें। कुरआन और नमाज को पाबंदी से अदा करें। अल्लाह सब्र करने वालों के साथ हैं। घबराएं नहीं। इसके बाद नमाज अदा कराई नमाज अदा कराने के बाद दुआ कराई।

# अलग - अलग सड़क हादसों में 5 जखमी

जागरण मोर्चा, कार्यालय




**शाहबाद।** थाना क्षेत्र में अलग-अलग जगह हुए सड़क हादसों में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार देकर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। गुरुवार देर रात शाहबाद के तुरखेड़ा गांव निवासी परविंदर और विनय व मस्जिद काज़ी निवासी शानू सड़क दुर्घटना में घायल हो गए, जिनको उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया, जहां से सभी घायलों को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर शुक्रवार को तहसील क्षेत्र के हिम्मतपुर गांव निवासी जाहिद व बदायूं निवासी सोनू अलग-अलग सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया तथा सभी घायलों की हालात को नाज़ुक देखते हुए जिला चिकित्सालय रामपुर रेफर कर दिया।

# एक्सईएन ने चौड़ीकरण कार्य का लिया जायजा

- 3 के स्थान पर 5.5 मीटर तक होना है सड़क का चौड़ीकरण

जागरण मोर्चा, कार्यालय



धावनी चैनपुर में निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण करते एक्सईएन।-जागरण मोर्चा

**रामपुर।** बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव धावनी चैनपुर में निर्माणाधीन चौड़ीकरण कार्य का एक्सईएन ने जायजा लिया। उनके अचानक पहुंचने पर संबंधित सहायक अभियंता, ठेकेदार में खलबली मच गई। उन्होंने मौके पर ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

शुक्रवार को लोनिवि निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता गौरव सिंह ने निर्माणाधीन चौड़ीकरण कार्य का जायजा लेने को पहुंचे। मालूम हो कि इस सड़क का 13 किलोमीटर तक चौड़ीकरण कार्य कराया जा रहा है मौजूदा में सड़क की चौड़ाई 3 मीटर के स्थान पर 5.5 मीटर चौड़ी होनी है। यह कार्य 20 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। एक्सईएन ने संबंधितों को मौके पर निर्देश देते हुए कहा कि समय-समय पर मैं स्वयं, एई द्वारा साइट का निरीक्षण किया जाएगा। इसलिए चौड़ीकरण कार्य में किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। इस दौरान सहायक अभियंता, अवर अभियंता और कर्मचारी मौजूद रहे।

# रास्ते पर कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में विवाद

- पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।**थाना स्वार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम जालिफनगला में रास्ते पर कूड़ा डालने और जमीन के पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर हंगामा हुआ। दोनों पक्ष लाठी-डंडे लेकर आमदा फौजदारी हो गए और एक-दूसरे को देख लेने की धमकी देने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने सूझबूझ दिखाते हुए स्थिति को संभाला।दोनों पक्षों से एक-एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। उप-निरीक्षक सूरज सिंह चौहान अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे, तभी उन्हें सूचना मिली कि ग्राम जालिफनगला के चौराहे पर दो पक्षों के लोग इकट्ठा होकर जोर-जोर से शोर-शराबा कर रहे हैं।

प्रथम पक्ष के इदरीस और द्वितीय पक्ष के संजय के बीच गांव की ही समाज की भूमि व रास्ते पर कूड़ा डालने को लेकर विवाद चल रहा था। इसके अलावा दोनों पक्षों में एक-दूसरे को झूठे मुकदमों में फंसाने को लेकर पुरानी रंजिश भी थी।देखते ही देखते दोनों पक्षों के कई लोग इदरीस, शिफायुत उल्ला, अख्तर, असलम, सादिक और दूसरी तरफ से संजय, रंजीत व विकास मौके पर जमा हो गए।आपस में गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने दोनों पक्षों को समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वे पुलिस के सामने ही और उग्र हो गए।लोक शांति व्यवस्था भंग होने और किसी संगीन घटना की आशंका को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की।पुलिस ने मौके से दोनों पक्षों केइदरीस पुत्र बफाती उर्फ दल्ला पहलवान और संजय पुत्र भगीरथ को शांतिभंग के तहत हिरासत में ले लिया। वहीं, पुलिस को देखकर अन्य आरोपी शिफायुत उल्ला, अख्तर, असलम, सादिक, रंजीत और विकास भीड़ का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।

# ग्रीन चौपाल में एक पेड़ मां के नाम लगाने का किया आह्वान

- ग्राम सींगनखेड़ा में हुआ चौपाल का आयोजन, दिए गए पेड़-पौधे

जागरण मोर्चा, कार्यालय




गांव सीगनखेड़ा में आयोजत चौपाल में पौधा देते डीएफओ। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** शासनादेशानुसार वन महोत्सव के प्रथम शुक्रवार को विशेष अभियान के रूप में ग्राम सींगनखेड़ा में ग्रीन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभागीय निदेशक प्रणव जैन ने वृक्षों के संरक्षण एवं संर्वधन करने और मनुष्य जीवन के लिए कितने उपयोगी है पर्यावरण के लिए वृक्ष अमूल्य है इस पर प्रकाश डाला।

उन्होंने साथ ही अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए आह्वान किया। लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए मां के नाम एक पेड़ लगाने को बात कही। आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देने के लिए पौधरोपण को जन आंदोलन बनाना होगा। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह, उपक्षेत्रीय वन अधिकारी धर्मेंद्र कोली, वन दरोगा विनीत आर्य, वन रक्षक राजीव चंद्रा, ग्राम सचिव इलयास, सोमपाल, नंदकिशोर, रामकिशोर आदि मौजूद रहे। अंत में सभी ग्रामीणों ने पौधरोपण करने के लिए आम के पौधों का वितरण किया गया।

# शाहबाद:युवती की मौत के मामले में रिपोर्ट हुई दर्ज

**शाहबाद।** 25 अप्रैल को शाहबाद के सुहावा गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से भाई के साथ बाइक पर सवार युवती की मौत हो गई, हादसे में बाइक सवार युवक और एक मासूम बच्ची को गंभीर चोटें आई थी, जिसके बाद युवती के पिता ने थाने कर तहरीर देकर अज्ञात वाहन के चालक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज कराया है।बिलारी थाना क्षेत्र के रामनगर गंगापुर निवासी लियाकत ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि 25 अप्रैल को उनका बेटा शखावत अपनी बहन यासमीन और 8 साल की मासूम जूबी के साथ बाइक पर सवार होकर बरेली से अपने गांव लौट रहा था, रास्ते में सुहावा गांव के पास उनकी बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में यासमीन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनका बेटा शखावत और 8 वर्षीय मासूम जूबी घायल हो गए। पुलिस ने मृतका के पिता लियाकत की तहरीर पर केस दर्ज किया है।

# जहर से तालाब की मछलियां मरी

**सैदनगर।** तालाब में जहरीले पदार्थ से पल रही मछलियां मर गई। पीड़ित किसान ने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है।मामला थाना क्षेत्र के दौकपुरी टांडा स्थित एक तालाब का है।भोट बक्काल निवासी शत्रु दौकपुरी टांडा के मस्जिद वाले तालाब में काफी दिनों से मछली पालने का कार्य करता है। ग्राम समाज के तालाब को किसान ने ठेके पर ले रहा है। मौजूदा समय में तालाब के अंदर हजारों की तादाद में मछलियां थी। 2 दिन पूर्व किसी शरारती व्यक्ति ने तालाब के अंदर जहरीला पदार्थ डाल दिया। अगले दिन सुबह तालाब की काफी सारी मछलियां मर गई। पीड़ित किसान ने तालाब किनारे सैंकड़ो मछलियों को मरा देखा तो उसके होश उड़ गए। तालाब में मछलियां देखने के लिए लोगों की भीड़ लगने लगी।

आक्रोश

कलक्ट्रेट में प्रदर्शन कर डीएम को सौंपा ज्ञापन, कर्मचारियों का हो रहा उत्पीड़न

# पालिका के अधिकारी-ठेकेदार कर रहे पैसा का बंदरबांट: भीम अनार्य

जागरण मोर्चा, कार्यालय



कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम को ज्ञापन सौंपते वीरेश भीम अनार्य। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर डीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें पदाधिकारियों ने कर्मचारियों का उत्पीड़न बंद करने को कहा गया है। इस पर डीएम ने जांच एडीएम को सौंपी है। सप्ताह के अंदर जांच कर, कार्यवाही का आश्वासन दिया है

भावाधस (भीम) के राष्ट्रीय प्रमुख भीम अनार्य ने बताया कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों और उत्तराखंड में भी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को लगभग 15000 मानदेय दिया जा रहा है जबकि रामपुर में मात्र 8000 रुपये का मान-देय दिया जा रहा है बाकी पैसा ठेकेदारों और अधिकारियों के पेट में जा रहा है। सरकार ने भी शासनादेश जारी कर, कम से कम 13940 रुपये प्रति माह, प्रत्येक दिन 536 रुपये देने का आदेश दिया है। लेकिन अधिकारियों की मिली भगत से उनके कथित नेता पालिका में दलाली कर रहे हैं। आउटसोर्सिंग की अवैध नियुक्तियों में दलाली कर रहे यही कारण है कि 100 अवैध नियुक्तियों में ना तो सेवायोजन कार्यालय पोर्टल पर कुछ डाला गया, ना ही इंटरव्यू किया गया और न नियुक्ति पत्र दिए गए। संविदा कर्मचारियों का कोई लेखा-जोखा नहीं है स्थाई सफाई कर्मचारियों को जबरदस्ती घर में बैठा दिया गया और उनसे हर माह वसूली भी की जा रही है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चौधरी विजय प्रकाश, रामगोपाल कटारिया, गुरमुख भारती ,रवि राज विजय अनार्य, जानू चौहान, डीके भारती, कमल अंबेडकर, ललित कुमार, आकाश, राजेंद्र कुमार, एकलव्य वाल्मीकि, अजीत कुमार आदि शामिल रहे।

# रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए मांगे आवेदन

- 39 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं को मिलेगा तीन माह का आत्मरक्षा प्रशिक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि शासन की महत्वाकांक्षी रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना के तहत जिले के चयनित शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के 39 राजकीय हाईस्कूल एवं इंटर कॉलेजों में अध्ययनरत छात्राओं को अगस्त, सितंबर एवं अक्टूबर 2026 तक तीन माह का आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

बताया कि चयनित प्रशिक्षकों को प्रतिदिन 40-40 मिनट की अवधि के अनुसार आवंटित तीन राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देना होगा। प्रशिक्षण कार्य के लिए प्रत्येक प्रशिक्षक को 5,000 प्रतिमाह मानदेय प्रदान किया जाएगा।जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि प्रशिक्षक के लिए मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट होना अनिवार्य है। चयन प्रक्रिया में महिला अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आवंटित विद्यालयों तक आने-जाने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता अथवा अतिरिक्त धनराशि देय नहीं होगी।

उन्होंने इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अपना आवेदन पत्र 20 जुलाई, 2026 तक कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक में अनिवार्य रूप से जमा कर दें। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक से कार्यालय अवधि में प्राप्त किए जा सकते हैं।

# मुरादाबाद-बरेली रेलखंड पर टैम्पिंग कार्य, जुलाई में कई ट्रेनें रहेंगी डायवर्ट और विलंब से चलेंगी

## 9, 18 और 28 जुलाई को किसी प्रकार का ट्रैफिक ब्लॉक नहीं रहेगा

जागरण मोर्चा कार्यालय




**मुरादाबाद।** रेल यात्रियों की सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए मुरादाबाद रेल मंडल ने मुरादाबाद-बरेली रेलखंड पर रेल पथ के अनुरक्षण और टैम्पिंग कार्य का कार्यक्रम घोषित किया है। इसके तहत 4 जुलाई से 31 जुलाई तक कुल 25 ट्रैफिक ब्लॉक लिए जाएंगे। हालांकि 9, 18 और 28 जुलाई को किसी प्रकार का ट्रैफिक ब्लॉक नहीं रहेगा।

ट्रैफिक ब्लॉक के दौरान कई ट्रेनों का मार्ग बदला जाएगा, जबकि कुछ ट्रेनों को निर्धारित समय से विलंबित कर संचालित किया जाएगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से यात्रा शुरू करने से पहले अपनी ट्रेन की अद्यतन स्थिति एनटीईएस, रेलवे हेल्पलाइन 139 अथवा पूछताछ केंद्र से अवश्य प्राप्त करने की अपील की है। रेलवे के अनुसार, ट्रेन संख्या 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस 3, 5, 7, 10, 12, 14, 16, 19, 21, 23 और 29 जुलाई को मुरादाबाद-चंदौसी-बरेली कैंट मार्ग से संचालित होगी। इस दौरान ट्रेन रामपुर स्टेशन नहीं जाएगी तथा बरेली जंक्शन के स्थान पर बरेली कैंट स्टेशन पर ठहरेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 13152 जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस 29 जुलाई को परिवर्तित मार्ग से चलेगी। इन दोनों दिनों ट्रेन रामपुर, मिलक और क्लटरबकगंज स्टेशनों पर नहीं रुकेगी तथा बरेली जंक्शन के स्थान पर बरेली कैंट स्टेशन पर ठहराव दिया जाएगा। गाड़ी संख्या 13042 जम्मूतवी-हावड़ा एक्सप्रेस 6 जुलाई को मुरादाबाद-चंदौसी-बरेली कैंट मार्ग से संचालित की जाएगी। इस दौरान बरेली कैंट स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव भी प्रदान किया जाएगा। टैम्पिंग कार्य के कारण कई ट्रेनों का विनियमन भी किया गया है। गाड़ी संख्या 15211 दरभंगा–अमृतसर एक्सप्रेस 4, 6, 9, 11, 13, 15, 18, 20, 22, 26, 28 और 30 जुलाई को 45 मिनट तथा 24 जुलाई को 90 मिनट विलंब से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 12204 अमृतसर–सहरसा एक्सप्रेस 4, 8, 11 और 15 जुलाई को 30 मिनट देरी से चलेगी।

इसके अलावा 24 जुलाई को गाड़ी संख्या 14603 नरपतगंज–अमृतसर एक्सप्रेस 90 मिनट विलंबित रहेगी। 26 जुलाई को गाड़ी संख्या 55301 मुरादाबाद–लालकुआँ पैसेंजर और गाड़ी संख्या 15128 नई दिल्ली–बनारस एक्सप्रेस 30-30 मिनट की देरी से संचालित की जाएंगी, जबकि गाड़ी संख्या 20506 नई दिल्ली–डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस 90 मिनट विलंब से चलेगी।

### प्रबंधक महेश यादव ने असुविधा के लिए जताया खेद

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव ने बताया कि टैम्पिंग कार्य रेल पथ की गुणवत्ता और सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने यात्रियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि संबंधित स्टेशनों, पूछताछ कार्यालयों तथा उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से समय-समय पर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। रेलवे ने इस दौरान होने वाली असुविधा के लिए यात्रियों से खेद भी व्यक्त किया है।

## दलपतपुर रोड पर सड़क हादसा, एक ही परिवार के तीन लोग घायल

**मुरादाबाद।** थाना मुण्डापांडे क्षेत्र में दलपतपुर रोड पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार एक ही परिवार को टक्कर मार दी, जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।




घटना ग्राम सेदना निवासी मुनशद अली, उनकी पत्नी परवीन जहां एवं पुत्री सकिया नूर के साथ हुई। परिजनों के अनुसार तीनों लोग गांगन मैनाठेर से दवाई लेने जा रहे थे। जैसे ही वे दलपतपुर रोड पर पहुंचे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।हादसे के बाद आसपास के लोगों की मदद से घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## आसान प्रश्नपत्र देख खिले टीईटी अभ्यर्थियों के चेहरे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी-टीईटी) के दूसरे दिन शुक्रवार को शहर के 26 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। अधिकांश अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र को आसान बताते हुए संतोष जताया।

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी-टीईटी) के दूसरे दिन शुक्रवार को मुरादाबाद शहर के 26 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई। जिले में दूसरे दिन करीब 24 हजार अभ्यर्थियों का पंजीकरण था, जिनमें से 80 प्रतिशत से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही अभ्यर्थियों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। प्रवेश से पहले सभी अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई। महिला अभ्यर्थियों की जांच महिला कर्मियों द्वारा की गई, जबकि प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र का मिलान करने के बाद ही केंद्रों में प्रवेश दिया गया। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी केंद्रों पर मुस्तैद रहे। परीक्षा समाप्त होने के बाद बाहर निकले अधिकांश अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र को अपेक्षाकृत आसान बताया।

उनका कहना था कि अधिकांश प्रश्न पाठ्यक्रम के अनुरूप थे, जिससे परीक्षा देने में अधिक कठिनाई नहीं हुई। आसान प्रश्नपत्र मिलने से परीक्षार्थियों के चेहरे खुशी से खिले नजर आए। जिले में यूपी-टीईटी परीक्षा का आयोजन तीन दिनों तक किया जा रहा है। तीनों दिनों में कुल करीब 54 हजार अभ्यर्थियों का पंजीकरण है। अब परीक्षा का अंतिम दिन शनिवार को आयोजित किया जाएगा।

## दहेज के लिए पत्नी पर अत्याचार, घर से निकाला, 6 वर्षीय बेटे को छीन लिया

जागरण मोर्चा कार्यालय

टांडा। क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का मामला सामने आया है। एक महिला ने अपने पति, ससुराल वालों पर आरोप लगाते हुए शादी के बाद लगातार दहेज की मांग, मारपीट और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है।

पीड़िता का विवाह 20 अप्रैल 2019 को हिन्दू रीति-रिवाज से सोमपाल पुत्र श्रीराम सिंह निवासी पीपली नायक के साथ हुआ था। शादी में पीड़िता के माता-पिता ने लगभग 20 लाख रुपये खर्च किए। शादी के तुरंत बाद से ही पति सोमपाल, ससुर श्रीराम सिंह, सास माया देवी, जेठ अशोक कुमार, जिठानी अर्चना देवी, नंद सुशीला, नंदोई घनश्याम सिंह, नंद चंचल देवी व नंदोई अरविंद सिंह लगातार कम दहेज लाने का ताना मारते थे। अतिरिक्त दहेज में स्कॉर्पियो कार व 10 लाख रुपये नकद की मांग करते रहे।पीड़िता ने पहले भी वर्ष 2021 में महिला थाने में मुकदमा दर्ज कराया था, जिसके बाद ससुराल पक्ष ने समझौते का दिखावा कर पीड़िता को वापस ले लिया था। लेकिन दहेज की मांग और अत्याचार बंद नहीं हुआ। 20 अप्रैल 2026 को शाम करीब 7 बजे सभी आरोपियों ने फिर से स्कॉर्पियो कार व 10 लाख रुपये दहेज की मांग की। पीड़िता ने बताया कि डेढ़ वर्ष पहले उसके पिता का निधन हो चुका है और वह अतिरिक्त दहेज देने में असमर्थ है। इस पर सभी आरोपियों ने मिलकर पीड़िता को लात-घूसों से बुरी तरह मारा-पीटा। पति सोमपाल ने उसकी चुनरी गले में डालकर खींची।तुझे मारकर दूसरी शादी करूंगा जहां से अच्छा दहेज मिल सके।इसके बाद सभी ने पीड़िता को घर से धक्के मारकर बाहर निकाल दिया और उसका 6 वर्षीय बेटा शुभ भी जबरन छीन लिया।पीड़िता किसी तरह अपने मायके पहुंची और पूरे मामले की सूचना अपने परिजनों को दी। इसके बाद वह महिला थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंची।

पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।आरोपियों के विरुद्ध जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।

## शादी का झांसा देकर युवती से छेड़छाड़, रिश्तेदार के खिलाफ केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शेरकोट ।** थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मद अलीपुर लालमन उर्फ रामसहायवाला में एक युवती ने रिश्तेदार युवक पर शादी का झांसा देकर परेशान करने और घर में अकेला पाकर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शेरकोट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित युवती ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका रिश्तेदार जुनैद पुत्र सादिक उससे दोस्ती और शादी करने का दबाव बनाता था। युवती का कहना है कि उसने कई बार आरोपी को समझाया कि माता-पिता की सहमति के बाद ही विवाह पर फैसला होगा, लेकिन आरोपी लगातार दबाव बनाता रहा।पीड़िता के मुताबिक, 20 जून 2026 को शाम करीब छह बजे जब उसकी मां बाजार गई थीं और पिता व भाई बाग में थे, तभी आरोपी घर पहुंच गया। आरोप है कि घर में अकेला पाकर आरोपी ने गलत नीयत से युवती का हाथ पकड़




लिया और जबरदस्ती करने का प्रयास किया। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुट गए, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।पीड़िता का आरोप है कि उसने पहले थाना शेरकोट में शिकायत दी थी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक से शिकायत की गई। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## लगातार हमलों से दहशत; वन विभाग के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र में गुलदार का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार हो रहे हमलों से ग्रामीणों में भय का माहौल है। वहीं, कई घटनाओं के बावजूद वन विभाग द्वारा गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा नहीं लगाए जाने से लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों के अनुसार कुछ दिन पहले ग्राम अजुपुरा जट में खेत पर काम कर रहे दो किसान भाइयों पर गुलदार ने हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। दोनों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्याऊ में कराया गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना देकर क्षेत्र में पिंजरा लगाने और गश्त बढ़ाने की मांग की थी, लेकिन आरोप है कि विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

ग्रामीणों का कहना है कि इसी लापरवाही का परिणाम है कि बुधवार-बृहस्पतिवार की रात गुलदार ने ग्राम औंधा में एक गौवंशीय पशु को अपना शिकार बना लिया। इसके कुछ ही समय बाद पीएनबी बैंक के पास स्थित चौधरी सोपाल सिंह के घेर में घुसकर एक बछिया को भी मार डाला। घटनास्थल पर मिट्टी में गुलदार के पंजों के निशान भी स्पष्ट दिखाई दिए, जिससे ग्रामीणों में दहशत और बढ़ गई। बताया जा रहा है कि हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के आसपास बसे करीब 67 गांव इन घटनाओं से प्रभावित हैं। लोग शाम ढलते ही घरों में कैद होने को मजबूर हैं और बच्चों तथा पशुओं की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल पिंजरा लगाने, लगातार गश्त कराने और गुलदार को पकड़ने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो कभी भी कोई बड़ी जनहानि हो सकती है।

## महिला से सामूहिक दुष्कर्म का आरोप, चार नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**बिजनौर ।** जनपद बिजनौर के नजीबाबाद थाना क्षेत्र में एक महिला द्वारा चार युवकों पर दुष्कर्म का आरोप लगाए जाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए साक्ष्य संकलन और आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच की जा रही है। पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराते हुए अन्य आवश्यक वैधानिक कार्रवाई भी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने कहा है कि इस संवेदनशील मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा तथा जांच पूरी पारदर्शिता के साथ की जा रही है।

## शादी समारोह में दो पक्षों के बीच मारपीट व फायरिंग की चर्चा, पुलिस जांच में जुटी

**नजीबाबाद ।** ग्राम भागूवाला स्थित वालिया होटल में 1 जुलाई की रात आयोजित एक शादी समारोह के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद और मारपीट की घटना सामने आई है। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों के अनुसार विवाद के दौरान ग्राम काशीरामपुर निवासी एक व्यक्ति के साथ मारपीट की गई तथा उस पर तमंचे की बट से हमला किए जाने की बात कही जा रही है। बताया जाता है कि घटना की सूचना मिलने पर डायल–112 पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। हालांकि स्थानीय लोगों के अनुसार रात करीब 11 बजे के बाद एक बार फिर विवाद बढ़ गया। क्षेत्र में फायरिंग और हवाई फायर होने की चर्चा भी रही। कुछ लोगों ने एक व्यक्ति के पैर में गोली लगने का दावा किया है, हालांकि इसकी अभी तक पुलिस की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। घटना के बाद क्षेत्र में तरह–तरह की चर्चाएं हैं, जिससे लोगों में दहशत और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक तथ्यों को सार्वजनिक करने तथा यदि कोई अवैध कृत्य हुआ है तो दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी है।

## मायापुरी से अधेड़ गुमशुदा

**गजरौला ।** नगर के मौहल्ला मायापुरी निवासी रामकिशोर ( 45 ) नामक व्यक्ति लापता हो गया। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका है। पत्नी रौशनी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करके अधेड़ की तलाश शुरू कर दी है। आसपास के थानों आदि को भी रामकिशोर का फोटो और हुलिया भेजकर सूचित किया है। वहीं रामकिशोर के लापता होने से परिजन चिंतित हैं।



## नगर पालिका ने नगर में जागरूकता रैली निकाली

**गजरौला ।** अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस के नगर पालिका ने नगर में जागरूकता रैली निकाली। पूर्व विधायक/नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए एक धीमा जहर है। यदि हमें आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य देना है, तो आज ही से प्लास्टिक का पूर्ण बहिष्कार करना होगा। उन्होंने गजरौला वासियों से झोले और पर्यावरण–अनुकूल विकल्पों को अपनाने की पुरजोर अपील की। नगर के प्रमुख मार्गों से घूमते हुए जोशीले नारे लगाते हुए रैली समाप्त हुई। इस मौके पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक नेपाल चौधरी, युवा भाजपा नेता प्रमोद कुमार, अक्षय शुक्ला, रविंद्र सिंह, विभोर जिंदल, दीपू कुमार, नीतू, राडी, यशपाल सिंह के साथ ही सफाई नायक जयचंद, महेश, मुनेश मौजूद रहे।




कार्रवाई की मांग

आरोपियों के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की

# पुरानी रंजिश के चलते मारपीट युवक बुरी तरह घायल, गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर



घायल।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पुरानी रंजीत के चलते मारपीट हो गई, मारपीट में युवक बुरी तरह घायल हो गया। घायल युवक को परिजन कोतवाली लेकर पहुंचे और पुलिस को नाम दर्ज तहरीर दी। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए सीएचसी भेज दिया।जहां चिकित्सकों ने युवक की हालत को गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी मित्र पाल पुत्र मुंशी सिंह का गांव के ही एक युवक से जमीन का पुराना विवाद चल रहा है आरोप है कि शुक्रवार की सुबह पीड़ित के बड़े भाई मेवाराम से आरोपी की कहां सुनी हो रही थी। सभी मित्रपाल वहां पहुंच गया पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने धारदार हथियार से सिर पर बार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

मारपीट में घायल युवक को लेकर परिजन कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को उपचार के लिए नगर के सीएचसी भेज दिया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों के द्वारा घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जब इस बारे में वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार से बात की तो उन्होंने बताया मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है। पुलिस को जांच के लिए मौके पर भेजा गया है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### सवारी बैठाने को लेकर डग्गामार टेंपो संचालकों ने की मारपीट

**हसनपुर ।** नगर में चल रहे डग्गामार टेंपो संचालकों के हौसले इस कदर बुलंद हैं की सरकार से अनुबंधित बस चालक एवं परिचालक के साथ सवारी बैठाने को लेकर कहासुनी कर मारपीट की गई, पीड़ित परिचालक द्वारा कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। मुख्यमंत्री ग्रामीण योजना के अंतर्गत नगर से रहरा को चल रही बस के चालक एवं परिचालक के साथ गुरुवार की देर शाम नगर के रहरा बस स्टैंड चौराहे पर डग्गामार टेंपो संचालकों द्वारा सवारी बैठाने को लेकर मारपीट की गई। उत्तर प्रदेश सरकार से बस नम्बर यूपी 23 बीटी 6971 नगर से रहरा मार्ग पर चलाने के लिए अनुबंधित है। रहरा मार्ग पर अनुबंधित बस चलने से डग्गामार टेंपो संचालकों को सवारी मिलने में दिक्कतें आने लगी है।जिससे नाराज होकर डग्गामार टेंपो संचालकों द्वारा गुरुवार की देर शाम रहरा बस स्टैंड पर बस को रोक कर चालक एवं परिचालक के साथ गाली गलौज करते हुए देखते ही देखते दबगों के द्वारा चालक एवं परिचालक के साथ मारपीट कर बस में तोड़फोड़ कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।इसके बाद परिचालक धर्मपाल पुत्र विजेंदर थाना आदमपुर के गांव दडियाल ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी दबंगों के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा बताया गया की तहरीर प्राप्त हुई है, जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### बारात चढ़त के दौरान मारपीट, युवक घायल

**हसनपुर ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बारात चढ़त के दौरान मारपीट युवक बुरी तरह घायल हो गया। बारात में आए कुछ दबंगों की पिटाई से घायल युवक को गंभीर हालत में नगर के सीएचसी में भर्ती कराया गया।जानकारी के अनुसार गांव रुखालू निवासी बलेश की पुत्री की बारात गुरुवार को आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव निरयावली भूड़ से आई थी, आरोप है कि बारात चढ़त की रस्म के दौरान बलजीत के चाचा बारात देख रहे थे, तभी एक बाराती ने उनके पैर में लात मार दी। घायल हालत में पीड़ित परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी,पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए नगर के सीएचसी भेज दिया। जहां उसका उपचार किया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने बताया कि पीड़ित की नामजद तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। घायल को चिकित्सीय परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



घायल सीएचसी में भर्ती।

# मुरादाबाद जिला कांग्रेस कमेटी में संगठनात्मक घमासान

- जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर ने प्रदेश अध्यक्ष से जिला कमेटी तत्काल भंग करने की मांग की



**मुरादाबाद/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस में संगठनात्मक फेरबदल की मांग को लेकर मुरादाबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनोद गुंबर ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने लखनऊ में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय से मुलाकात कर जिला कांग्रेस कमेटी को तत्काल प्रभाव से भंग किए जाने अथवा उसमें व्यापक संशोधन की अनुमति देने की मांग करते हुए एक पत्र सौंपा।

विनोद गुंबर ने इस पत्र की प्रतिलिपि प्रदेश प्रभारी राजेंद्र गौतम तथा राष्ट्रीय सचिव एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रदीप नरवाल को भी भेजी है।

पत्र में जिलाध्यक्ष ने लिखा है कि मुरादाबाद जिला कांग्रेस कमेटी में कुल 85 पदाधिकारी हैं, जिनमें से 30 से 35 पदाधिकारी संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये पदाधिकारी न तो धरना-प्रदर्शन में भाग लेते हैं और न ही बैठकों में उपस्थित होते हैं।

पत्र के अनुसार तीन ब्लॉक अध्यक्ष और दो नगर पंचायत अध्यक्ष भी सक्रिय नहीं हैं, जिससे संगठनात्मक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। विनोद गुंबर ने दावा किया कि इस संबंध में वह पहले भी तीन-चार बार प्रदेश नेतृत्व को पत्र लिख चुके हैं, लेकिन अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया।

उन्होंने प्रदेश नेतृत्व से आग्रह किया कि या तो जिला कांग्रेस कमेटी को तत्काल प्रभाव से भंग किया जाए अथवा उन्हें कमेटी में संशोधन करने की अनुमति दी जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जो पदाधिकारी लगातार सक्रिय रहकर संगठन के लिए अच्छा कार्य कर रहे हैं, उन्हें पदोन्नति देने की अनुमति भी प्रदान की जाए।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि जिलाध्यक्ष का यह पत्र मुरादाबाद कांग्रेस में संगठनात्मक असंतोष और आंतरिक मतभेदों की ओर संकेत करता है। अब निगाहें प्रदेश नेतृत्व के निर्णय पर टिकी हैं कि वह जिला संगठन में बदलाव करता है या वर्तमान व्यवस्था को बरकरार रखता है। हालांकि, इस मामले पर प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# फर्जी मतदाताओं के नाम जोड़ने का आरोप, सपा ने किया प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन

## मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाए

जागरण मोर्चा कार्यालय



डीएम को ज्ञापन सौंपते सपा कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**मुरादाबाद**। समाजवादी पार्टी ने शुक्रवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर -2026) के दौरान मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं और फर्जी मतदाताओं के नाम शामिल किए जाने का आरोप लगाते हुए कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन आयोग के खिलाफ नारेबाजी की और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मतदाता सूची में सुधार तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि जनपद की कांठ, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद देहात, मुरादाबाद नगर, कुंदरकी और बिलारी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यरत कुछ बीएलओ द्वारा मतदाता सूची तैयार करने में गंभीर अनियमितताएं की गई हैं।

उन्होंने दावा किया कि एक ही वोटर आईडी नंबर पर कई मतदाताओं का पंजीकरण किया गया है, जिससे वास्तविक मतदाताओं के मतदान अधिकार प्रभावित होने की आशंका है। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि यह निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करता है।

ज्ञापन में जिलाधिकारी से मांग की गई कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाए तथा मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन कराया जाए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने संवैधानिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।

प्रदर्शन में पूर्व विधायक हाजी रिजवान, जिला महासचिव फुरकान अली, वेदप्रकाश सैनी, वसीम कुरैशी, आशकार पाशा, जहानउल्ला खान, लाखन सिंह सैनी, अक्षय भटनागर, मोईनुद्दीन, धर्मेंद्र यादव, प्रेमबाबू वाल्मीकि, राहुल सिंह, विजयवीर यादव, जयपाल सैनी, बी.के. सैनी, योगेंद्र यादव, नरेश शर्मा, केदार सिंह, अशोक सैनी, ब्रजलाल जाटव, बालकिशन शर्मा, प्रदीप कुमार, भूरा कुरैशी, नजाकत अली, प्रशांत सैनी, अफरोज खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मां कालका मंदिर में हिंदू संगठन की बैठक, सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर**। कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कला स्थित मां कालका मंदिर प्रांगण में शुक्रवार की दोपहर हिंदू संगठन की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भूरे सिंह ने की और संचालन पूर्व प्रधान शीतला सराय जितेंद्र ने किया। कार्यक्रम का संयोजन अजय कुमार द्वारा किया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बुलंदशहर से पहुंचे ज्ञानेश चौहान ने शिरकत की। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी हिंदू एक हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि कोई भी हिंदू भाई किसी पर भी गलत टीका-टिप्पणी न करे और न ही किसी धर्म का अपमान करे। यदि कोई व्यक्ति इस तरह की बातें करता है, तो उसे प्यार से समझाया जाना चाहिए। बैठक भूरा सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुई। वहीं बैठक की सुरक्षा व्यवस्था के मध्यनजर हल्का दरोगा सहित भारी पुलिस मौजूद रहा।



बैठक में उपस्थित हिंदू संगठन के लोग। -जागरण मोर्चा

सुरेंद्र सिंह, अजय कुमार, विकास, अनीश, विक्रम, दीपक, जितेंद्र, विक्रम, वीरमा, पप्पू, बल्लू, बब्बू, लवकुश, सुरेंद्र, दीपक, लोकेश, कौशल राणा, नरेश राणा, जितेंद्र प्रधान आदि मौजूद रहे।

# भाजपा नेता मनोज कुमार गुप्ता ने गांगन मैनाठेर पहुंचकर पीड़ित परिवारों से की मुलाकात, संवेदना व्यक्त की

**मुरादाबाद**। मैनाठेर क्षेत्र के गांगन गांव में आकाशीय बिजली गिरने की घटना के बाद शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी महानगर के पूर्व अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता एडवोकेट ने पीड़ित परिवारों के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। उन्होंने घटना में जान गंवाने वाले युवक एवं युवती के शोकाकुल परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना एवं सहानुभूति व्यक्त की तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। मनोज कुमार गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरह से पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्र में शोक का माहौल रहा और लोगों ने पीड़ित परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की।



# पीसीएस से आईएएस बने एमडीए सचिव पंकज वर्मा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद**। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) के सचिव पंकज वर्मा के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में पदोन्नत होने पर उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति, मुरादाबाद और ऑल इंडिया स्मॉल एवं मीडियम न्यूज़पेपर फेडरेशन, मुरादाबाद ने उनके कार्यालय पहुंचकर सम्मान किया। पत्रकारों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल प्रशासनिक भविष्य की कामना की। पंकज वर्मा वर्ष 2011 बैच के पीसीएस अधिकारी हैं। हाल ही में जारी पदोन्नति सूची में उन्हें आईएएस पद पर पदोन्नत किया गया है। इससे पहले वह एमडीए सचिव के रूप में कार्यरत रहे और अपने कार्यकाल में कई जनहित से जुड़े निर्णयों के लिए चर्चा में रहे।

सम्मान समारोह के दौरान पंकज वर्मा ने कहा कि आईएएस बनने के बाद उनकी प्राथमिकता सरकार की योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करना और जनता तक पारदर्शी एवं सरल प्रक्रिया के माध्यम से पहुंचाना होगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मुरादाबाद विकास प्राधिकरण आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को गति देने के लिए लगातार प्रयास करता रहेगा।




इस अवसर पर पत्रकार समिति के अध्यक्ष नीरज गुप्ता, सचिव कुमार देव के अलावा लव इंडिया नेशनल के संपादक उमेश लव और ड्रीम संकल्प संपादक शिवेंद्र जैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने पंकज वर्मा का स्वागत करते हुए उनके सफल प्रशासनिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। कहा कि उनकी पदोन्नति मुरादाबाद के लिए गौरव का विषय है और भविष्य में भी प्रशासन एवं मीडिया के बीच सकारात्मक समन्वय बना रहेगा।

# एमिटी समेत यूपी की चार यूनिवर्सिटीज़ के लॉ स्टुडेंट्स की टीएमयू में इंटर्नशिप

जागरण मोर्चा कार्यालय




बैठक में उपस्थित हिंदू संगठन के लोग। -जागरण मोर्चा

**मुरादाबाद**। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज़ में यूपी की एमिटी यूनिवर्सिटी के संग-संग गुरू जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी, आईएफटीएम यूनिवर्सिटी समेत चार यूनिवर्सिटीज़ के 55 लॉ इंटर्न स्टुडेंट्स ने समीक्षा सत्र में सहभागिता करते हुए अपने अनुभव साझा किए।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण-डीएलएसए की ओर से 21 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत इस सत्र में चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री प्रमोद प्रत्येकी ने बतौर मुख्य वक्ता, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री अजय वीर, कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज़ के डीन प्रो. हरवंश दीक्षित, प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार सिंह की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। कार्यक्रम में वक्ताओं ने इंटर्न स्टुडेंट्स को समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय एवम् निःशुल्क विधिक सहायता पहुंचाने, विधिक जागरूकता फैलाने, एक संवेदनशील एवम् उत्तरदायी विधि पेशेवर के रूप में समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प दिलाया। इस सत्र में टीएमयू के 20, केजीके कॉलेज के 20, आईएफटीएम के 10 और एमिटी यूनिवर्सिटी-नोएडा के 5 लॉ स्टुडेंट्स की भागीदारी रही। चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री प्रमोद प्रत्येकी ने बतौर मुख्य वक्ता कहा, इंटर्नशिप विधि स्टुडेंट्स को न्याय व्यवस्था, सामाजिक दायित्व और विधिक सेवा प्रणाली को निकट से समझने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती है। डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री अजय वीर ने स्टुडेंट्स से इंटर्नशिप के दौरान तैयार किए गए लर्निंग फॉर्म्स और अनुभव साझा कराए। कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज़ के डीन प्रो. हरवंश दीक्षित ने कहा, विधि शिक्षा का उद्देश्य केवल कानून का ज्ञान देना नहीं, बल्कि स्टुडेंट्स में सेवा, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। प्राचार्य प्रो. सुशील सिंह ने कहा, इंटर्नशिप कार्यक्रम स्टुडेंट्स के व्यावहारिक ज्ञान को समृद्ध करते हैं और उन्हें एक सक्षम, संवेदनशील और उत्तरदायी विधि व्यवसायी बनने के लिए प्रेरित करते हैं। इससे पूर्व डीएलएसए के प्रतिनिधि ईशु शर्मा ने स्टुडेंट्स को राष्ट्रीय और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं, विधिक जागरूकता कार्यक्रमों, समाज के कमजोर और वंचित वर्गों तक न्याय पहुंचाने में विधि स्टुडेंट्स की भूमिका से अवगत कराया। समीक्षा सत्र में डॉ. नम्रता जैन, डॉ. डालचंद्र गौतम, श्री सुविज्ञ सक्सेना, श्री अभय दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में घायल महिला की मौत

**गजरौला**। सड़क हादसे में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के पुत्र की तहरीर के आधार पर दूसरे बाइक चालक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र बछरायूं के गांव ढ़ाकोवली निवासी जगवती थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानठेर निवासी दामाद विनोद कुमार के साथ 21 जून को बाइक द्वारा दवाई लेने जा रहीं थीं, जब इनकी बाइक तिगरी के पास पहुंची तो दूसरी बाइक चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में जगवती गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। जिन्हें परिजनों ने पाकबड़ा स्थित निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था, लेकिन उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ और 22 जून में उनकी मौत हो गई। मृतका जगवती के पुत्र भगवानदास की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सामाजिक समरसता महारैली को ऐतिहासिक बनाने की रणनीति तैयार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद**। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की सामाजिक समरसता महारैली को ऐतिहासिक बनाने हेतु संगठनात्मक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाली सामाजिक समरसता महारैली को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने के उद्देश्य से विस्तृत रणनीति तैयार की गई।

बैठक में राष्ट्रीय प्रवक्ता दयाराम भार्गव एवं प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश रितेश रामजी की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश रितेश रामजी ने की।




बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेताओं ने संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी, अधिकतम जनसहभागिता तथा महारैली की सफल तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान सभी पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि 31 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाली सामाजिक समरसता महारैली में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक सफलता दिलाई जाएगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रवि चौधरी, महानगर अध्यक्ष दानिश कुरैशी, प्रमुख महासचिव गौरव कुमार, महानगर प्रभारी अशोक सैनी, शानू, नासिर, विधानसभा अध्यक्ष इरशाद, जिला प्रवक्ता नाजिम, डॉ. हनीफ, राजकुमार साहू, मुशाहिद हसन सहित जनपद मुरादाबाद, अमरोहा एवं सम्भल के समस्त पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रेमी के घर पहुंची युवती, शादी की जिद पर हाईवोल्टेज ड्रामा

**मुरादाबाद**। भगतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में देर रात उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब एक युवती अपने प्रेमी के घर पहुंचकर शादी की जिद पर अड़ गई। इस दौरान प्रेमी के परिजनों और युवती के बीच जमकर कहासुनी हुई। मामला बढ़ने पर घर की महिलाओं ने युवती को धक्का देकर घर से बाहर निकाल दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि युवती काफी देर तक प्रेमी के घर के बाहर डटी रही और शादी कराने की मांग करती रही। युवती का आरोप है कि प्रेमी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया और बाद में शादी से इनकार कर दिया। उसने मारपीट का आरोप भी लगाया है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने युवती से पूछताछ की है और पूरे मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की सभी पहलुओं से पड़ताल की जा रही है।

**नुकसान** — गनीमत रही कि समय रहते बस रुक गई और कोई जनहानि नहीं हुई

# बारिश में भरभराकर ढही सैकड़ों गांवों को जोड़ने वाले 30 साल पुराने पुल की अप्रोच रोड



30 साल पुराने पुल की अप्रोच रोड ढही। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर**। कोतवाली क्षेत्र के गांव में मूसलाधार बारिश के चलते एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। ब्लॉक क्षेत्र के गांव कर खाल में बगद नदी पर बने पुल की एप्रोच सड़क धसने से आवागमन बाधित हो गया। जहां सैकड़ों गांवों को जोड़ने वाला करीब 30 साल पुराने पुल की अप्रोच सड़क बारिश का दबाव नहीं झेल सकी और देखते ही देखते भरभराकर ढह गई। शुक्रवार के सुबह पुल की एप्रोच सड़क टूटने के दौरान उस वक्त क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई, जब रखेडा गांव जा रही एक बारात की बस ठीक उसी वक्त वहाँ पहुँची। पुल के करीब बीच से कटी एप्रोच सड़क देख चालक ने सूझबूझ से बस रोक ली, जिससे बारात को मजबूरन वापिस लौटना पड़ा और दूसरे रास्ते से बारात गंतव्य को रवाना हुई। हादसे की खबर मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। गनीमत रही कि समय रहते बस रुक गई और कोई जनहानि नहीं हुई। ग्रामीणों के अनुसार, पुल लंबे समय से जर्जर था। इसके टूटने से सैकड़ों गांवों का संपर्क टूट गया है और मार्ग पर आवागमन पूरी तरह ठप है। केवल कार व बाइकों का ही पुल पर आवागमन है कोई भी बड़ा वाहन उस से नहीं गुजर रहा है, ग्रामीणों ने प्रशासन से तुरंत पुल ठीक करने की मांग की है।

## लिंक मार्ग पर गड्ढों से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**हसनपुर**। तहसील क्षेत्र के एक लिंक मार्ग पर जल निगम विभाग की लापरवाही के चलते हुए गड्ढे के कारण ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानियां हो रही है वहीं रात के अंधेरे में घटना होने का डर भी बना रहता है, ग्रामीणों द्वारा उच्च अधिकारियों से मार्ग सही करवाने की मांग की है। डबल इंजन की भाजपा सरकार की जन कल्याण योजना को जल निगम विभाग पलीता लगा रहे हैं, तहसील क्षेत्र के गांव अंधेरपुरी से भीकनपुर शर्की मार्ग पर जल निगम विभाग और ठेकेदार की मनमानी तरह से काम कर रहे हैं। एक सप्ताह से गहरा खड्डा हो रखा है जिससे लोगों की जान से खिलवाड़ हो रहा है।कई बार कहने के बाद भी ठेकेदार द्वारा गड्डा सही नहीं करवाया जा रहा। राहगीरों के द्वारा गड्ढे से बचाने के लिए ग्रामीणों द्वारा गड्ढे में सूखे पेड़ भर दिए हैं, गांव अंधेरपुरी में टंकी का कार्य जारी है ठेकेदार के मनमानी से समय से पानी नहीं मिल रहा और जगह-जगह नयी सड़क तोड़कर गड्ढे कर दिए गए हैं,उनका कोई समाधान नहीं और अधिकारी मोन बैठे हैं। भारत राष्ट्रीय सेवक संघ बीआरएसएस के जिला अध्यक्ष दीपक गुर्जर बताया की इन ठेकेदारों के खिलाफ जनपद के उच्च अधिकारियों से वार्ता कर शिकायत दर्ज कराई जाएगी।



मार्ग में हुआ गड्ढा।

# स्कूल चलो अभियान' के तहत नगर में निकाली जागरूकता रैली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर**। नगर में शिक्षा विभाग के तत्वाधान में शुक्रवार को 'स्कूल चलो अभियान' के तहत एक विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करना और अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना था।

रैली में विद्यालय के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चे हाथों में शिक्षा से संबंधित नारे लिखी तख्तियां लेकर गांव की गलियों में घूमे। इस दौरान "हर बच्चा स्कूल जाए, शिक्षा का अधिकार पाए" और "सब पढ़ें, सब बढ़ें" जैसे गूंजते नारों से ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। स्कूल चलो रैली ब्लॉक प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग पर होती हुई नगर पालिका प्रांगण पहुंचकर संपन्न हुई।

खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि इस अभियान का लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों का समय पर नामांकन कराने की अपील की।




रैली में मौजूद बच्चे। -जागरण मोर्चा

# दातागंज से डॉ. शैलेश पाठक को टिकट देने की उठी मांग, ब्राह्मण समाज का बढ़ता समर्थन

जागरण मोर्चा कार्यालय

- जिले के एकमात्र ब्राह्मण चेहरा हैं डॉ. शैलेश पाठक
- टिकट मिला तो पक्की होगी जीत, आसपास के क्षेत्र में भी पड़ेगा प्रभाव


भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर शैलेश पाठक।


अपने समर्थकों व कार्यकर्ताओं से सरकार की नीतियों की चर्चा करते डॉ. शैलेश पाठक।

**बदायूं।** जिले में भाजपा के संभावित चेहरों को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में दातागंज विधानसभा क्षेत्र से डॉ. शैलेश पाठक का नाम तेजी से चर्चा में है। जिले के एकमात्र प्रमुख ब्राह्मण चेहरे के रूप में उभर रहे डॉ. पाठक को लेकर ब्राह्मण समाज में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। समाज के लोगों ने उन्हें भाजपा का प्रत्याशी बनाए जाने की मांग तेज कर दी है।

डॉ. शैलेश पाठक पिछले पांच वर्षों से दातागंज क्षेत्र सहित पूरे जनपद में सक्रिय रूप से भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। चाहे ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी इलाका, उन्होंने निरंतर जनता के बीच रहकर सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। उनके इस सक्रिय और समर्पित कार्यशैली का असर अब साफ तौर पर दिखाई देने लगा है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि भाजपा डॉ. पाठक को दातागंज से प्रत्याशी बनाती है, तो उनकी जीत लगभग सुनिश्चित मानी जा सकती है। इतना ही नहीं, उनका प्रभाव आसपास की विधानसभा सीटों पर भी पड़ सकता है, जिससे पार्टी को व्यापक लाभ मिलने की संभावना है। ब्राह्मण समाज के लोगों का कहना है कि लंबे समय से उनकी उपेक्षा हो रही है, ऐसे में डॉ. शैलेश पाठक को मौका देकर पार्टी एक मजबूत संदेश दे सकती है। वहीं, क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं में भी उनके नाम को लेकर सहमति बनती दिख रही है।

अब देखना यह होगा कि भाजपा नेतृत्व इस बढ़ती मांग को कितना महत्व देता है और आगामी चुनाव में किसे मैदान में उतारता है। फिलहाल, डॉ. शैलेश पाठक का नाम दातागंज की राजनीति में मजबूती से उभरकर सामने आ रहा है।

# सीडीओ गामिनी सिंगला ने वजीरगंज ब्लॉक व ग्राम पंचायतों का किया औचक निरीक्षण

## लापरवाही पर जताई नाराजगी, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने गुरुवार को विकास खंड वजीरगंज तथा विभिन्न ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जहां साफ-सफाई और कुछ कार्यों पर संतोष व्यक्त किया गया, वहीं लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी भी दी गई।

सीडीओ ने सबसे पहले विकासखंड वजीरगंज कार्यालय का निरीक्षण किया, जहां खंड विकास अधिकारी शैली गोबिल अपने स्टाफ के साथ उपस्थित मिलीं। उन्होंने प्रधानमंत्री मॉडल आवास, कार्यालय परिसर, स्टोर व स्टाफ कक्ष का निरीक्षण किया। साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। इसके बाद उन्होंने ग्राम गुठेला में निर्माणाधीन वृहद गौशाला का निरीक्षण किया। मौके पर पशु चिकित्साधिकारी व निर्माण एजेंसी के अधिकारी मौजूद रहे। सीडीओ ने मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के साथ निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। नगर पंचायत वजीरगंज स्थित कान्हा गौशाला के निरीक्षण में गोवंशों की कम संख्या पाए जाने पर सीडीओ ने नाराजगी व्यक्त की। गौशाला में मात्र 60 गोवंश संरक्षित मिले। एक बीमार गाय मिलने पर उन्होंने तत्काल उपचार के निर्देश पशु चिकित्साधिकारी को दिए। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के निरीक्षण में फुल टाइम टीचर चेतना सहित दो रसोइयों के अनुपस्थित मिलने पर सीडीओ ने नाराजगी जताई और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

अंत में ग्राम पंचायत बनकोटा में मनरेगा के तहत खुदवाए गए तालाब का निरीक्षण किया गया। यहां वृक्षारोपण कार्य की सराहना की गई। ग्राम पंचायत भवन में डिजिटल लाइब्रेरी का अवलोकन करते हुए प्रकाश व्यवस्था सुधारने तथा ग्रामीणों को लाइब्रेरी के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सामुदायिक शौचालय और मियावाकी पद्धति से प्रस्तावित वृक्षारोपण स्थल का भी निरीक्षण किया गया।

# बिजली के तार काट रहे चोर को ग्रामीणों ने दबोचा, पिटाई कर पुलिस को सौंपा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र के बिल्सी हाईवे पर भरकुईयां गांव के ईंट भट्ठे के पास बृहस्पतिवार तड़के करीब पांच बजे तार चोरी कर रहे गिरोह का एक सदस्य ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गया। ग्रामीणों ने उसकी पिटाई कर दी और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बताया जा रहा है कि तार चोरी करने के लिए इको कार से 12 से अधिक चोर पहुंचे थे।

विद्युत उपकेंद्र कुरऊ से चंदऊ ग्रामीण फीडर की 11 केवी हाईटेंशन लाइन का काम चल रहा है। चोरों ने करीब 15 बिजली खंभों से तैयार हो रही सेपरेट चंदऊ ग्रामीण फीडर की हाईटेंशन लाइन के तार उतार लिए थे। इसी दौरान हाईवे पर टहल रहे ग्रामीणों व खेतों की रखवाली करने पहुंचे किसानों की नजर पड़ी तो उन्होंने विरोध किया। शोर मचने पर अधिकांश चोर मौके से भाग गए। बिजली खंभे से उतरते समय एक चोर ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गया। ग्रामीणों ने उसे कई घंटों तक बंधक बनाए रखा और पुलिस व विद्युत निगम को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर चोर को हिरासत में ले लिया। पकड़े आरोपी ने अपना नाम चिंटू बताया। उसने अपने अन्य साथियों के नाम भी बताए हैं, जो ककराला क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के आधार पर फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते चोरी का पता न चलता तो चोर बड़ी मात्रा में बिजली तार ले जाते, जिससे गांवों की बिजली व्यवस्था कई दिनों तक प्रभावित रहती। ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। अधिशासी अभियंता प्रथम नीरज ने बताया कि पकड़े गए चोर के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इससे पहले हुई चोरियों की रिपोर्ट अज्ञात में पहले से दर्ज है।

## सार संक्षेप

### आयुष्मान कार्ड बनवाना अब होगा आसान, पत्रकारों के लिए नया पोर्टल जल्द

**बदायूं।** पत्रकार बंधुओं को आयुष्मान कार्ड बनवाने में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए सूचना विभाग ने महत्वपूर्ण पहल की है। सहायक निदेशक सूचना आशुतोष चंदोला ने बताया कि सूचना निदेशक विशाल सिंह के निर्देश पर पत्रकारों के हित में यह सुविधा और सरल बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि जिन मान्यता प्राप्त पत्रकारों ने आयुष्मान कार्ड के लिए आवेदन किया था लेकिन किसी कारणवश उनका कार्ड नहीं बन पाया है, वे beneficiary.nha.gov.in पोर्टल पर जाकर अपने आवेदन की स्थिति जांच सकते हैं। यदि पोर्टल पर उनका नाम प्रदर्शित होता है, तो किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए संबंधित जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सुधार कराया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि जिन पत्रकार बंधुओं ने अभी तक आवेदन नहीं किया है या जिनका आवेदन लंबित है, उनके लिए जल्द ही एक नया ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया जाएगा। इस पोर्टल के माध्यम से पत्रकार अपने जनपद के जिला सूचना अधिकारी के जरिए आसानी से आवेदन कर सकेंगे। पोर्टल के शुरू होने की सूचना शीघ्र ही जारी की जाएगी, जिससे पत्रकारों को आयुष्मान कार्ड प्राप्त करने में और अधिक सुविधा मिल सकेगी।

### जिले में तैनात तीन सीओ का गैरजनपद तबादला, गाजीपुर के सीओ अशेष को बदायूं में मिली तैनाती

**बदायूं।** शासन ने जिले में तैनात तीन सीओ का गैर जनपद तबादला कर दिया है। वहीं, गाजीपुर से अशेष नाथ सिंह को बदायूं भेजा गया है।
शासन से जारी तबादला सूची के अनुसार पुलिस कार्यालय में तैनात सीओ संजीव कुमार को पीएसी की 28वीं वाहिनी इटावा में सहायक सेनानायक के पद पर भेजा गया है। जबकि सीओ महिला अपराध सुरेंद्र सिंह यादव का तबादला पीलीभीत और सीओ ट्रैफिक सुनील अहलावत का तबादला एटा के लिए किया गया है। वहीं, गाजीपुर में तैनात सीओ अशेष नाथ सिंह को बदायूं भेजा गया है। बताते चलें कि सीओ संजीव कुमार जिले में करीब ढाई साल से तैनात है। उनका यह कार्यकाल विवादों से घिरा रहा है। उन पर ई-रिक्शा चालक को धमकाने का आरोप लगा, जिसके बाद चालक ने एसएसपी कार्यालय में आत्मदाह कर लिया था। इसके अलावा बिसौली व बिल्सी सर्किलों में उनका कार्यकाल विवादों के घेरे में रहा। अब शासन ने उनका भी तबादला कर दिया है।

### घर से किशोरी गायब, गुमशुदगी दर्ज

**बदायूं।** थाना अलापुर क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री 30 जून की रात 10 बजे अचानक घर में किसी को बिना बताए चली गई है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका सुराग नहीं लगा। पिता की तहरीर पर पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### शराब पीने से मना करने पर युवक से मारपीट, तीन पर प्राथमिकी

**बदायूं।** थाना बिल्सी क्षेत्र के गांव खैरी निवासी हरिबाबू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 29 जून की रात 10 बजे गांव के लवकुश ने उसके पुत्र रवेंद्र से शराब पीने को कहा, लेकिन रवेंद्र ने शराब पीने से मना कर दिया। इसी बात पर दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। आरोप है कि लवकुश ने गाली गलौज करना शुरु कर दी। बाद लवकुश, जोयब व एलियन ने उसके बेटे को लाठी-डंडो से जमकर पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया है।

### महिला से मारपीट करने पर पिता-पुत्रों पर प्राथमिकी

**बदायूं।** दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव डहरपुर कलां निवासी सरला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 30 जून की रात 9 बजे उसे सूचना मिली कि उसके खेत पर पड़ोसी गांव बिहारीपुर के संजीव उपाध्याय व उसके दोनों बेटे अजय व विजय रात के अंधेरे में कब्जा कर रहे हैं। जब उसने खेत पर पहुंचकर अवैध कब्जे का विरोध किया तो तीनों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसके सिर में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने महिला का मेडीकल परीक्षण कराकर तीनो आरोपितों पर केस दर्ज किया है।

# बैलेस्टिक जांच के लिए तीन पुलिस अफसरों की पिस्टलें सील

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** इनामी बदमाश जितेंद्र उर्फ ढालू के साथ पुलिस की हुई मुठभेड़ मामले में अब नया मोड़ आ गया है। मुठभेड़ की अब वैज्ञानिक जांच होगी। मुठभेड़ के दौरान जबाबी फायरिंग करने वाले एसपी सिटी अभिषेक सिंह, इंस्पेक्टर सिविल लाइन हरेंद्र सिंह व इंस्पेक्टर सहसवान धनंजय सिंह की सरकारी पिस्टलें केस प्रापट्री बना दी गई है। इन तीनों पिस्टलों को सील कर आरोपित से बरामद तमंचे व पिस्टल के साथ फोरेसिंक लैब भेजा जाएगा। लैब में बैलेस्टिक एक्सपर्ट इसकी जांच करेंगे कि किस हथियार से कितनी फायरिंग की गई और घटनास्थल से मिले खोखे किस असलहे के हैं। पुलिस की ओर से दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, बदमाश जितेंद्र उर्फ ढालू ने पुलिस टीम पर छह राउंड फायरिंग की थी। उसके कब्जे से एक 32 बोर की सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल, एक 315 बोर का तमंचा के अलावा जिंदा कारतूस व खोखे बरामद हुए हैं। जबकि पुलिस ने जबाबी फायरिंग में तीन राउंड फायर किए थे। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से बरामद सभी असलहे, कारतूस, खोखे व अन्य साक्ष्यों को सील कर केस प्रापर्टी बनाया गया है। फोरेसिंक लैब की रिपोर्ट विवेचना का अहम हिस्सा बन सकती है। इसे कोर्ट में भी आवश्यक साक्ष्य के रुप में प्रस्तुत किया जा सकता है। फोरेसिंक लैब में पुलिस व बदमाश के सभी असलहों की बैलेस्टिक जांच होगी। जांच पूरी होने के बाद एफएसएल अपनी रिपोर्ट विवेचक को सौपेंगी, जो कि मुठभेड़ की विवेचना का अहम हिस्सा बनेगी। बताते चलें कि पुलिस व इनामी बदमाश जितेंद्र उर्फ ढालू के बीच गत दिनों मुठभेड़ हुई थी। जिसमें गोली लगने से बदमाश की मौत हो गई थी। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की विवेचना की जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, फंदे पर लटका मिला शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

- उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव अथइया की घटना
- मां-बाप के निधन के बाद से ननिहाल में रह रहा युवक

**बदायूं।** उझानी कोतवाली क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव खेतिहर इलाके में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। रामपुर जिले के कस्बा कासगंज निवासी गौतम (18) पुत्र जयपाल के मां-बाप का निधन कई साल पहले हो गया था। मां-बाप के निधन के बाद से वह अपनी ननिहाल उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव अथइया में रह रहा था। उसका पालन पोषण मामा-मामी और नानी कर रही थीं। परिजनों ने बताया कि कुछ दिन पहले गौतम का गांव के लोगों से विवाद हो गया था। जिसे गांव के लोगों ने दोनों पक्षों को समझाकर सुलझा दिया था। शुक्रवार सुबह उसका शव खेतिहर इलाके में फंदे पर लटका मिला। परिजनों का कहना है कि गौतम के शरीर पर चोट के निशान थे। जिस पर परिजनों ने हत्या कर शव फंदे पर लटकाने की आशंका जताई है। उधर, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की मौत हैंगिंग से होने की पुष्टि हुई है। इंस्पेक्टर उझानी प्रवीण कुमार ने बताया कि सूचना पर शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत आसफपुर में वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बिसौली।** बृहस्पतिवार को वन विभाग द्वारा आसफपुर पशु चिकित्सालय परिसर में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य गजेंद्र सिंह यादव "बाबा" ने पौधारोपण कर किया।

इससे पूर्व बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार, आसफपुर में वन महोत्सव के अवसर पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गजेंद्र सिंह यादव "बाबा" ने कहा कि जब तक हम धरती को हरा-भरा नहीं बनाएंगे, तब तक मानव जीवन पर जल संकट, प्रदूषण और ऑक्सीजन की कमी जैसे खतरे मंडराते रहेंगे। उन्होंने सभी लोगों से आह्वान किया कि हर व्यक्ति को अवसर मिलने पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, ताकि पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी मनोज सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी दीप कुमार वार्ष्णेय, पशुधन प्रसार अधिकारी कमरुल हसन, विकास यादव, सुरेंद्र पाल सिंह, उदयवीर भारती, मनोज कुमार, पुष्पेंद्र गंगवार, जितेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार यादव, अनिकेत कुमार, राजीव यादव, अरविंद कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने को डायल 112 व वज्र वाहन रवाना

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूँ।** जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने गुरुवार को डायल 112 की एक गाड़ी और एक वज्र वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. हृदेश कठेरिया, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक सिंह, क्षेत्राधिकारी उझानी सुनील कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

बीमारियों का सटीक उपचार हमारी दायित्त
सुदामा हॉस्पिटल
जनरल फिजिशियन (मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल)
समय - प्रत्येक दिन
दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक
DR. K. VERMA
MBBS (MD)
वरिष्ठ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, आगरा
Sr. Resident (Medicine) SGPGI, Saifai
7078173252
क्या आप इन लक्षणों/बीमारियों से परेशान हैं?
- सीने में दर्द आना, बार-बार दर्द सपने आना
- चेहरे पर कील, मुंहासे, पिंप्पल होने या पेट की तो गैस
- जोड़ों का, सिर का, पैरों का दर्द व जलन होना
- बारबार बुखार आना व न उतरना
- कमजोरी का लगना व भूख न लगना
- बारबार सर्दी आना/जुकाम होने आना
- भूख कम करना, कब्ज (पिताबट) खुमार, पुराना टायफाइड (हरपिट)
- पेट में दर्द, पेट फूलना, गैस बनना या जलन
- एलर्जी, खांसी, सांस सम्बन्धी तकलीफ का पुराना रोग
- छुटनों में दर्द, पीठ दर्द, सर्वाइकल, अस्थमा
- शुरिक एशिक (बाल), गाउट रोग व अन्य
- हाई या लो बी. पी.
- हाई या लो शुगर की बीमारी, थायरॉइड, उल्टी
- दस्त, पेट दर्द, भूख न लगना
- खून की कमी व विटामिन की कमी
- जोड़ों में दर्द व गठिया, गिल्टीया बुखार
- जॉब व खाने सम्बन्धी समस्याएँ
- जंद न आना, बेचैनी, तनाव रहना
- बिडबिड़ापन, काम करने की समस्या
- दिमाग में खुजली आना या बार-बार, बार बार
- पेशाब आना मम्कची शिकायतें व अन्य
इमरजेन्सी सुविधा 24 घंटे उपलब्ध | सम्पर्क सूत्र - 9690593425, 7078173252
जिओं पेट्रोल पंप के सामने, अलापुर रोड, बदायूं

जांच | सिविल लाइन पुलिस कर रही थी चेकिंग तो कहां से आई सहसवान पुलिस

# मुठभेड़ की होगी मजिस्ट्रियल जांच, 10 जुलाई को दर्ज होंगे गोपनीय बयान

जागरण मोर्चा कार्यालय

- मुठभेड में शामिल थे सहसवान इंस्पेक्टर व अन्य पुलिसकर्मी
- वाहन चेकिंग कर रही थी सिविल लाइन पुलिस तो एसपी सिटी मुठभेड में कैसे

**बदायूं।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में बीते बुधवार रात हुई पुलिस मुठभेड़ की अब मजिस्ट्रियल जांच कराई जाएगी। प्रशासन ने घटना की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम मोहित सिंह को जांच अधिकारी नामित किया है। एडीएम ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी के पास इस घटना से संबंधित कोई जानकारी या साक्ष्य हो तो वह 10 जुलाई को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक उनके न्यायालय में उपस्थित होकर अपने गोपनीय बयान दर्ज करा सकता है।

गौरतलब है कि बुधवार देर रात वाहन चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़ में शातिर बदमाश जितेंद्र उर्फ ढालू पुत्र ओमवीर, निवासी गांव जमैटा, थाना बनियाठेर (जिला संभल) मारा गया था। घटना के बाद से ही मुठभेड़ को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि जब सिविल लाइंस पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी, तब सहसवान पुलिस की टीम मौके पर कैसे पहुंची।

इसके अलावा मुठभेड़ में सहसवान इंस्पेक्टर व अन्य पुलिसकर्मियों की मौजूदगी को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं, यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है कि वाहन चेकिंग के दौरान अचानक एसपी सिटी का घटनास्थल पर पहुंचना कैसे संभव हुआ। इन तमाम बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं, ताकि घटना की सच्चाई सामने आ सके। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी पारदर्शिता के साथ की जाएगी और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मजिस्ट्रियल जांच से इस बहुचर्चित मुठभेड़ के सभी पहलुओं से पर्दा उठने की उम्मीद जताई जा रही है।

# परिवार के साथ मारपीट करने पर चार पर प्राथमिकी

**बदायूं।** उसहैत थाना क्षेत्र के गांव चांदबराई निवासी गुड्डू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी मां रामा देवी व बहन मधु 16 जून को खेत से वापस घर लौट रही थी। रास्ते में गांव के संतोष ने दोनों को रोक लिया और गाली गलौज करने लगा। गाली का विरोध करने पर आरोपित ने मां-बहन के साथ मारपीट की। इसके बाद शाम करीब 7 बजे संतोष, अशोक, कानतेश व करु दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगे। पिता रुकुमचंद ने जब विरोध किया तो सभी ने लाठी-डंडों से मारपीट की। जिसमें उसके पिता को काफी चोट आई है। पुलिस ने चारों आरोपितों पर प्राथमिकी दर्ज की है।

# नाले में गिरा ऑटो, बड़ा हादसा टला



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** पुलिस लाइन चौराहे पर कचहरी रोड स्थित चर्च के सामने एक ऑटो अनियंत्रित होकर नाले में गिर गया। गनीमत रही कि हादसे के समय ऑटो में कोई सवारी नहीं थी। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते ऑटो से कूदकर अपनी जान बचा ली।

घटना की सूचना मिलते ही यातायात पुलिस मौके पर पहुंची। टीएसआई आरएल राजपूत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने स्थिति को संभाला और यातायात को सुचारू कराया। ईश्वर की कृपा से इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

# सम्पादकीय

## भाई-बहन की जोड़ी मोदी-ताकाइची ने रचा इतिहास, हिंद प्रशांत में संतुलन की नई धुरी बने भारत-जापान

भारत और जापान ने अपने विशेष सामरिक वैश्विक साझेदारी संबंधों को नई मजबूती देते हुए नई दिल्ली में आज कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान की प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची के बीच हुए वार्षिक शिखर सम्मेलन में आर्थिक सुरक्षा, रक्षा सहयोग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा, स्वास्थ्य, आपूर्ति श्रृंखला और हिंद प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता जैसे अहम मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। दोनों देशों ने साफ संकेत दिया कि बदलते वैश्विक हालात के बीच भारत और जापान अब केवल आर्थिक साझेदार नहीं, बल्कि एक दूसरे के भरोसेमंद रणनीतिक सहयोगी बनकर उभर रहे हैं। हम आपको बता दें कि जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री ताकाइची की यह भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है। राष्ट्रपति भवन में उनका भव्य स्वागत किया गया और दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय वार्ता के बाद साझा बयान जारी करते हुए संबंधों को और गहरा करने का संकल्प दोहराया। प्रधानमंत्री मोदी ने ताकाइची को अपनी छोटी बहन बताते हुए भारत और जापान के बीच बौद्ध सांस्कृतिक संबंधों का भी उल्लेख किया, विशेषकर जापान के नारा प्रांत से भारत के ऐतिहासिक जुाव को रेखांकित किया। वहीं ताकाइची ने भी मोदी को अपना बड़े भाई बताया और कहा कि दोनों देशों के संबंध अब एक नए चरण में प्रवेश कर रहे हैं।

वार्ता का सबसे महत्वपूर्ण पहलू आर्थिक सुरक्षा और प्रौद्योगिकी सहयोग रहा। दोनों देशों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में संयुक्त वक्तव्य जारी किया और भारतीय तथा जापानी संस्थानों के बीच कई समझौते हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जापान की सूक्ष्म तकनीकी क्षमता और भारत की साफ्टवेयर विशेषज्ञता का मेल वैश्विक कृत्रिम बुद्धिमत्ता विकास को नई दिशा देगा। यह सहयोग केवल तकनीकी नहीं बल्कि सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि दुनिया में तकनीकी प्रतिस्पर्धा तेजी से भू राजनीतिक शक्ति संतुलन को प्रभावित कर रही है।

रक्षा क्षेत्र में भी दोनों देशों ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। भारत और जापान ने अपने पहले संयुक्त रक्षा विकास परियोजना समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह परियोजना नौसैनिक रेडियो एंटीना प्रणाली ह्यूनिकॉर्नह्व के सह विकास से संबंधित है। इस समझौते को हिंद प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए अहम कदम माना जा रहा है। हम आपको बता दें कि दोनों देश क्वॉड समूह के सदस्य हैं, जिसमें अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हैं। चीन की बढ़ती समुद्री आक्रामकता और दक्षिण चीन सागर से लेकर पूर्वी चीन सागर तक बदलते सामरिक समीकरणों के बीच यह रक्षा सहयोग विशेष महत्व रखता है।

साथ ही भारत और जापान ने ऊर्जा सुरक्षा तथा आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने पर भी सहमति जताई। सेमीकंडक्टर, दुर्लभ खनिज, धातु और उर्जा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए साझा रूपरेखा तैयार की जाएगी। दोनों देशों ने स्थानीय मुद्रा में व्यापार व्यवस्था पर भी चर्चा की, जिसके तहत रुपये और येन में सीधे व्यापार की संभावना पर काम होगा। इससे अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम हो सकती है और दोनों अर्थव्यवस्थाओं को अधिक रणनीतिक स्वायत्तता मिलेगी।

साथ ही जापान ने अगले दस वर्षों में भारत में दस ट्रिलियन येन निवेश करने की घोषणा दोहराई। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर कहा कि भारत में जापानी कंपनियों की संख्या दोगुनी की जाएगी। वर्तमान में जापान भारत के सबसे बड़े निवेशकों में शामिल है और मुंबई अहमदाबाद बुलेट ट्रेन रेल परियोजना सहित कई आधारभूत ढांचा योजनाओं में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। दोनों देशों के बीच वित्त वर्ष 2025-26 में द्विपक्षीय व्यापार 27.5 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। जापान की प्रधानमंत्री के साथ आया बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी इस बात का स्पष्ट संकेत था कि टोक्यो भारत में निवेश बढ़ाने जा रहा है।

साथ ही दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सहयोग को नई गति मिली है। औषधि, चिकित्सा उपकरण और जैव प्रौद्योगिकी से जुड़े समझौतों के माध्यम से दोनों देशों ने वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा में योगदान देने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की व्यापक उत्पादन क्षमता और जापान की गुणवत्ता आधारित तकनीक मिलकर विश्व को सस्ती और भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा सकती हैं। इसके साथ ही भारत जापान जैव गैस पहल के अंतर्गत भारत में एक हजार जैव गैस और जैविक उर्वरक संयंत्र स्थापित किए जाएंगे।

देखा जाये तो यह पूरा घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब विश्व व्यवस्था तेजी से बदल रही है। चीन की सैन्य सक्रियता, आपूर्ति श्रृंखलाओं पर वैश्विक प्रतिस्पर्धा, ऊर्जा संकट और हिंद प्रशांत क्षेत्र में शक्ति संतुलन को लेकर बढ़ती चिंताओं ने भारत और जापान को और करीब ला दिया है। अमेरिका की विश्वसनीयता को लेकर उठते सवालों के बीच टोक्यो अब नई दिल्ली को अपने सबसे भरोसेमंद रणनीतिक साझेदारों में देख रहा है। भारत भी जापान को केवल निवेशक नहीं बल्कि दीर्घकालिक सामरिक सहयोगी के रूप में देख रहा है।

हम आपको याद दिला दें कि प्रधानमंत्री मोदी और पूर्व जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे के बीच गहरे व्यक्तिगत संबंधों ने भी इस साझेदारी को मजबूती दी थी। गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए मोदी की जापान यात्राओं से शुरू हुआ यह संबंध अब व्यापक सामरिक साझेदारी का रूप ले चुका है। वर्तमान वार्ता ने स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले वर्षों में भारत जापान संबंध एशिया की सबसे निर्णायक रणनीतिक धुरी बन सकते हैं।

देखा जाये तो भारत और जापान की बढ़ती दोस्ती का प्रभाव केवल द्विपक्षीय संबंधों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका असर पूरे एशिया और वैश्विक शक्ति संतुलन पर दिखाई देगा। लोकतांत्रिक मूल्यों, आर्थिक सहयोग और सामरिक विश्वास पर आधारित यह साझेदारी हिंद प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता और शांति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। चीन की बढ़ती आक्रामकता, वैश्विक आपूर्ति संकट और बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच भारत और जापान का साथ आना एशिया में एक नए रणनीतिक संतुलन का संकेत माना जा रहा है। आने वाले वर्षों में यह साझेदारी न केवल व्यापार, तकनीक और रक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाएं खोलेगी, बल्कि विश्व राजनीति में भी एक भरोसेमंद और स्थिर शक्ति केंद्र के रूप में उभर सकती है।

# रामजी लगाएंगे वेड़ा पार

*केजरीवाल की इस रामधुन पर विचार करने से पहले पंजाब के मतदाता समुदाय की संरचना को समझना आवश्यक है। 117 विधानसभा सीटों वाले पंजाब की आबादी में 57.69 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ सिख समुदाय सबसे बड़ा है। दूसरे स्थान पर लगभग 39.49 प्रतिशत आबादी वाला हिंदू समुदाय है।*



■ उमेश चतुर्वेदी

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं।)

टेलीविजन के व्यापक प्रसार से पहले की सुबहें कुछ खास होती थीं। लगभग हर गली-मोहल्ले में मधुर धुन में एक भजन गूंजता रहता था - 'तेरा रामजी करेंगे बेड़ा पार, उदासी मन काहे को करे।' जन-जन तक इन शब्दों को अपने सुरों के माध्यम से पहुंचाने वाले हरिओम शरण पांच नदियों वाले प्रदेश पंजाब की माटी की उपज थे। इसे संयोग ही कहेंगे कि आज इसी पंजाब की धरती पर दोबारा राजनीतिक कब्जे की कोशिश में जुटे आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल भी कुछ इसी अंदाज में रामधुन गा रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह से राम मंदिर के दर्शन न करने को लेकर उनका सवाल पूछना इसी रामधुन का विस्तार है।

अरविंद केजरीवाल की रामधुन कुछ अलग किस्म की है। भारतीय जनता पार्टी की तरह उन्होंने स्वयं को सीधे-सीधे रामभक्त बताने से परहेज किया है, लेकिन वे भारतीय जनता पार्टी के दूसरे सबसे प्रभावशाली नेता अमित शाह को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं। उनका कहना है कि राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अमित शाह ने अपने भाषणों और साक्षात्कारों में भगवान राम और राम मंदिर का 42 बार उल्लेख किया, लेकिन ढाई वर्ष बीत जाने के बावजूद वे अब तक राम मंदिर क्यों नहीं गए। ऐसा कहकर केजरीवाल एक तरह से यह स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी के लिए राम श्रद्धा का विषय नहीं, बल्कि वोट हासिल करने का माध्यम हैं। इसके साथ ही उन्होंने अमित शाह से पांच सवाल भी पूछे हैं। उनका कहना है कि कई बार राम मंदिर के नाम पर वोट मांगने के बावजूद अमित शाह का राम मंदिर न जाना अनेक सवाल खड़े करता है।

केजरीवाल की इस रामधुन पर विचार करने से पहले पंजाब के मतदाता समुदाय की संरचना को समझना आवश्यक है। 117 विधानसभा सीटों वाले पंजाब की आबादी में 57.69 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ सिख समुदाय सबसे बड़ा है। दूसरे स्थान पर लगभग 39.49 प्रतिशत आबादी वाला हिंदू समुदाय है। 1.93 प्रतिशत आबादी के साथ मुस्लिम समुदाय तीसरे और 1.26 प्रतिशत आबादी वाला ईसाई समुदाय चौथे स्थान पर है। माना जाता है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में सिख संगत के बड़े हिस्से ने आम आदमी पार्टी का साथ दिया था। इसके साथ ही लगभग 11 प्रतिशत हिस्सेदारी वाले दलित समाज का भी झाड़ू चुनाव चिह्न को भरपूर समर्थन मिला था। लेकिन इस बार बेअदबी कानून और मुख्यमंत्री भगवंत मान पर लगे कथित बेअदबी के आरोपों के कारण आम आदमी पार्टी बैकफुट पर दिखाई दे रही है।

इसी बीच भगवंत मान के कथित वायरल वीडियो को लेकर भी सियासी और पंथिक घमासान मचा हुआ है। इस वीडियो में उन्हें गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी करते हुए दिखाया गया है। हालांकि मुख्यमंत्री भगवंत मान इसे उनकी छवि खराब करने की सोची-समझी साजिश बता रहे हैं। उनका दावा है कि वीडियो में दिखाई देने वाला व्यक्ति वे नहीं हैं। उनका कहना है कि चुनाव से ठीक पहले उनकी पार्टी, उनकी सरकार और उनकी व्यक्तिगत छवि को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से यह वीडियो प्रसारित किया गया है। मान का कहना है कि उनके कार्यकाल में लागू की गई जन-कल्याणकारी नीतियों और व्यापक जनहित के फैसलों को कमजोर करने के लिए यह फर्जी वीडियो बनाया गया है। आम आदमी पार्टी लगातार इसकी फोरेंसिक जांच की मांग करती रही है। हालांकि अकाल तख्त ने इस सफाई को स्वीकार नहीं किया। इस मामले में अकाल तख्त ने भगवंत मान को तलब भी किया। वहां भी उन्होंने अपनी पूर्ववत सफाई दोहराई। लेकिन अकाल तख्त के जत्थेदार कुलदीप सिंह गरज्ज का कहना है कि मान ने तख्त के समक्ष असत्य कहा, क्योंकि अकाल तख्त द्वारा कराई गई फोरेंसिक जांच में वीडियो सही पाया गया है।

मुख्यमंत्री मान भले ही यह कहते रहें कि उन्होंने पंथ के प्रति कोई अपमानजनक व्यवहार नहीं किया, लेकिन सामान्य सिख समुदाय उनकी इस सफाई को स्वीकार करता नहीं दिख रहा है। स्पष्ट है कि आगामी चुनावों में इसका असर दिखाई दे सकता है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अमित शाह से राम मंदिर को लेकर सवाल उठाना दरअसल केजरीवाल की एक सोची-समझी रणनीति है। उन्हें आशंका है कि राज्य का बहुसंख्यक सिख समुदाय इस बार आम आदमी पार्टी से दूर जा सकता है। इसलिए उन्होंने राम का मुद्दा प्रमुखता से उठाना शुरू किया है। इसके माध्यम से वे एक ओर भारतीय जनता पार्टी को घेरने का प्रयास कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर यह संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि उनकी पार्टी ही हिंदू समुदाय के हितों की वास्तविक पक्षधर है। इस बहाने वे हिंदू वोट बैंक को अपनी ओर आकर्षित करना चाहते हैं।

वैसे यह पहला अवसर नहीं है जब आम आदमी पार्टी के नेतृत्व ने चुनाव से पहले हिंदू प्रतीकों और देवी-देवताओं की शरण ली हो। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2020 से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने कनॉट प्लेस स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में दर्शन किए थे। उनके वहां जाने के बाद आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में भी मंदिर जाने की होड़-सी लग गई थी। यह अलग बात है कि उनकी सरकार मस्जिदों के इमामों और मौलानाओं के मानदेय की घोषणा कर चुकी थी, जबकि मंदिरों के पुजारियों के लिए ऐसी कोई ठोस और प्रभावी योजना सामने नहीं आई। इसी कारण उनकी आलोचना भी हुई थी। हालांकि हनुमान मंदिर में दर्शन के बाद 2020 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को बड़ी जीत मिली।

बंटवारे के दौरान पंजाब की हिंदू और सिख आबादी ने भारी कीमत चुकाई थी। उन दिनों पंजाब में राष्ट्रीय विचार का संगठन काफी सक्रिय था। ऐसे में माना जाता था कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी का मजबूत उभार होना चाहिए था, लेकिन पंथिक राजनीति के कारण ऐसा नहीं हो सका। अकाली दल के साथ लंबे समय तक गठबंधन रहने के बावजूद भारतीय जनता पार्टी का प्रभाव मुख्यतः शहरी क्षेत्रों तक सीमित रहा, जहां उसे हिंदुओं की पार्टी के रूप में देखा जाता था। राज्य की बहुसंख्यक सिख आबादी पर अकाली दल और कांग्रेस का प्रभाव बना रहा। गठबंधन के दौरान भारतीय जनता पार्टी छोटे सहयोगी की भूमिका में रही। अकाली दल के नेतृत्व ने उसे ग्रामीण क्षेत्रों और अन्य समुदायों में विस्तार का पर्याप्त अवसर नहीं दिया तथा उसे सीमित सहयोगी बनाकर रखा। कृषि कानूनों के बाद दोनों दलों का गठबंधन टूट गया और तब से दोनों की राजनीतिक राहें अलग हैं। इस बीच भारतीय जनता पार्टी ने भी अपनी रणनीति बदली है। वह अब राज्य में प्रमुख राजनीतिक शक्ति बनने की कोशिश कर रही है। सुनील जाखड़, कैप्टन अमरिंदर सिंह और रवनीत सिंह बिट्टू जैसे दिग्गज नेताओं को साथ लेकर वह स्वयं को एक मजबूत विकल्प के रूप में स्थापित करने का प्रयास कर रही है। इस रणनीति की बुनियाद राज्य का हिंदू समुदाय है। ऐसे में केजरीवाल की रामधुन भी इसी कोर वोट बैंक को साधने का प्रयास मानी जा रही है। उन्हें आशंका है कि पिछले चुनाव में उनका प्रमुख समर्थक रहा सिख समुदाय इस बार उनसे दूर हो सकता है।

वैसे तो आज समूची राजनीति ही पैंतराबाजी की उस्ताद बन चुकी है, लेकिन केजरीवाल और उनकी पार्टी ने इसमें विशेष दक्षता हासिल कर ली है। राजनीतिक आवश्यकता के अनुसार वह स्वयं को कभी सेकुलर, कभी अल्पसंख्यकों की हितैषी और अवसर आने पर धार्मिक प्रतीकों से जुड़ा हुआ भी प्रस्तुत करती है। अमित शाह से राम मंदिर को लेकर सवाल पूछना भी इसी बदलती राजनीतिक रणनीति का उदाहरण माना जा सकता है। पंजाब के लगभग 39 प्रतिशत हिंदू मतदाताओं का भरोसा जीतने की कोशिश के रूप में भी केजरीवाल के इन सवालों को देखा और समझा जा सकता है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# डी-लिस्टिंग ही जनजातीय समुदाय की भलाई



■ डॉ. सोनाली नरगुन्दे

(लेखिका देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय, इंदौर के पत्रकारिता में विभागाध्यक्ष व स्तंभकार हैं)

कांकेर जिले के अंतागढ़ विकासखंड के ग्राम बड़े तेवड़ा में हुई ग्राम सभा में एक बड़ा निर्णय लिया गया। इसमें सरपंच ने पूर्व सरपंच सहित 14 व्यक्तियों के अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र निरस्त करने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया। अब इस निर्णय को जिला प्रशासन के समक्ष रखा जाने का निर्णय लिया गया। पंचायत के अनुसार ये सभी गोंड समुदाय के पारंपरिक नियमों और नीतियों को नहीं मानते हैं। इनका विश्वास, संस्कार और पूजा पद्धति सभी गोंड समाज के अनुसार नहीं है। अतः इन लोगों पर यह कार्रवाई की गई है। प्रस्ताव में कहा गया है इन व्यक्तियों में गोंड समाज की धार्मिक मान्यताओं में आस्था नहीं है। ये लोग अपने यहां चर्च की परंपराओं का का पालन कर रहे हैं। ग्राम सभा के अनुसार इन्हें गोंड समाज की पारंपरिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मान्यता भी नहीं है।

यह समाचार इसलिए चर्चा में है क्योंकि मतांतरित जनजातियों के लाभ उठा रहे हैं। जनजातीय सुरक्षा मंच के अनुसार भारत में लगभग 18 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति समाज का मतातंरण हो चुका है। यहीं मतांतरित लोग जनजातीय आरक्षक और शासकीय योजनाओं का लगभग 80 प्रतिशत लाभ प्राप्त कर रहा है। शेष और 82 प्रतिशत मूल जनजातीय समाज को मात्र 20 प्रतिशत लाभ मिल रहा है। इससे ना सिर्फ सामाजिक असमानता बढ़ रही है बल्कि संविधान की मूल भावना के भी विपरीत है। सभी जनजातीय समाज ने इसके लिए मांग उठाई और यह बात सबसे पहले अनुसूचित जनजाति के हित में केन्द्रीय मंत्री कार्तिक उरांव ने उठाई थी। 1967 के उनके प्रयासों के बाद संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया गया, जिसें स्पष्ट सिफारिश की गई थी कि यदि किसी ने ईसाई या इस्लाम स्वीकार लिया तो उसे जनजातीय नहीं माना जाएगा। इस पर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ है। लेकिन जनजातीय सुरक्षा मंच ने इसे 2006 में आंदोलन का स्वरूप दिया।

इस संपूर्ण प्रकिया का नाम डी-लिस्टिंग है। डी-लिस्टिंग वह प्रक्रिया है, जिसमें किसी व्यक्ति या समुदाय को अनुसूचित जनजाति सूची से हटाया जाता है जिससे उसके उस स्थिति से जुड़े संवैधानिक लाभ और आरक्षण अधिकार समाप्त हो जाते हैं। अनुच्छेद 342 भारत के राष्ट्रपति को यह अधिकार देता है कि वे सार्वजनिक नोटिफिकेशन के माध्यम से अनुसूचित जनजातियों का निर्धारण कर सकें, जबकि संसद के पास नोटिफाइड सूची में समुदायों को शामिल करने या बाहर करने का अधिकार रहता है। यह आदेश स्वतंत्रता के बाद पहली बार 1950 में जारी किया गया जिसमें भारत की अनुसूचित जनजातियों की आधिकारिक सूची जारी की गई थी।

समस्त जनजातीय समाज की अस्मिता को लेकर उठे इस मुद्दे पर इस कारण संघर्ष जारी है क्योंकि यह सिर्फ जनजातीय लोगों का मत परिवर्तन नहीं है। बल्कि इस कारण लोगों को अनुसूचित जनजाति की स्पष्ट परिभाषा का ज्ञान होना आवश्यक हो गया है। जनजातीय पहचान से जुड़े सभी बिंदुओं पर चर्चा करना जरूरी हो गया है। इस कारण ऐसे विषयों से उपजे भ्रम और विवाद का समाधान हो सके। जो व्यक्ति



मतातंरण के बाद अपनी पारंपरिक जनजातीय आस्था, संस्कृति, रीति रिवाज, सामाजिक परंपरा और जीवन पद्धति का परित्याग कर देता है, उसे अनुसूचित जनजाति का संवैधानिक दर्जा और उससे जुड़े लाभ प्राप्त नहीं होने चाहिए। यह विषय केवल आरक्षण का नहीं, बल्कि जनजातीय समाज की सांस्कृति अस्मिता और अस्तित्व से जुड़ा हुआ है।

भारत में ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में देखें तो जनजातीय राजनीति जमीन, स्वायतत्ता, प्रचलित अधिकार और जीवन रक्षा के बारे में थी। उत्तर पूर्व के संदर्भ में यह नागा, मिजो, कुकी, गारो, खासी, बोडो, त्रिपुरी, संथाल, मुंडा या भील किसी भी जनजातीय समूह में प्रतिरोध का आधार सम्मान और क्षेत्र शासन और बाहरी प्रभुत्व से सुरक्षा में था, इसका धार्मिक पहचान से कोई भी मतलब नहीं था। भारत में जनजातीय विद्रोह भूमि हरण, शोषक कराधान, मिशनरी हस्तक्षेप और पारंपरिक सत्ता के पतन के लिए होते थे। स्वतंत्रता के बाद इसमें राजनीति, राज्य, आंदोलन और स्वायतत्ता की मांग, संवैधानिक अधिकार, सुरक्षा, वन अधिकार और सांस्कृतिक संरक्षण के मुद्दे ही जुड़े रहे हैं।

जनजातीय आरक्षण लाभ और अनुसूचित जनजातियों की डी-लिस्टिंग के लिए 1 जून 2026 को दिल्ली में एक प्रतिनिधि सभा का आयोजन हुआ और उसमें लगभग 500 जनजातियों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभागिता की। उन सभी ने मुख्य मांग रखी कि जो लोग अपने जनजातीय धर्म से किसी अन्य धर्म में जाते हैं तो उन्हें अनुसूचित जनजाति से हटा दिया जाना चाहिए। यह ना सिर्फ एक समुदाय के हितों का मसला है बल्कि यह किसी भी प्रकार के लाभों के न्यायसंगत विरतण से जुड़ा विषय है।

जनजातीय क्षेत्र में राजनीति रूप लेता यह विषय एक अलग दिशा में प्रवेश कर रहा है। धर्मांतरण से समुदाय की पारंपरिक पहचान, जनसंख्या की चिंता, धार्मिक प्रामाणिकता के प्रश्न और सांस्कृतिक परिवर्तनों के दौर से इस देश की सुरक्षा एक आवश्यक मुद्दा है। उत्तर पूर्व में तो पहले से ही था परंतु वर्तमान में मध्यभारत में यह विषय गंभीरता से बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। जनजातीय समुदायों में स्कूल, अस्पताल तथा आर्थिक सहायता करने के साथ सांस्कृतिक छेड़छाड़ के बड़े नेटवर्क के रूप में यह हमारे सामने चुनौती बन गया है।

डिलिस्टिंग की बात आज की नहीं है। कैबिनेट मंत्री रहें जनजातीय नेता ओरांन ने प्रारंभ में इस विचार को रखा था। उन्होंने तभी भांप लिया था कि यदि इस बात पर कार्य नहीं किया गया तो आने वाले समय में यहीं बात जनजातीय भाइयों के लाभों का हनन करेगी। क्योंकि अनुसूचित जनजाति में होने के बाद भी धर्मांतरण में जाने वाला व्यक्ति दो तरफा लाभों को लेगा जिससे वास्तविक जनजातीय व्यक्ति अपने लाभों से वंचित रह जाएगा। उत्तर पूर्व की स्थिति में धार्मिक आस्था भिन्न है परंतु मध्य क्षेत्र में यह बात भिन्न है। यहां की जनजातीय बहुल उन्हें मतांतरण की स्थिति में उनके अपने ही अधिकारों से वंचित कर देगा।

**(यह लेखिका के अपने विचार हैं।)**

# दमनकारी नीतियों के खिलाफ पीओके में उबाल

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में पाकिस्तान सरकार और सेना के दमनकारी रवैये के खिलाफ स्थानीय लोग अब सड़कों पर उतर आए हैं। रावलकोट में हजारों प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट रूप से ऐलान किया है कि 'पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर' पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है, और पाकिस्तान सरकार को चेतावनी दी है कि यदि बुनियादी सुविधाओं व राशन की नाकेबंदी नहीं हटाई गई, तो वे भारत का रुख कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में बढ़ती महंगाई, खाद्य संकट, बढ़ती कीमतों और स्थानीय प्रशासन के मुद्दों को लेकर शुरू हुआ था। अब यह पाकिस्तान सरकार के खिलाफ राजनीतिक विरोध का रूप ले चुका है। हाल ही में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने रावलकोट और मीरपुर के लोगों को 'असल कश्मीरी नहीं' बताया था। इसके बाद विरोध और बढ़ गया। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में चल रहे ऐतिहासिक जन-आंदोलन ने इस्लामाबाद की हुकूमत की चूलें हिला दी हैं। दशकों तक 'आजाद कश्मीर' के झूठे नारों के तले दबे पीओके के नागरिकों का सब्र अब जवाब दे चुका है। रावलकोट के ईदगाह मैदान में उमड़े जनसैलाब ने यह हुंकार भरकर कि 'हम पाकिस्तान का हिस्सा नहीं हैं.' इस क्षेत्र के राजनीतिक भविष्य पर एक नया प्रश्नचिह्न अवश्य लगा दिया है। इस आक्रोश के पीछे पाकिस्तान सरकार की दमनकारी नीतियां और आर्थिक शोषण मुख्य कारण हैं। जम्मू-कश्मीर अवामी एक्शन कमेटी के बैनर तले एकजुट हुए लोगों का आरोप है कि पाकिस्तानी प्रशासन ने इलाके में खाद्य सामग्री, बिजली और बुनियादी चीजों की आपूर्ति रोककर नागरिकों को प्रताड़ित करने का प्रयास किया है। इसके अलावा, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ द्वारा यह कहना कि रावलकोट और मीरपुर के लोग 'असली कश्मीरी नहीं हैं,' ने जनता के स्वाभिमान को गहरी चोट पहुंचाई है।

पाकिस्तान सरकार ने आंदोलन को कुचलने के लिए न केवल इंटरनेट सेवाओं को बंद किया है, बल्कि जम्मू-कश्मीर अवामी एक्शन कमेटी को आतंकी संगठन घोषित कर सैकड़ों नेताओं-कार्यकताओं को हिरासत में भी लिया है। इसके बावजूद आंदोलन थमने का नाम नहीं ले रहा है। सबसे चौंकाने वाला और भू-राजनीतिक समीकरण बदलने वाला पहलू प्रदर्शनकारियों की वह चेतावनी है, जिसमें उन्होंने कहा है कि 'हमें पाकिस्तान के राशन की जरूरत नहीं, पाकिस्तान को हमारी जरूरत है।' नेताओं ने दो-टूक कहा है कि यदि नाकेबंदी जारी रहीं, तो वे मदद के लिए भारत का रुख करने को मजबूर होंगे। यह बयान बताता है कि पीओके के नागरिक अब पाकिस्तानी तानाशाही को और सहन करने को तैयार नहीं हैं। यह जन-विद्रोह मानवाधिकारों के घोर उल्लंघन और पाकिस्तानी सेना के दमन की पोल खोलता है। एमनेस्टी इंटरनेशनल जैसी मानवाधिकार संस्थाओं ने भी पाकिस्तान के इस रवैये की कड़ी आलोचना की है। अब समय आ गया है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस दमन का संज्ञान ले और पीओके के लोगों को उनका वास्तविक लोकतांत्रिक और मानवाधिकार दिलाए।

## बाधाओं से लड़ना सीखो



भागते इस निर्मल जल में,जीवन का असली सार छुपा है।बाधाओं से लड़ना सीखो,यह संदेश हर बूँद में बुना है।

## सीएम योगी वाराणसी से शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना की देंगे सौगात

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ 8 जुलाई को वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ करेंगे। इसके जरिये बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के पात्र शिक्षकों तथा उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अनुरूप कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के प्रभावी और पारदर्शी संचालन के लिए डिजिटल व्यवस्था को अपनाया गया है।

# स्मार्ट मीटर की ली गई ज्यादा कीमत उपभोक्ताओं को लौटा रहा यूपीपीसीएल, 23 लाख लोगों को वापस किया

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** यूपीपीसीएल ने स्मार्ट मीटर के लिए वसूले गए अतिरिक्त शुल्क की वापसी शुरू कर दी है। जुलाई में एफपीपीएएस घटकर 4.43 प्रतिशत होने से उपभोक्ताओं को बिजली बिल में भी राहत मिलेगी।

उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने स्मार्ट मीटर की ली गई अधिक कीमत लौटाना शुरू कर दिया है। स्मार्ट मीटर के अतिरिक्त शुल्क के रूप में 33.22 करोड़ रुपये लौटाई जा रही है। प्रदेश में अब तक कुल 91.77 लाख स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। इस माह 23.99 लाख स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बिल एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध करा दिए गए हैं। शेष बिल 10 जुलाई 2026 तक जारी कर दिए जाएंगे।

उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के प्रावधानों के अनुसार जुलाई 2026 के विद्युत बिलों में लागू होने वाली फ्यूल एंड पॉवर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) की दर 4.43 फीसदी निर्धारित की गई है। यह जून 2026 में लागू 10 फीसदी की दर की तुलना में काफी कम है। जुलाई माह के विद्युत बिलों में उपभोक्ताओं पर एफपीपीएएस का भार कम होगा।

यूपीपीसीएल के निदेशक (वाणिज्य) प्रशांत वर्मा ने बताया कि पूर्व में पोस्टपेड से प्रीपेड में परिवर्तित हुए लगभग 83 लाख स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के बिल में उनकी सिक्योरिटी राशि समायोजित की गई थी। अब पुनः पोस्टपेड में परिवर्तित किए जाने पर पूर्व में घटाई गई सिक्योरिटी राशि को उपभोक्ता के बिल में चार समान किस्तों में जोड़ा जाना है।

नियामक आयोग के टैरिफ प्रावधानों के अनुसार गत वित्तीय वर्ष की मासिक अधिकतम डिमांड के आधार पर 46.68 लाख उपभोक्ताओं का स्वीकृत विद्युत भार स्वतः अपडेट कर दिया गया है। इन उपभोक्ताओं का लगभग 3654 मेगावाट भार बढ़ाया गया है। भार वृद्धि की सूचना उपभोक्ताओं को एसएमएस के माध्यम से भेजी जा रही है।

## सार संक्षेप

### यूपीएसडीएम की समीक्षा बैठक : प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने कौशल विकास योजनाओं की प्रगति पर दिए निर्देश



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन मुख्यालय में शुक्रवार को प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में राज्य के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने वाली विभिन्न योजनाओं की प्रगति का आकलन किया गया तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में मिशन निदेशक पुलकित खरे और अपर मिशन निदेशक पूजा मिश्रा की मौजूदगी में राज्य कौशल विकास निधि, प्रोजेक्ट प्रवीण, जीरो पावर्टी अभियान तथा दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा की गई। यूपीएसडीएम मुख्यालय में समीक्षा बैठक के दौरान प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए। साथ में मिशन निदेशक पुलकित खरे। साथ ही पिछली समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति का भी आकलन किया गया। योजनाओं की प्रगति, लक्ष्य प्राप्ति और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी बनाने पर अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। बैठक में संयुक्त निदेशक मयंक गंगवार, वित्त नियंत्रक संदीप कुमार, सहायक निदेशक डॉ. एम. के. सिंह, मुख्य परिचालन अधिकारी आशीष कुमार सहित मुख्यालय के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की, जिस पर प्रमुख सचिव ने समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

### नखाताल में लकड़ी तस्करी पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, वन दरोगा सस्पेंड, फॉरेस्टर अटैच

**खटीमा।** भारत-नेपाल सीमा से सटे खटीमा वन रेंज के नखाताल जंगल में अवैध पेड़ कटान और लकड़ी तस्करी के मामले में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। पूर्वी तराई वन प्रभाग के डीएफओ हिमांशु बागड़ी ने संबंधित वन दरोगा विशाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, जबकि फॉरेस्टर नित्यानंद भट्ट को एसडीओ कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। पूरे मामले की जांच एसडीओ संचिता वर्मा को सौंपी गई है। डीएफओ हिमांशु बागड़ी ने बताया कि नखाताल क्षेत्र में अवैध तरीके से पेड़ों की कटाई की पुष्टि हुई है। प्रथम दृष्टया संबंधित वन कर्मियों को उच्चाधिकारियों से मामला छिपाने और लापरवाही सामने आने पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि संबंधित कर्मचारियों ने घटना की जानकारी अपने रेंजर और उच्च अधिकारियों को नहीं दी तथा मामले को छिपाने का प्रयास किया, जो गंभीर लापरवाही है।वन विभाग का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। जांच में यदि कोई अन्य कर्मचारी या व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ भी कड़ी विभागीय कार्यवाही की जाएगी। उधर, शिकायतकर्ता के पति आनंद ने वन कर्मियों से अपनी सुरक्षा को लेकर खतरा होने की आशंका जताई है।वन विभाग की इस कार्रवाई के बाद सीमावर्ती जंगलों में अवैध कटान और लकड़ी तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने की उम्मीद जताई जा रही है।

# सीएम योगी बोले- यूपी के आम को मिलेगी वैश्विक पहचान

## जीआई टैग, ब्रांडिंग और निर्यात पर दिया विशेष जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के आम को गुणवत्ता, विश्वास और वैश्विक मानकों पर खरा उतरना होगा। प्रदेश का लक्ष्य केवल आम उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि उसकी ब्रांडिंग, प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, ट्रेसेबिलिटी और ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन के जरिए उसे वैश्विक बाजार में मजबूत पहचान दिलाना है। मुख्यमंत्री ने उद्यान विभाग को आम की अधिक से अधिक किस्मों को जीआई टैग दिलाने के लिए आवेदन करने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आम महोत्सव-2026 का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदर्शनी में लगी 800 से अधिक आम की प्रजातियों का अवलोकन किया और किसानों, बागवानों तथा विशेषज्ञों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के कुल आम उत्पादन में लगभग 26 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखता है। प्रदेश के सभी 18 मंडलों, 75 जिलों और 825 विकासखंडों में आम का उत्पादन होता है। वाराणसी-गोरखपुर का लंगड़ा, मलिहाबाद का दशहरी, बागपत और सहारनपुर का रटौल, बस्ती का आम्रपाली तथा गोरखपुर का गौरजीत जैसी किस्में प्रदेश की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि एक एकड़ आम के बाग से किसान सामान्यतः दो से तीन लाख रुपये तक का मुनाफा कमा रहे हैं। यदि इसमें वैल्यू एडिशन, फूड प्रोसेसिंग और निर्यात जोड़ा जाए तो आय और बढ़ सकती है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सहारनपुर, वाराणसी, लखनऊ और अमरोहा में आधुनिक मैंगो पैक हाउस संचालित हैं। अब नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) के पास इंटीग्रेटेड टेस्टिंग एंड ट्रीटमेंट पार्क विकसित किया जाएगा, जिससे प्रदेश के आम और अन्य बागवानी उत्पादों के निर्यात को नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि आम की गुणवत्ता सुधारने के लिए फ्रूट कवर बैग तकनीक को बढ़ावा दिया जा रहा है और किसानों को डेढ़ करोड़ से अधिक बैग वितरित किए गए हैं।

कार्यक्रम में सीएम योगी ने आम महोत्सव-2026 की स्मारिका का भी विमोचन किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव (उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण) बी.एल. मीणा सहित बड़ी संख्या में किसान, बागवान और कृषि विशेषज्ञ मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने मलिहाबाद के आम को दिए गए ''काकोरी ब्रांड'' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल एक ब्रांड नहीं, बल्कि देश के अमर शहीदों के प्रति सम्मान और किसानों की मेहनत की मिठास का प्रतीक है।

## जैविक उम्र की रिपोर्ट के बाद मिलेगा स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रवेश

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** प्रदेश के स्पोर्ट्स कॉलेजों में नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। फिटनेस, खेल कौशल और तकनीकी परीक्षण में सफल खिलाड़ियों के चयन के बाद अब उनकी जैविक उम्र (बायोलॉजिकल एज) की जांच कराई गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय से रिपोर्ट मिलने के बाद ही पात्र खिलाड़ियों को अंतिम रूप से प्रवेश दिया जाएगा।

स्पोर्ट्स कॉलेज प्रशासन के अनुसार लखनऊ, गोरखपुर, सैफई समेत प्रदेश के पांच स्पोर्ट्स कॉलेजों के लिए चयनित खिलाड़ियों की बायोलॉजिकल एज की जांच पूरी हो चुकी है। सीएमओ कार्यालय से अगले तीन दिनों में रिपोर्ट मिलने की उम्मीद है। रिपोर्ट के आधार पर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि खिलाड़ी संबंधित खेल और आयु वर्ग के निर्धारित मानकों पर खरे उतरते हैं या नहीं।

प्रशासन का कहना है कि कई मामलों में आयु प्रमाणपत्र में कम उम्र दर्शाने की कोशिश की जाती है, लेकिन जैविक जांच से खिलाड़ी की वास्तविक उम्र का पता चल जाता है। ऐसे में निर्धारित सीमा से अधिक जैविक उम्र पाए जाने पर संबंधित खिलाड़ी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। रिपोर्ट मिलने के बाद पात्र खिलाड़ियों को मोबाइल संदेश और फोन कॉल के जरिए सूचना देकर दस्तावेज सत्यापन और प्रवेश संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने के लिए बुलाया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि इस व्यवस्था से चयन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहेगी। गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रधानाचार्य दीपेंद्र कुमार यादव ने बताया कि खिलाड़ियों की उम्र की जैविक जांच कराई गई है। सीएमओ कार्यालय से रिपोर्ट मिलते ही पात्र खिलाड़ियों के दाखिले की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

## वार्ड-1 में दो नई सड़कों का उद्घाटन, 24.89 लाख की लागत से मिली सौगात

जागरण मोर्चा कार्यालय


नवनिर्मित सीसी मार्ग का लोकार्पण करते पालिका अध्यक्ष रमेश जोशी।

**खटीमा।** नगर पालिका परिषद खटीमा ने नगर विकास की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए वार्ड संख्या-1 में दो नव निर्मित सीसी सड़कों का उद्घाटन किया। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ दोनों सड़कों का लोकार्पण किया। पहली सड़क मीना भंडारी के घर से विनोद जोशी के घर तक 150 मीटर लंबाई में 16.63 लाख रुपये की लागत से बनाई गई है, जबकि दूसरी सड़क चंचल बुंग्ला के घर से कुंडल भंडारी के घर तक 65 मीटर लंबाई में 8.26 लाख रुपये की लागत से निर्मित हुई है। दोनों परियोजनाओं पर कुल 24.89 लाख रुपये व्यय किए गए हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि नगर पालिका परिषद नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। सड़क, नाली, स्वच्छता, पेयजल और अन्य जनहित से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जा रहा है, ताकि नगर के प्रत्येक वार्ड का संतुलित और समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने वार्डवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने तथा उन्हें शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के अंत में स्थानीय लोगों ने विकास कार्यों के लिए नगर पालिका परिषद और पालिकाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर वार्ड-1 की सभासद स्मिता राणा, अरुण राणा, भाजपा नेत्री अंजू देवी, मीना भंडारी, विनोद जोशी, अनीता बोरा, आशीष सिंह, अर्जुन ज्याला, कुंडल भंडारी, शुभम पतवा, अर्पित कॉलोनी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## डॉ. करनदीप सिंह विर्क दूसरी बार बने भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक, कार्यकर्ताओं में खुशी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**किच्छा (ऊधम सिंह नगर)।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए डॉ. करनदीप सिंह विर्क को लगातार दूसरी बार भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ, ऊधम सिंह नगर का जिला संयोजक (जिला अध्यक्ष) नियुक्त किया है। उनकी पुनर्नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल है। नियुक्ति के बाद डॉ. करनदीप सिंह विर्क ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि चिकित्सा प्रकोष्ठ को और अधिक सक्रिय बनाते हुए जनसेवा के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी तथा पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। डॉ. विर्क ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया। उनकी पुनर्नियुक्ति पर बहेड़ी नताशा अल्ट्रासाउं सहित भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

## तलाक-ए-हसन को मान्यता देने से फैमिली कोर्ट नहीं कर सकता इनकार

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत दिए गए तलाक-ए-हसन को न्यायिक मान्यता देने के संबंध में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि यदि तलाक की वैधता पर दोनों पक्षों में कोई विवाद नहीं है। परिवार न्यायालय प्रथम दृष्टया संतुष्ट है कि तलाक मुस्लिम पर्सनल लॉ के अनुसार हुआ है, तो वह वैवाहिक स्थिति को तलाकशुदा घोषित करने से इनकार नहीं कर सकता। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में परिवार न्यायालय की भूमिका सिर्फ वैवाहिक स्थिति का सार्वजनिक अभिलेख तैयार करने तक सीमित होती है।

न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने यह निर्णय एक मुस्लिम पति की ओर से दाखिल प्रथम अपील को स्वीकार करते हुए दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने लखनऊ के परिवार न्यायालय का वह आदेश निरस्त कर दिया, जिसमें तलाक की घोषणा संबंधी वाद यह कहते हुए खारिज कर दिया गया था कि तलाक को किसी ने चुनौती नहीं दी है और घोषणा की आवश्यकता स्पष्ट नहीं की गई है।

मामले के अनुसार वादकारियों का निकाह एक फरवरी 2022 को हुआ था। कहा गया कि वैवाहिक विवाद के चलते पत्नी सितंबर 2023 से मायके में रहने लगी, सुलह के प्रयास असफल रहने पर शौहर ने दारुल कजा के माध्यम से समझौते की कोशिश की। इसके बाद मुस्लिम पर्सनल लॉ के अनुसार एक-एक माह के अंतराल पर तीन नोटिस भेजकर तलाक-ए-हसन की प्रक्रिया पूरी की।

पत्नी ने तीनों नोटिस प्राप्त होने, मेहर की एक लाख रुपये की राशि मिलने तथा तलाक पर अपनी सहमति होने की बात लिखित बयान और शपथ पत्र में स्वीकार कर ली थी। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत वैध रूप से किया गया अतिरिक्त न्यायिक (एक्स्ट्रा-ज्यूडिशियल) तलाक अपने आप में प्रभावी होता है। हालांकि कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में कोई पक्ष तलाक की वैधता को चुनौती देना चाहे तो वह कानून के अनुसार सक्षम अदालत में ऐसा करने के लिए स्वतंत्र होगा।

## रियल स्टेट कंपनी ने एलडीए की बनवाई जाली एनओसी, नायब तहसीलदार ने कराई एफआईआर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** गोमती नगर विस्तार के ग्राम अरदौनामऊ में अर्जित भूमि पर विकास कार्य कराने के लिए रियल एस्टेट कंपनी जेनिथ एंड जेनिथ सिविल प्लानर्स प्रालि ने अपने पक्ष में एलडीए की जाली एनओसी बनवा डाली। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने प्रकरण की जांच कराई तो पत्र में एलडीए की मुहर व हस्ताक्षर फर्जी पाए। शुक्रवार को नायब तहसीलदार ने रियल एस्टेट कंपनी समेत उसमें शामिल अज्ञात लोगों के खिलाफ सुशांत गोल्फ सिटी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

एलडीए के सहायक चकबंदी अधिकारी तुलसीराम ने बताया कि कुछ दिन पहले व्हाट्सएप पर एक पत्र प्राप्त हुआ। इसमें सहायक चकबंदी अधिकारी (अर्जन) के नाम व हस्ताक्षर से विभूति खंड स्थित जेनिथ एंड जेनिथ सिविल प्लानर्स प्रालि के पक्ष में जारी कथित एनओसी संलग्न थी। जांच में पाया कि एनओसी एलडीए द्वारा जारी नहीं की गई। पत्र में हस्ताक्षर और कार्यालय की मोहर पूरी तरह फर्जी मिली। कूटरचित एनओसी तहसील सरोजनी नगर के ग्राम अरदौनामऊ में एलडीए की अर्जित भूमि से सम्बंधित थी। जो रियल एस्टेट कंपनी द्वारा अज्ञात लोगों के सहयोग से स्थल पर विकास कार्य करने के लिए बनवाई थी। पत्र से यह साफ होता है कि जेनिथ एंड जेनिथ सिविल प्लानर्स प्रालि व उससे जुड़े लोगों ने फर्जी हस्ताक्षर एवं अभिलेख तैयार करके एलडीए के नाम का दुरुपयोग करने का प्रयास किया। कंपनी व इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सुशांत गोल्फ सिटी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि फर्जी पत्र के माध्यम से भूमि के सम्बंध में गलत तथ्यों का उल्लेख कर उसे वास्तविक दर्शाने का प्रयास किया गया।

# चिकित्सकों की नियुक्ति पर अस्पताल की बदहाल को लेकर कांग्रेसियों का धरना प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय


उपजिला चिकित्सालय में चिकित्सकों की नियुक्ति से अस्पताल की बदहाल पर कांग्रेसियों का धरना प्रदर्शन। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** उप जिला चिकित्सालय की चरमराई व्यवस्था के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अस्पताल परिसर में जमकर विरोध, प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी स्थानांतरित चिकित्सकों के स्थान पर तत्काल विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ सहित सभी चिकित्सकों की नियमित तैनाती, एनआइसीयू को पूर्ण संसाधनों एवं विशेषज्ञ स्टाफ के साथ तत्काल संचालित करने, बंद पड़ी लिफ्ट चालू करने, अस्पताल कैंपस को जल भराव से निजात दिलाने तथा चिकित्सकों के साथ नर्सिंग स्टाफ को भी नियुक्ति करने संबंधी आदि मांगों को लेकर आक्रोश व्यक्त किया।

100 बेड वाले उप जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों के स्वीकृत 30 के सापेक्ष प्रतिदिन लगभग 800 ओपीडी के लिए मात्र 13 चिकित्सक मौजूद हैं। विधायक जिनमें से सात वरिष्ठ चिकित्सकों का अन्यत्र स्थानांतरित करने से यद्यपि बदले में सात चिकित्सक यहां के लिए स्थानांतरित हुए हैं। बावजूद इसके उपजिला चिकित्सालय में लगभग 16 चिकित्सकों के और पद रिक्त हैं। जिसके चलते यहां की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर कुप्रभाव पड़ा है। यहां के मरीजों को बेहतर इलाज के लिए अन्य स्थाका रुख करना पड़ रहा है । कुशल चिकित्सकों के अभाव में आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण अस्पताल के बजाय रोगियों को धन और समय की बर्बादी कर बड़े शहरों से महंगा इलाज करना पड़ता है।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि चिकित्सकों व बेहतर सुविधाओं के भाव में यह अस्पताल मात्र एक रेफर केंद्र बनकर रह गया है। वहीं आक्रोशित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि तत्काल इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वह जनआंदोलन के लिए बाध्य होंगे। कांग्रेस पीसीसी सदस्य उमेश सिंह राठौर ने कहा कि खटीमा उप जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी और अस्पताल की बदहाल व्यवस्था से यहां के मरीजों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर आज अस्पताल परिसर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया है और सरकार से मांग की गई है यहां तत्काल रिक्त विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति तथा अस्पताल की बदहाल व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए ताकि यहां इलाज हेतु आने वाले लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस मौके पर कांग्रेस पीसीसी सदस्य उमेश सिंह राठौर उर्फ बॉबी राठौर, नरेंद्र आर्य, विनोद चंद, नासिर खान, रोहित शर्मा, सतपाल राणा, नीरज कन्याल, भूपेंद्र गंगवार, पंकज टम्टा, दीपक चंद, मनोज कोहली, रेहान अंसारी आदि सहित अनेकों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## यूपी में लगातार सातवें साल नहीं बढ़ीं बिजली दरें : मंत्री एके शर्मा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि प्रदेश में लगातार सातवें वर्ष भी बिजली की दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश देश के उन राज्यों में शामिल है, जहां बिजली की दरें सबसे कम हैं और विद्युत आपूर्ति सबसे बेहतर श्रेणी की है।

शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता में ऊर्जा मंत्री ने बताया कि सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए बिजली का टैरिफ यथावत रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय सरकार की जनकल्याणकारी नीति और गरीबों, किसानों, घरेलू एवं अन्य उपभोक्ताओं के हितों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश बिजली आपूर्ति के क्षेत्र में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। प्रदेश ने 32,673 मेगावाट की अब तक की सर्वाधिक बिजली मांग को सफलतापूर्वक पूरा कर नया रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि बेहतर विद्युत प्रबंधन और मजबूत बुनियादी ढांचे के कारण प्रदेश की बिजली व्यवस्था लगातार सुदृढ़ हो रही है।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि इलेक्ट्रिक व्हीकल (EV) चार्जिंग और सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक निर्धारित सोलर आवर्स में बिजली दरों पर 20 प्रतिशत की टैरिफ छूट लागू की गई है।

## स्कूल चलो अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ, डीएम ने दिखाई रैली को हरी झंडी



स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ करते डीएम। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिले में स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण का शुक्रवार को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने गांधी स्टेडियम से शुभारंभ किया। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्रा और बीएसए रोशनी सिंह के साथ नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, माला पहनाकर तथा स्कूल बैग, किट और टोपी देकर स्वागत किया। जिलाधिकारी ने स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और स्वयं रैली का नेतृत्व किया। इस दौरान उन्होंने शत-प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य हासिल करने पर जोर देते हुए कहा कि जिले का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। रैली में छात्र-छात्राओं ने शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने वाले नारे लगाए। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# बीसलपुर दियोरिया मार्ग पर पेड़ से टकराई तेज रफ्तार बाइक, युवक की मौत

### सडक हादसे में दो अन्य लोग भी घायल, किया रेफर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दियोरिया।** क्षेत्र के गांव पिपरिया संजरपुर के पास शुक्रवार दोपहर को बीसलपुर दियोरिया मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के अनुसार हादसे में रामजी पुत्र श्यामबाबू, निवासी ग्राम हसनपुर, थाना खुदागंज, जनपद शाहजहांपुर की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में उसके सिर पर गंभीर चोट आई थी। वहीं सत्यवीर पुत्र जगदीश और अर्जुन पुत्र दुर्वेश, निवासी ग्राम गाजना सिधारपुर थाना दियोरिया गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों के हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। जिला अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। बताया गया कि तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर बीसलपुर से अपने गांव गाजना सिधारपुर लौट रहे थे। वे धान की रोपाई के लिए मजदूर एकत्रित करने का कार्य करते हैं और मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक की रफ्तार अधिक होने के कारण चालक नियंत्रण खो बैठा और बाईक सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची दियोरिया पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। हादसे से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जिनका रो रो कर बुराहाल है।



मृतक रामजी का फाइल फोटो।

### दुकान के पास खडी वाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी यथार्थ मिश्रा ने बताया कि वह नगर के अमरीश खाद की दुकान के पास वाइक खडी कर चला गया। इसी दौरान किसी अज्ञात ने वाइक चोरी कर ली। जब वह वापस मौके पर आया तो उसकी बाइक गायब मिली। इस पर उसके होश उड गए। काफी तलाश करने के बाद भी वाइक का पता नही चला। इस पर वाइक स्वामी ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात वाइक चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया वाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया। जल्द ही वाइक को बरामद कर लिया जाएगा।

## सार संक्षेप

### नाबालिग को भगाने और चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार, तीन घंटे में पुलिस का एक्शन



किशोरी को भगाने की आरोप में गिरफ्तार युवक। -जागरण मोर्चा

**बिलसंडा।** पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने और चोरी के मामले में आरोपी मो. फरदीन को घटना के मात्र तीन घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की रकम में से 1,200 नकद और उसी धनराशि से खरीदा गया ओप्पो 14X 5जी मोबाइल फोन बरामद किया। पुलिस के अनुसार, पीड़िता के परिजनों ने आरोप लगाया था कि आरोपी नाबालिग को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया और घर से करीब 40 हजार रुपये नकद व जेवरात भी चोरी कर लिए। विवेचना के दौरान किशोरी के नाबालिग होने की पुष्टि होने पर मामले में पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराएं भी बढ़ाई गईं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया, जबकि उसका एक साथी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

### आईजीआरएस शिकायत निस्तारण में ज़िला प्रदेश में पांचवें स्थान पर

**पीलीभीत।** आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के आधार पर जून माह की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में पीलीभीत ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह के निर्देशन में शिकायतों की नियमित समीक्षा और अधिकारियों द्वारा गंभीरता से किए गए निस्तारण के चलते यह उपलब्धि हासिल हुई। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का और बेहतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कर भविष्य में पीलीभीत को प्रदेश में प्रथम स्थान दिलाने के लिए प्रयास तेज करने के निर्देश दिए।

### नाबालिग को शादी का झांसा देकर भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार, पीड़िता सकुशल बरामद



किशोरी को भगाने की आरोप में गिरफ्तार युवक। -जागरण मोर्चा

**गजरौला।** नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर भगाने के मामले में वांछित आरोपी दिलशाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने पीड़िता को पहले ही सकुशल बरामद कर उसके बयान दर्ज कराते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी की। पुलिस के अनुसार, 29 जून को पीड़िता की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें आरोपी पर किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया गया था। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को चुरैला बंजरिया मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। मामले में बीएनएस की संबंधित धाराओं के साथ पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिला एवं बच्चों से जुड़े अपराधों में त्वरित कार्रवाई जारी रहेगी।

## नाजिया इलाही खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग, अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को महिला अधिवक्ताओं सहित कई अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नाजिया इलाही खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि नाजिया इलाही खान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 19 जून 2026 को प्रसारित एक पोस्ट में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब और हजरत आयशा के संबंध में कथित रूप से आपत्तिजनक एवं अपमानजनक टिप्पणी की, जिससे मुस्लिम समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। ज्ञापन में कहा गया कि उक्त टिप्पणी जानबूझकर दुर्भावनापूर्ण तरीके से की गई है, जिससे समाज में शांति व्यवस्था प्रभावित होने तथा सांप्रदायिक तनाव फैलने की आशंका है। अधिवक्ताओं ने मांग की कि मामले की गंभीरता को देखते हुए नाजिया इलाही खान के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 299, 302, 153(2) एवं 505 के तहत तत्काल एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि कथित पोस्ट सोशल मीडिया पर उपलब्ध है, जो मामले का साक्ष्य है। ज्ञापन पर कई महिला अधिवक्ताओं एवं अन्य अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर हैं। इनमें अधिवक्ता मोहम्मद नादीम, निशात अनवर, आसिया फातिमा, महमूद असलम तथा प्रदीप कुमार कश्यप के नाम हैं। ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से संबंधित थाना प्रभारी को कार्रवाई के लिए प्रेषित करने की मांग की गई है।



नाज़िया इलाही को लेकर ज्ञापन देते अधिवक्ता। -जागरण मोर्चा

## आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल



आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पुलिस की गिरफ्त में। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शेरपुर मकरंदपुर गांव निवासी जगजीत सिंह और गुरजीत सिंह को उनके घर से दबोच लिया। पुलिस के अनुसार, 20 जून को लापता हुई युवती का शव 22 जून को शाहजहांपुर जिले के रूव नहर से बरामद हुआ था। विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण की धारा बढ़ाई गई। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में इको फ्रेंडली डे पर प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली का संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल के टनकपुर रोड और सुरभि कॉलोनी परिसर में शुक्रवार को 'इको फ्रेंडली डे' एवं 'अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस' उत्साहपूर्वक मनाया गया। विद्यार्थियों ने भाषण, कविता, स्लोगन, नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों पर जागरूकता फैलाई। विद्यालय की ओर से शहर में रैली निकालकर दुकानदारों और आमजन को कपड़े, जूट व पेपर बैग अपनाने के लिए प्रेरित किया गया तथा क्लॉथ बैग भी वितरित किए गए। प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा और प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने प्रशासनिक अधिकारियों से भेंट कर उन्हें क्लॉथ बैग भेंट किए। अधिकारियों ने विद्यालय के अभियान की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने प्लास्टिक बैग का उपयोग न करने और प्लास्टिक मुक्त समाज बनाने की सामूहिक शपथ ली।




इको फ्रेंडली डे पर प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली का संदेश देते बच्चे। -जागरण मोर्चा

## शारदा नदी का जल स्तर बढ़ने से लोग परेशान

**पूरनपुर।** शारदा नदी का जल स्तर तेजी से बढ़ गया है।जिससे गांवों के लोगों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नदी का जल स्तर बढ़ने से किनारे बसे गांवों के लोग अपने घरों और पशुओं की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान की आशंका सता रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों तक नदी का जल स्तर इसी तरह बढ़ता रहा, तो हालात और गंभीर हो सकते हैं। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दैनिक मजदूरी करने वाले लोगों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं पशुपालक भी अपने मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की तैयारी में जुट गए हैं। प्रशासन ने नदी के जल स्तर पर लगातार निगरानी शुरू कर दी है। अधिकारियों ने तटवर्ती गांवों के लोगों से नदी के किनारे अनावश्यक रूप से न जाने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रशासन को सूचना देने की अपील की है। जरूरत पड़ने पर राहत एवं बचाव दल को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बरसात के मौसम में शारदा नदी का जल स्तर बढ़ने से बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है। समय रहते सुरक्षा और बचाव के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं तो जनधन की हानि को काफी हद तक रोका जा सकता है। फिलहाल प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है और लोगों से सतर्क रहने की अपील कर रहा है।

## नौकरी लगवाने के नाम पर आठ लाख तीस हजार ठगे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नौकरी लगबाने का झांसा देकर कई लोगों से ठगी कर ली गई। कोर्ट के आदेश पर माधोटांडा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव सुखदासपुर नवदिया निवासी शंकरलाल राठौर ने वताया कि वह अपने दोस्त श्रीकृष्ण के साथ निजी कार्य के लिए लखनऊ गया था,लखनऊ के चार बाग स्टेशन पर उसकी मुलाकात जय प्रकाश निवासी ग्राम बेलिया थाना बेलिया जिला गोंडा व कमलेश निवासी ग्राम बगौझर जिला जोनपुर व अभिषेक निवासी हतेश भवानीपुर जौनपुर व मनोज मिश्रा निवासी गोमतीनगर लखनऊ से हुई थी। चारो आरोपी उसके दोस्त से पहले ही परचित थे। आरोपियों ने पीडित से कहा कि रिस्तेदार डीएम,कमिश्नर है। तुम्हारी नौकरी लगवा दूंगा। जिस पर पीड़ित आरोपियों के झांसी में आ गया। आरोपियों ने कहा कि उनकी पकड़ अच्छे-अच्छे अधिकारियों से हो गई है। रुपयों की व्यवस्था कीजिए और नौकरी लगवाने का झांसा दिया। चारों लोगों को पता देकर माधोटांडा में बुलाया। आरोपियों ने नाते रिश्तेदार प्रीति देवी से एक लाख पचास हजार,डालचंद से एक लाख बीस हजार, राजू से एक लाख, दीपक गंगवार से 60 हजार, दिनेश से दो लाख रुपये, आरती से एक लाख 25 हजार, भगवान सिंह से एक लाख बीस हजार रुपये, राम दिवाकर से एक लाख, वंदना से तीस हजार रुपये ले लिए। कुल रकम आठ लाख तीस हजार रुपये नौकरी लगवाने के लिए पीडितों से ले लिए। 15 दिन बीत जाने के बाद जॉइनिंग लेटर दिया। लेकिन जिस विभाग का लेटर मिला उस बिभाग में कोई नौकरी नही थी। इस पर सभी ने अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने डायल 112 पुलिस बुलाई। चारों आरोपियों रुपए वापस करने की बात कही। लेकिन पांच महीने बीत जाने के बाद भी नहीं उनको नौकरी मिली और ना ही रुपए वापस मिले, जिस पर सभी ने अपने आप को ठगा महसूस किया। रुपए वापस मांगने पर आरोपियों ने धमकी दी। जिस पर शिकायत माधोटांडा पुलिस से की गई। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई,इस पर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने वताया आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

## पॉक्सो के अभियुक्त को त्वरित कार्रवाई कर किया गिरफ्तार

**जहानाबाद।** पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर पॉक्सो एक्ट के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, 02.07.2026 को प्राप्त लिखित तहरीर में बताया गया कि क्षेत्र की छह वर्ष की एक बालिका घर के पास अपनी बहन के साथ खेल रही थी। तभी ग्राम ऐमी निवासी नरेश कुमार (पुत्र—बाबूराम) ने बालिका का हाथ पकड़ा और उसके साथ अश्लील हरकत की। सूचना पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने वादी की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 243/2026 पंजीकृत कर अभियोग दर्ज किया। अभियुक्त पर धारा 74 बीएनएस, धाराएँ 7/8 पॉक्सो एक्ट तथा धारा 3(2) VA (एससी/एसटी) एक्ट के तहत मामला चलाया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। पुलिस ने कहा कि पीड़िता की गोपनीयता और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है तथा आवश्यक चिकित्सा और न्यायिक प्रक्रियाएँ करवाई जाएंगी। मामले से संबंधित कोई भी जानकारी रखने वाले नागरिक थाना जहानाबाद से संपर्क करने का आग्रह किया गया है।

## 4 जुलाई का होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस स्थगित

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी-टीईटी) 2026 के मद्देनजर 4 जुलाई (शनिवार) को आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस स्थगित कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में अब सम्पूर्ण समाधान दिवस 6 जुलाई (सोमवार) को आयोजित किया जाएगा। प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।




**अनदेखी** पूरनपुर में आटोलिफ्टर गैंग सक्रिय

## ताबडतोड हो रहे वाहन चोरी, नगर में पलक झपकते ही चोरी किए जा रहे वाहन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर में ऑटो लिफ्टर गैंग काफी सक्रिय है।पलक झपकते ही वाहनों की चोरी हो रही है।लेकिन पुलिस चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। लगातार नगर में हो रहे वाहन चोरी की घटनाओं से वाहन स्वामियों की नींद उड़ी हुई है। अगर आपको पूरनपुर आना है,तो होशियार हो कर आना होगा,यहां पर ऑटो लिफ्टर गैंग सक्रिय है। बीते एक माह में वाहन चोरी की घटनाओं में काफी इजाफा हुआ है। नगर में दिनदहाड़े पलक झपकते ही बाइकें चोरी हो रही है। नगर से लेकर देहात क्षेत्र के आने वाले वाहन स्वामी के बाद सुरक्षित नहीं हैं। ऑटो लिफ्टर गैंग के सदस्य नगर के कोतवाली गेट, ब्लाक रोड, बैंकों, सीएचसी, तहसील,ब्लाक,होटलों सहित कई जगहों पर सक्रिय रहते हैं। इन जगहों पर आने वाले लोग वाहन खड़े कर के काम में व्यस्त हो जाते हैं। जब वह वापस आते हैं तो उनके वाहन गायब मिलते हैं। नगर से लगातार उठ रही वाइकों के चलते हडकंप मचा हुआ है। पुलिस के कई चक्कर लगाने के बाद पुलिस बाहन स्वामियों की रिपोर्ट अज्ञात में रिपोर्ट तो दर्ज कर लेती है। लेकिन बाइक बरामदगी की और कोई दिलचस्पी नहीं दिखाती है। दिनदहाड़े वाहनों को चोरी कर पुलिस को खुली चुनौती दी जा रही है। चोरी हुई बाइकों का पुलिस अभी तक कोई सुराग नहीं लगा पाई है। लगातार वाइक चोरी हो रहीं है। लेकिन पुलिस ने वाइक चोरी की घटनाओं का खुलासा नही किया है। जिससे लोग वाहनो को असुरक्षित मान रहे है। नगर को आने जाने वाले वाहन अब पूरनपुर आने पर अपने साथ किसी अन्य को ला रहे है। वाहन स्वामी निगरानी के लिए अपने साथी को वाइक के पास खडा कर काम में लगजाते है। आने जाने वालो को लगातार हो रहे वाहन चोरी की घटनाओं से वाहन स्वामी अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पुलिस ने वताया कि वाइक चोरी की घटनाओं का खुलासा किया जाता है।

## आबादी के निकट पहुंचा मगरमच्छ, मचा हड़कंप



**माधोटांडा।** कस्बे में आबादी के निकट मगरमच्छ निकलने से हड़कंप मच गया। विशाल मगरमच्छ देखे मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पास में नाला में पानी भरा होने से कुछ देर बाद मगरमच्छ उसमें जाकर छिप गया। टीम करीब एक घंटे तक सर्च करती रही, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। इसपर टीम ग्रामीणों को सतर्क कर लौट गई। डीएफओ भरत कुमार डीके ने बताया कि टीम को निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

## समिति पर रिस्तेदार से वितरण कराई जा रही खाद

**नाराज किसानों ने मुख्यमंत्री से की मामले की शिकायत**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** जमुनिया खास की साधन सहकारी समिति पर खाद को रिस्तेदार से बटवाया जा रहा है। किसानो को खाद नही मिल रही है। इससे नाराज किसानों ने मुख्यमंत्री से शिकायत की है। माधोटांडा थाना क्षेत्र के जमुनिया खास की साधन सहकारी समिति पर खाद वितरण में लापरवाही बरती जा रही है। आरोप है कि साधन सहकारी समिति में कार्यरत चेतराम समिति के नियमों को नजरअंदाज करते हुए अपने रिश्तेदार को अवैध रूप से समिति पर बैठाकर खाद वितरण कराया जा रहा है। उसके द्वारा कराए जा रहे कार्य में किसानों को तमाम खामियां दिख रही है। किसानों ने बताया कि उसको हटाने के लिए सचिव को लिखा पत्र दिया। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई,समिति पर नियम कानून की अवहेलना की जा रही है। आरोप है कि कर्मचारी और रिश्तेदार मिलकर खाद वितरण में बड़े स्तर पर अव्यवस्थाएं कर रहे हैं।किसानों को खाद के लिए भटकना पड़ रहा है। आरोप है कि किसानों को छोड़कर चाहते लोगों को खाद दी जा रही है। वसूली भी की जा रही है। जिससे किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। मनमाने तरीके से समिति पर कार्य किया जा रहा है। किसान देवदास, सोमपाल,अखिलेश कुमार,भूपराम सहित कई किसानों ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर उसको हटाने की मांग की है।

# बीमारियों का पैकेज है मोटापा, कम करें पेट की चर्बी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** 24वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में जारी चार दिवसीय युवा स्वास्थ्य मेला के तीसरे दिन शुक्रवार को निशुल्क जांच का लाभ उठाने वालों की संख्या 3.5 हजार से ज्यादा पहुंच गई। पहले दिन एक हजार से ज्यादा और दूसरे दिन डेढ़ हजार से ज्यादा युवा स्वास्थ्य जांच को मेले में पहुंचे थे। तीसरे दिन जागरूकता परिचर्चा में चिकित्सकों ने मोटापे को बीमारियों का पैकेज बताया। कहा कि पेट की चर्बी कम करे बगैर स्वस्थ होने की बात करना नासमझी है। इसे दूर कर ही स्वस्थ जीवन की आधारशिला रखी जा सकती है। आप्थैल्मोजी विभाग प्रमुख डा. नीलिमा मेहरोत्रा ने आधुनिक जीवन शैली में सभी अंग प्रभावित हैं। आंखें भी इससे अछूती नहीं। आंखों का सबसे बड़ा दुश्मन मोबाइल है। अनजाने में मां-बाप का छोटे छोटे बच्चों को मोबाइल देना उन्हें चश्मा लगाने का सबसे बड़ा कारण है। रात में बिस्तर पर सोने से पहले अंधेरे कमरे में मोबाइल पर रील देखना आंखों की रौशनी को छीन रहा है। इसे बचाने के लिए मोबाइल का कम से कम इस्तेमाल करना और सोने से दो घंटे पहले इसे दूर रखने में ही समझदारी है। अगर आपकी आंखें सूखी हो रही हैं। लाल हो रही हैं या पानी आता है तो सावधान हो जाएं। डा.नीलिमा ने



एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में चार दिवसीय युवा स्वास्थ्य मेला के दौरान मौजूद चिकित्सक। -जागरण मोर्चा

मोबाइल इस्तेमाल करने वालों को 20-20-20 का मंत्र दिया। कहा कि 20 मिनट मोबाइल का इस्तेमाल करने के बाद 20 सेकंड के लिए 20 मीटर की दूरी पर देखना और आंखों में साफ पानी के छींटे मारना जरूरी है। ईएनटी स्पेशलिस्ट डा. डा.अम्बालिका सिंह ने इयरफोन लगाकर लगातार मोबाइल के इस्तेमाल पर चेतावनी दी। कहा कि इससे कान की नसे कमजोर हो जाती हैं और इसका कोई इलाज भी नहीं। ऐसे में इयरफोन लगा कर भी मोबाइल की आवाज को कम से कम रखें। स्पीकर की आवाज इतनी हो कि आपके पड़ोस में बैठा व्यक्ति स्पीकर की आवाज न सुन पाए। गायनेकोलॉजिस्ट डा. कनीज फातिमा ने लाइफस्टाइल की वजह से ज्यादा उम्र में होने वाला विवाह की प्रवृत्ति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ज्यादा उम्र के विवाह में पति पत्नी के साथ होने वाले बच्चों को भी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होना आम है। ज्यादा उम्र में होने वाले बच्चों में डाउन सिंड्रोम होने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में 30 वर्ष तक विवाह करना स्वास्थ्य के नजरिए से उचित है। मनोरोग विशेषज्ञ डा. रूपाली रोहतगी ने जीवन शैली बिगड़ने से होने वाली मन की बीमारियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिस तरह शारीरिक बीमारियां होती हैं वैसे ही मन भी बीमार होता है। बिगड़ती जीवन शैली में स्ट्रेस, डिप्रेशन और तनाव भी बढ़ रहा है। इससे बचने के लिए जीवन शैली सुधारें और योग्य चिकित्सक का परामर्श लेना जरूरी है। फिजीशियन डा. दीपक दास ने जीवन शैली से संबंधित बीमारियों में टीकाकरण की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हेपेटाइटिस बी, निमोनिया और हरपीज जैसी बीमारियों के लिए वैक्सीन उपलब्ध है। वयस्कों को इनकी वैक्सीन अवश्य लगवानी चाहिए। डा.दीपक ने मोटापे को बीमारियों का पैकेज बताया और पेट की चर्बी को कम करने की सलाह दी।

## सार संक्षेप

### करंट की चपेट में आकर भैंस की मौत,वृद्धा झुलसी

**बदायूं।** बारिश के दौरान बिजली का तार टूटकर गिरने से एक भैंस की मौत हो गई। जबकि भैंस को बचाने के प्रयास में एक बुजुर्ग महिला करंट की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गई। महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव गरुइया में बृहस्पतिवार को हुआ। गांव निवासी अजय पाल सिंह की भैंस घर के बाहर एक पेंड़ के नीचे बंधी थी। इसी दौरान ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन का तार टूटकर भैंस के ऊपर गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पास में मौजूद बुजुर्ग महिला प्रेमवती ने उसे बचाने का प्रयास किया,लेकिन वह भी करंट की चपेट में आकर झुलस गई। परिजनों ने किसी तरह बिजली के तार से उन्हें अलग किया और नजदीकी अस्तपाल ले जाकर भर्ती कराया। जहां उनका इलाज जारी है।

### पति-पत्नी से मारपीट में पिता-पुत्रों पर प्राथमिकी

**बदायूं।** उझानी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बाजार कलां निवासी तरुण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 28 जून की रात साढ़े आठ बजे वह अपनी पत्नी बबीता के साथ बच्चों की दवा लेने जा रहा था।तभी मोहल्ले के शिवांश व उसके भाई सवन उसकी पत्नी से अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर अपने पिता शिवराम के साथ मिलकर मारपीट की। बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने पिता-पुत्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### युवक पर जानलेवा हमला,चार पर प्राथमिकी

**बदायूं।** थाना जरीफनगर के कस्बा दहगवां निवासी अमित शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 30 जून की 11 बजे वह कस्बा की दुकान से सामान खरीद रहा था। इसी बीच उसे सूचना मिली कि स्टेट बैंक के पास उसके भतीजे विशेष शर्मा को जयपाल, सौरभ, रोहित व चंद्रा अपने हाथों में धारदार हथियार व लाठी-डंडे लेकर गाली गलौज कर रहें हैं। सभी ने मिलकर उसके भतीजे विशेष को पीटना शुरु कर दिया। आरोप है कि हमलावर उसे तब तक पीटते रहे जब तक मरणासन्न न हो गया। बाद में हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने चारों आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने को डायल 112 व वज्र वाहन रवाना

**बदायूं।** जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने गुरुवार को डायल 112 की एक गाड़ी और एक वज्र वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. ह्रदेश कठेरिया, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक सिंह, क्षेत्राधिकारी उझानी सुनील कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### उर्वरक निगरानी समिति की बैठक में डीएम सख्त, किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के निर्देश



उर्वरक निगरानी बैठक में मौजूद जिलाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में जिला उर्वरक निगरानी समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में खरीफ सीजन के लिए किसानों को उनकी जोत के अनुसार यूरिया और डीएपी समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। डीएम ने उर्वरक के साथ गैर-अनुदानित उत्पादों की टैगिंग पर सख्त रोक लगाने को कहा। उन्होंने एक हेक्टेयर तक के किसानों को निर्धारित मात्रा में खाद एक साथ उपलब्ध कराने तथा बड़ी जोत वाले किसानों को चरणबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सहकारी समितियों में उर्वरक का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने पर भी जोर दिया।

# जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक नवाबगंज तथा डीएम ने स्कूल चलो अभियान का किया शुभारम्भ

## शिक्षा से कोई बच्चा न रहे वंचित, हर बच्चे का शत-प्रतिशत नामांकन का संकल्प

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शिक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ने के उद्देश्य से आज कम्पोजिट विद्यालय, जसौली नगर में स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक नवाबगंज डॉ0 एम0पी0 आर्य तथा जिलाधिकारी अविनाश सिंह की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा आत्मनिर्भर एवं सशक्त समाज की आधारशिला है।





कम्पोजिट विद्यालय, जसौली नगर में स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ के दौरान मौजूद मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम में अभिभावकों एवं जनसामान्य से अपील की गई कि वे अपने आस-पास के प्रत्येक बालक एवं बालिका का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराने में सहयोग करें तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण एवं समावेशी शिक्षा से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, यह सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। अभिभावकगण से अपील की गयी कि वे बच्चो की ड्रेस और जूते मोज़े का पैसा अन्यत्र व्यय ना करें उसका उपयोग बच्चों के ही लिए करें।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूल चलो अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए डोर-टू-डोर संपर्क, व्यापक जन जागरूकता अभियान तथा सतत अनुश्रवण के माध्यम से विद्यालय से बाहर बच्चों की पहचान कर उनका शीघ्र नामांकन कराया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है और विकसित भारत के निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम भी। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों से समन्वित प्रयास करने का आह्वान किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में स्कूल चलो अभियान की रैली का आयोजन करें।

इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 विनीता ने बताया इस समय जनपद में 'रोको टोको स्कूल भेजो अभियान' संचालित है जिसके अंतर्गत यदि स्कूल जाने वाली आयु वर्ग का कोई बच्चा स्कूल ना जाते हुए पाया जाता है तो उसे विद्यालय भेजनें हेतु अभिभावकों से बात की जाती है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, अभिभावकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 236 जोड़ों का हुआ विवाह



सामूहिक विवाह आयोजन में मौजूद विधायक स्वामी प्रवक्तानंद और जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** नवीन मंडी समिति परिसर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के 236 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। समारोह का शुभारंभ विधायक स्वामी प्रवक्तानंद और जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। 260 पंजीकृत जोड़ों में से 236 का विवाह कराया गया, जिनमें 35 अल्पसंख्यक जोड़े भी शामिल रहे। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नवदंपतियों को उपहार भेंट कर सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया। विधायक ने योजना को आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए वरदान बताया। जिलाधिकारी ने नवविवाहितों को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान और सेवायोजन पोर्टल का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने वधुओं से स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। समारोह के अंत में सभी नवदंपतियों को पौधे भेंट कर उन्हें अपनी मां के नाम पर रोपित करने का संदेश दिया।

# 90 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति के साथ शांतिपूर्ण संपन्न हुई टीईटी परीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिले के 15 परीक्षा केंद्रों पर शुक्रवार को आयोजित उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) कड़ी सुरक्षा और पारदर्शी व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के दूसरे दिन अभ्यर्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला, जिसके चलते दोनों पालियों में 90 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति दर्ज की गई।



आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, प्रत्येक पाली में 5,640 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। पहली पाली में 5,229 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 411 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में उपस्थिति और अधिक बढ़कर 5,324 पहुंच गई, जबकि केवल 316 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों को मिलाकर कुल 10,555 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जो परीक्षा के प्रति युवाओं के उत्साह को दर्शाता है।

परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली गई। इसके बाद उनके एडमिट कार्ड और पहचान पत्र का मिलान किया गया। इस बार तकनीक का उपयोग करते हुए सभी अभ्यर्थियों की अनिवार्य बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराई गई, जिसके बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया।

कड़ी जांच और सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद अभ्यर्थियों में परीक्षा को लेकर उत्साह बना रहा। केंद्रों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक रहीं और परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी समय-समय पर केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# आजमगढ़ से आया छह एमवी का ट्रांसफार्मर,नवादा बिजलीघर पर स्थापित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** नवादा के 132 केवी बिजलीघर पर 6 एमवी क्षमता का नया ट्रांसफार्मर शुक्रवार दोपहर स्थापित कर दिया गया है। रविवार को ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद कई इलाकों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। नया ट्रांसफार्मर आजमगढ़ से यहां लाया गया है। नए ट्रांसफार्मर के लगने के बाद प्रभावित इलाकों की बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है। बताते चलें कि रविवार को नवादा के 132 केवी बिजलीघर पर लगे ट्रांसफार्मर में फॉल्ट आ गया था। जिससे औद्योगिक क्षेत्र सालारपुर के अलावा शहर के दातागंज तिराहा,नई सराय,पटियाली सराय आदि इलाकों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। खराब ट्रांसफार्मर के कारण इन क्षेत्रों को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत मात्र कुछ घंटो की आपूर्ति मिल रही थी। बिजली संकट से परेशान लोगों ने दो बार बरेली-आगरा राजमार्ग पर जाम भी लगा दिया था। मोहल्ले के लोगों ने बैरियर लगाकर हाइवे जाम कर दिया और बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की थी। प्रदर्शन के दौरान एक महिला ट्रक के पहिए के नीचे लेट गई थी। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब तक आपूर्ति बहाल नहीं होगी,जाम नहीं खोला जाएगा। इसके बाद विभागीय अधिकारियों ने आजमगढ़ से छह एमवी का नया ट्रांसफार्मर मंगवाया और उसे चार्ज करने के बाद बिजलीघर पर स्थापित कर दिया गया।

# नियम भी टूटा, परीक्षा भी छूटी...बदायूं में 'विकास की गंगा' से होकर निकले भाजपा के ये नेताजी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सियासत की चमक और जनता के आंसुओं का यह अनोखा कॉकटेल देखना हो, तो बदायूं पर गौर कर लीजिए। फिलहाल मामला यह है कि भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य का बदायूं में आगमन होना था, और जब हुजूर कदम रख रहे हों, तो भला नियम-कानूनों की क्या मजाल जो उनके आड़े आ जाएं।

दरअसल टीईटी के मद्देनजर प्रशासन ने बकायदा कागजों पर एक रूट डायवर्जन का नक्शा खींचा था, जिसमे बड़े वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया था ताकि टीईटी के 'बेचारे' परीक्षार्थी समय पर सेंटर पहुंच सकें, लेकिन जैसे ही नेताजी का काफिला चमचमाता हुआ निकला, वह डायवर्जन का





नियम भी उसी पानी में बह गया जिसे नेताजी के समर्थक विकास की गंगा कह रहे थे। हालांकि प्रदेश उपाध्यक्ष का काफिला बरेली से होकर श्यामनगर तक आया, लेकिन इसके कारण तमाम वाहन फंस गए और रूट डायवर्जन का भी कोई लाभ नहीं हुआ।

इधर इस रोड शो का रंग भी बड़ा निराला था। वे भाजपाई भी जो अंदर ही अंदर दुर्विजय सिंह शाक्य के विरोधी माने जाते हैं, वह भी खींसे निपोरते हुए फूल मालाएं लिए खड़े नजर आए। आखिर मामला दिल का नहीं, सीधे कुर्सी का जो ठहरा। खैर, इस सियासी ड्रामे का असली क्लाइमेक्स तब देखने को मिला जब भारी गाड़ियों का यह काफिला सड़कों पर बह रही 'विकास की गंगा' यानी जलभराव को चीरते हुए आगे बढ़ा।

नेताजी की गाड़ियों के चौड़े और महंगे टायर तो उस जलभराव को लांघकर मजे से निकल गए, लेकिन पीछे छोड़ गए उन बच्चों की चीखें, जिनकी साल भर की मेहनत जाम के झाम में हमेशा के लिए फंस गई। जिन परीक्षार्थियों के आंखों में सरकारी नौकरी के सपने थे, वे परीक्षा केंद्र के बाहर खड़े होकर रोते रहे, पर सिस्टम और नेताओं के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। अब जनता का यह सोचना ही बेवकूफी है कि क्या नियम सबके लिए एक जैसे होते हैं?

# कुंवरगांव में महिला का मकान तुड़वाने का आरोप, दरोगा समेत तीन पर कार्रवाई की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** कुंवरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम खातपुर में एक महिला ने दरोगा और गांव के दो भाइयों पर जबरन मकान तुड़वाने तथा धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता खुर्शीदा पत्नी सलीम ने 3 जुलाई 2026 को जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



शिकायत के अनुसार, गांव में खुर्शीदा का एक कच्चा मकान है। उनका कहना है कि नसीम और शमीम पुत्र अल्लन, निवासी जातपुर, के साथ पंचायत में समझौता हुआ था कि ट्यूबवेल के बदले उन्हें 35 हजार रुपये दिए जाएंगे। आरोप है कि दोनों भाइयों ने 25 हजार रुपये दे दिए, जबकि 10 हजार रुपये बकाया रख लिए। पीड़िता का आरोप है कि बकाया रकम देने के बजाय दोनों भाई मकान पर कब्जा करना चाहते हैं और इसके लिए उन्होंने दरोगा अनौज शर्मा से मिलीभगत कर ली। खुर्शीदा का कहना है कि दरोगा ने उनके परिवार को जेल भेजने की धमकी दी और जबरन मकान तुड़वा दिया, जिससे वह बेघर हो गई हैं।

मामला सामने आने के बाद गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। फिलहाल पुलिस अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पीड़िता ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

# 218 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी का महाघोटाला सपा कोषाध्यक्ष बनने से पहले से अवैध धंधे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। समाजवादी पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष और कारोबारी रचित गुप्ता को 218 करोड़ रुपये की कथित जीएसटी चोरी के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आरोप है कि बदायूं में अवैध रूप से संचालित पान मसाला और गुटखा फैक्ट्री के जरिए सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचाया गया। जीएसटी विभाग की संयुक्त टीम ने 12 घंटे तक चली मैराथन छापेमारी के बाद रचित गुप्ता समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया। मेरठ की अदालत में पेशी के बाद तीनों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

दिल्ली, नोएडा, मेरठ और बदायूं की संयुक्त जीएसटी टीम मंगलवार देर रात दातागंज स्थित



शिवपाल यादव के साथ गमछा लाल में रचित गुप्ता। -जागरण मोर्चा

रचित गुप्ता के आवास और अन्य ठिकानों पर पहुंची। स्थानीय पुलिस की सुरक्षा में करीब 12 घंटे तक चली कार्रवाई के दौरान कंप्यूटर रिकॉर्ड, कर संबंधी दस्तावेज और फैक्ट्री से जुड़े अहम साक्ष्य खंगाले गए। जांच में सामने आया कि बिना वैध पंजीकरण के 12 एफएफएस मशीनों पर पान मसाला और गुटखा का उत्पादन किया जा रहा था। आरोप है कि फरवरी से जून 2026 के बीच इसी अवैध कारोबार के जरिए करीब 218 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी कर सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाया गया।

छापेमारी के दौरान टीम ने 410 किलो कटी हुई सुपारी के साथ गगन, शिखर, गोल्ड मोहर और दिलबाग ब्रांड के भारी मात्रा में तैयार पाउच, पैकिंग सामग्री और अन्य सामान बरामद किया। इसके बाद रचित गुप्ता, मनोज साहू और उमेश को गिरफ्तार कर मेरठ ले जाया गया, जहां अदालत ने तीनों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उल्लेखनीय है कि रचित गुप्ता को महज आठ दिन पहले समाजवादी पार्टी का जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया था। अब इस कार्रवाई के बाद राजनीतिक और कारोबारी दोनों ही हलकों में इस मामले को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं, जबकि जीएसटी विभाग पूरे नेटवर्क की जांच में जुटा हुआ है।

# राष्ट्रीय सहकारी सप्ताह: किसानों के सशक्तिकरण और डिजिटल सहकारिता पर जोर





डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की बैठक में मौजूद डीएम।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** राष्ट्रीय सहकारी सप्ताह के तहत गांधी सभागार में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सहकारी समितियों के कंप्यूटरीकरण, बी-पैक्स उन्नयन, गोदाम निर्माण एवं मरम्मत की प्रगति की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने किसानों को खाद, बीज और कृषि उपकरण स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने तथा सहकारिता के माध्यम से उनकी आय बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने समितियों में महिलाओं और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने, डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने और निष्क्रिय समितियों को सक्रिय बनाने पर भी विशेष बल दिया।

बेल्जियम ने एक्स्ट्रा टाइम में 125वें मिनट में विवादित पेनल्टी पर विनिंग गोल किया

# 2-0 से पिछड़ने के बाद भी बेल्जियम ने आखिरी सेकंड में गोल दागकर सेनेगल को किया बाहर

**नई दिल्ली**

बेल्जियम ने फुटबॉल वर्ल्ड कप में गुरुवार को 86वें मिनट तक दो गोल से पिछड़ने के बावजूद एक्स्ट्रा टाइम में सेनेगल को 3-2 से हराया। अब उसका मुकाबला मेजबान अमेरिका से होगा। अमेरिकी टीम ने बोस्निया-हर्जेगोविना को 2-0 से हराया।

सिएटल स्टेडियम में बेल्जियम के रोमेलु लुकाकू ने 86वें मिनट में पहला गोल किया। फिर यूरी टिलेमंस ने 89वें मिनट में बराबरी दिलाई। उन्होंने एक्स्ट्रा टाइम में 125वें मिनट में विवादित पेनल्टी पर विनिंग गोल किया। इससे पहले बेल्जियम ने 2018 वर्ल्ड कप नॉकआउट में जापान के खिलाफ 0-2 से पिछड़कर 3-2 से जीत हासिल की थी। इधर, सैन फ्रांसिस्को बे एरिया स्टेडियम में अमेरिका की ओर से फोलारिन बालोगुन ने 45वें मिनट में गोल किया और हाफ टाइम से पहले टीम को 1-0 से आगे कर दिया। उन्हें 64वें मिनट में रेड कार्ड दिखाया गया। ऐसे में मालिक टिलमैन ने 82वें मिनट में गोल किया। सेनेगल ने 25वें मिनट में हबीब डियारा के गोल से बढ़त बनाई।

51वें मिनट में इस्माइला सार ने मौसा नियाखाते की लंबी पास को नियंत्रित करते हुए गोल दागा और स्कोर 2-0 कर दिया। यह सार का मौजूदा वर्ल्ड कप में चौथा गोल रहा। दूसरे हाफ में बतौर सब्स्टीट्यूट उतरे रोमेलु लुकाकू ने 86वें मिनट में गोल कर बेल्जियम की वापसी की शुरुआत की। इसके तीन मिनट बाद कप्तान यूरी टिलेमंस ने बराबरी का गोल दागकर मैच एक्स्ट्रा टाइम में पहुंचा दिया।

मैच पेनल्टी शूटआउट में जाता दिख रहा था, तभी अतिरिक्त समय के अंतिम क्षणों में लैमिन कमारा ने टिलेमंस को बॉक्स के भीतर धक्का दिया। वीडियो रिव्यू के बाद रेफरी ने पेनल्टी दी। टिलेमंस ने दबाव में शानदार गोल करते हुए बेल्जियम को 3-2 की ऐतिहासिक जीत दिला दी। एजेंसी रिपोर्ट के अनुसार यह वर्ल्ड कप इतिहास का सबसे देर से हुआ निर्णायक गोल है।

पेनल्टी फैसले पर सेनेगल की नाराजगी पेनल्टी दिए जाने के बाद सेनेगल के खिलाड़ियों ने रेफरी के फैसले का विरोध किया। डिफेंडर पाथे सिस पेनल्टी स्पॉट पर लेट गए, जबकि अन्य खिलाड़ी भी रेफरी से बहस करते रहे।सेनेगल के कोचअ पापे थियाव ने कहा, ''हमें नहीं लगा कि यह पेनल्टी थी। खिलाड़ियों ने फैसले का विरोध किया, लेकिन निर्णय हो चुका था और अंततः उसी की वजह से हम टूर्नामेंट से बाहर हो गए।''



## अमेरिका ने बोस्निया-हर्जेगोविना को 2-0 से हराया



अमेरिका भी टॉप-16 में पहुंचा

10 खिलाड़ियों के साथ अमेरिका की टीम ने दमदार जीत दर्ज की। फोलारिन बालोगुन ने मैच की शुरुआत से ही अटैक किया। उनका एक गोल ऑफसाइड के कारण अमान्य कर दिया गया, लेकिन पहले हाफ के इंजुरी टाइम में उन्होंने मलिक टिलमैन के थ्रू बॉल पर मिले मौके को शानदार तरीके से गोल में बदलकर अमेरिका को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद भी बालोगुन दूसरे गोल के करीब पहुंचे, लेकिन उनका शॉट क्रॉसबार से टकरा गया। अमेरिका को 64वें मिनट में बड़ा झटका लगा, जब स्ट्राइकर फोलारिन बालोगुन को वीएआर समीक्षा के बाद तारिक मुहरेमोविच पर खतरनाक टैकल के लिए रेड कार्ड दिखाया गया। इसके बावजूद टीम ने संयम बनाए रखा और मुकाबला अपने नाम किया।



## मेसी का जूता तक किया गया स्कैन

फीफा विश्व कप 2026 में अर्जेंटीना ने अभी तक दमदार प्रदर्शन किया है। ग्रुप राउंड में अर्जेंटीना ने अपने तीनों मैचों में जीत हासिल की। उसने ऑस्ट्रिया, अल्जीरिया और जॉर्डन को हराया। राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में अर्जेंटीना का सामना केपा वर्डे से होना है। दोनों टीमों की टक्कर फ्लोरिडा स्थिति मियामी गार्डन्स में होगी। जब अर्जेंटीना की टीम मियामी पहुंची, तो सुरक्षाकर्मियों ने टीम के हर सदस्य की सामान्य जांच की। मेसी को भी हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर से स्कैन किया गया और फिर एक अधिकारी ने उनकी भी वैसी ही तलाशी ली, जैसी बाकी सभी की ली गई थी। मेसी के जूते तक को स्कैन किया गया।



# अगस्त में श्रीलंका के साथ टेस्ट सीरीज खेलेगा भारत

### 15 अगस्त से खेला जाएगा पहला टेस्ट

**नई दिल्ली**

भारत अगस्त 2026 में दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए श्रीलंका का दौरा करेगा। श्रीलंका क्रिकेट ने गुरुवार को इसकी घोषणा की है। यह सीरीज आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-2027 चक्र का हिस्सा होगी। दोनों देशों के बीच पहला टेस्ट मैच 15 से 19 अगस्त के बीच गाले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा और आखिरी टेस्ट मैच 23 से 27 अगस्त तक कोलंबो के सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब में आयोजित होगा।

भारतीय टीम ने पहली बार 1985 में टेस्ट मैच खेलने के लिए श्रीलंका का दौरा किया था। तब से अभी तक दोनों टीमों के बीच वहां 24 टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं। भारत ने 9 में जीत हासिल की।

## तीन सीरीज जीत चुकी भारतीय टीम

भारतीय टीम ने अभी तक श्रीलंका में 8 टेस्ट सीरीज खेली है। इसमें टीम को 2017 के अलावा 2015 और 1993 में भी जीत मिली थी। 2015 में भी विराट कोहली ही कप्तान थे। पहले मैच में हार के बाद भारत ने अगले दोनों मैच जीतकर सीरीज को अपने नाम कर लिया था। वहीं 1985, 2001 और 2008 में भारतीय टीम हार गई। 1997 और 2010 में खेली गई सीरीज बराबरी पर खत्म हुई थी। भारत और श्रीलंका के लिए यह सीरीज बेहद अहम है। दोनों टीमें डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में ऊपर चढ़ना चाहती हैं। मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र की प्वाइंट्स टेबल में भारत 9 मुकाबलों के बाद 48.15 के प्वाइंट्स प्रतिशत के साथ 5वें स्थान पर है।

# भारतीय बैडमिंटन में नया स्कोरिंग सिस्टम होगा लागू, अब 21 की जगह 15 अंक का होगा गेम

**नई दिल्ली**

भारतीय बैडमिंटन में जुलाई 2026 से नया स्कोरिंग सिस्टम लागू हो जाएगा। इसके तहत गेम 21 की जगह 15 पॉइंट्स के होंगे। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) ने गुरुवार को इसकी घोषणा की।

नए नियमों का पहला इस्तेमाल 7 से 14 जुलाई तक एर्नाकुलम के रीजनल स्पोर्ट्स सेंटर में होने वाले ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट में किया जाएगा। इसके बाद यह फॉर्मेट सभी जोनल चैंपियनशिप, घरेलू रैंकिंग टूर्नामेंट और नेशनल चैंपियनशिप में लागू होगा। इसमें अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19, सीनियर और मास्टर्स सभी एज ग्रुप शामिल होंगे।

नए फॉर्मेट में मैच पहले की तरह बेस्ट ऑफ-3 गेम ही होंगे, लेकिन अब हर गेम 21 की जगह 15 अंक का होगा। 14-14 की बराबरी होने पर 2 अंकों की बढ़त जरूरी होगी। अगर स्कोर 20-20 तक पहुंचता है तो अगला अंक जीतने वाला खिलाड़ी गेम अपने नाम करेगा।



## ब्रेक और कोर्ट बदलने के नियम भी बदले

मिड-गेम ब्रेक 11 अंक की बजाय 8 अंक पर मिलेगा और यह 60 सेकेंड का होगा। तीसरे गेम में खिलाड़ी 8 अंक पर कोर्ट बदलेंगे। गेम के बीच मिलने वाला 120 सेकेंड का ब्रेक पहले की तरह जारी रहेगा और पिछले गेम का विजेता ही अगले गेम में पहली सर्विस करेगा। बीएआई महासचिव संजय मिश्रा ने कहा इसका उद्देश्य खिलाड़ियों, कोचों और तकनीकी अधिकारियों को समय रहते इसकी आदत डालना है।

## जय मूंदड़ा की अब नई टीम में होने जा रही एंट्री

**डबलिन,** । भारत पर टी20 सीरीज जीत के नायक रहे आयरलैंड के युवा क्रिकेटर जय मूंदड़ा को यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग के पहले खिलाड़ी ड्राफ्ट में रॉटरडम डॉकर्स ने अपनी टीम में शामिल किया। दो मैचों की टी20 सीरीज में आयरलैंड ने भारत को क्लीन स्वीप किया था। इसमें 5 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड जीता था।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जय मूंदड़ा का जन्म राजस्थान के टोंक में हुआ था। 2021 में वह पढ़ाई करने के लिए आयरलैंड गए थे। लीग की छह फ्रेंचाइजी ने ड्राफ्ट के दौरान कुल 36 खिलाड़ियों का चयन किया। इनमें आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड्स के 12-12 खिलाड़ी शामिल थे। एम्स्टर्डम फ्लेम्स और रॉटरडम डॉकर्स ने नीदरलैंड के अधिकांश खिलाड़ियों को चुना है।

# बोजकोवा और नवारो तीसरे दौर में

### विंबलडन में क्रेजिकोवा ने एंड्रीवा को किया बाहर

**नई दिल्ली**

विंबलडन 2026 के महिला एकल मुकाबलों में चेक गणराज्य की मैरी बोजकोवा और अमेरिका की एम्मा नवारो ने दूसरे दौर में जीत दर्ज कर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। वहीं, बुधवार को खेले गए एक बड़े उलटफेर में बारबोरा क्रेजिकोवा ने पांचवीं वरीयता प्राप्त मिर्रा एंड्रीवा को हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। 21वीं वरीयता प्राप्त मैरी बोजकोवा ने इटली की क्वालीफायर टायरा कैटरिना ग्रांट को 7-5, 6-3 से हराया।

पहले सेट में शुरुआती ब्रेक गंवाने के बावजूद बोजकोवा ने शानदार वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम किया। वह तीसरी बार विंबलडन के तीसरे दौर में पहुंची हैं। 2022 में वह यहां क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थीं।

## नवारो ने शानदार वापसी से जीता मुकाबला



अमेरिका की एम्मा नवारो ने पहला सेट गंवाने के बाद दमदार वापसी करते हुए ओक्साना सेलेखमेतयेवा को 3-6, 6-4, 6-1 से मात दी। नवारो तीसरे साल तीसरे दौर में पहुंची हैं। वह 2024 में क्वार्टर फाइनल और पिछले साल चौथे दौर तक पहुंची थीं। नवारो ने अपने पिछले 18 टूर-स्तरीय मुकाबलों में 14वीं जीत दर्ज की है। अब उनका मुकाबला 12वीं वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्त्युक और अन्ना ब्लिंकोवा के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा।

## श्रीकांत चोटिल होकर हुए बाहर

**नई दिल्ली।** कनाडा ओपन 2026 में गुरुवार का दिन भारत के लिए मुश्किलों से भरा रहा। मार्खम पैन एम सेंटर में भारत के नौ में से सात सिंगल्स खिलाड़ी बाहर हो गए। इनमें पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 किदांबी श्रीकांत भी शामिल थे, जिन्हें चोट के कारण बीच में ही मैच छोड़ना पड़ा। मेंस सिंगल्स के एक अहम मुकाबले में मलेशिया के ली जी जिया का सामना करते हुए श्रीकांत को पहले गेम में 11-10 से पीछे रहने के दौरान चोट के कारण मैच से हटना पड़ा। इस तरह, कड़े मुकाबले की उम्मीद वाला यह मैच अचानक खत्म हो गया। इस नतीजे के साथ ही श्रीकांत के खिलाफ ली की "हेड-टू-हेड" बढ़त 6-3 हो गई। श्रीकांत के बाहर होने के बाद सनीथ दयानंद व शंकर सुब्रमण्यन भी पहले दौर के मुकाबलों में हारकर बाहर हो गए।

## रणजी ट्रॉफी चैंपियन जम्मू-कश्मीर के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेंगे अनिमेष

**भोपाल।** मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) द्वारा राज्यजी ट्रॉफी चैंपियन जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम के विरुद्ध श्रीनगर में आयोजित होने वाले अभ्यास मैचों के लिए घोषित एमपीसीए इमर्जिंग टीम में विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के उभरते तेज गेंदबाज अनिमेष सिंह का चयन हुआ है। यह दौरा 7 से 21 जुलाई 2026 तक आयोजित होगा, जिसमें मध्यप्रदेश की टीम चार अभ्यास मैच खेलेगी। चयन के उपरांत अनिमेष सिंह ने मध्यप्रदेश शासन के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मंत्री सारंग ने अनिमेष को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और पूरी निष्ठा एवं आत्मविश्वास के साथ प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रेरित किया। मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश में खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण लगातार मजबूत हो रहा है।

# रणजी ट्रॉफी चैंपियन जम्मू-कश्मीर के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेंगे अनिमेष

**भोपाल**

मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) द्वारा राज्यजी ट्रॉफी चैंपियन जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम के विरुद्ध श्रीनगर में आयोजित होने वाले अभ्यास मैचों के लिए घोषित एमपीसीए इमर्जिंग टीम में विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के उभरते तेज गेंदबाज अनिमेष सिंह का चयन हुआ है। यह दौरा 7 से 21 जुलाई 2026 तक आयोजित होगा, जिसमें मध्यप्रदेश की टीम चार अभ्यास मैच खेलेगी। चयन के उपरांत अनिमेष सिंह ने मध्यप्रदेश शासन के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की।

इस अवसर पर मंत्री सारंग ने अनिमेष को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और पूरी निष्ठा एवं आत्मविश्वास के साथ प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रेरित किया। मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश में खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण लगातार मजबूत हो रहा है। राज्य सरकार खिलाड़ियों को बेहतर खेल अधोसंरचना, आधुनिक प्रशिक्षण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश की खेल प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं और लगातार निखरकर सामने आ रही हैं। हमें विश्वास है कि हमारे युवा खिलाड़ी आने वाले समय में देश और प्रदेश का नाम और ऊंचा करेंगे।

एमपीसीए इमर्जिंग टीम में भोपाल के चार प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को स्थान मिला है। इनमें अनिमेष सिंह, पृथ्वीराज सिंह तोमर, तनिष्क यादव और तन्मय पांडे शामिल हैं। पहले दो अभ्यास मैचों के लिए चयनित खिलाड़ियों को 3 जुलाई को होलकर स्टेडियम, इंदौर में रिपोर्ट करना होगा।



### एमपीसीए इमर्जिंग टीम में पृथ्वीराज सिंह तोमर, तनिष्क यादव और तन्मय पांडे का भी चयन

# मेसी की जर्सी में दिखे यशस्वी, शुभमन ने की रोनाल्डिन्हो से मुलाकात

**नई दिल्ली**

फीफा विश्व कप 2026 का खुमार दुनिया भर के खेल प्रेमियों के सिर चढ़कर बोल रहा है और भारतीय क्रिकेटर भी इससे अछूते नहीं हैं। टीम इंडिया के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और टेस्ट-वनडे कप्तान शुभमन गिल इन दिनों अमेरिका में फुटबॉल विश्व कप का लुत्फ उठाते नजर आए।

एक ओर जायसवाल स्टेडियम में बैठकर फ्रांस का मुकाबला देखते दिखे, तो दूसरी ओर गिल की ब्राजील के महान फुटबॉलर रोनाल्डिन्हो के साथ तस्वीर सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई। यशस्वी जायसवाल न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में फ्रांस और स्वीडन के बीच खेले गए फीफा विश्व कप मुकाबले को देखने पहुंचे। खास बात यह रही कि भारतीय बल्लेबाज अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी लियोनेल मेसी की जर्सी पहनकर स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस यादगार पल का वीडियो साझा करते हुए कैप्शन लिखा, बकेट लिस्ट। उनके इस पोस्ट को क्रिकेट और फुटबॉल दोनों खेलों के प्रशंसकों ने खूब पसंद किया। यशस्वी से पहले भारतीय कप्तान शुभमन गिल भी फीफा विश्व कप के रंग में रंगे नजर आए थे। गिल ने अमेरिका में ब्राजील के महान फुटबॉलर और 2002 फीफा विश्व कप विजेता रोनाल्डिन्हो से मुलाकात की। उन्होंने इस खास पल की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की, जिसमें दोनों मुस्कुराते हुए कैमरे के सामने पोज देते नजर आए। तस्वीर वायरल होने के बाद क्रिकेट और फुटबॉल प्रशंसकों के बीच इसकी खूब चर्चा हुई। फीफा विश्व कप 2026 के दौरान भारतीय क्रिकेटरों की मौजूदगी यह दिखाती है कि फुटबॉल के प्रति उनका लगाव लगातार बढ़ रहा है। शुभमन गिल की रोनाल्डिन्हो से मुलाकात और अब यशस्वी जायसवाल का स्टेडियम पहुंचकर मैच देखना इस बात का संकेत है कि क्रिकेट के सितारे भी दुनिया के सबसे बड़े फुटबॉल महाकुंभ का आनंद लेने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं।












जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।